सुविचार
नाकामिया आपको अपनी गलती सुधारने और वापस दोगुनी ताकत से सफल होने के लिए प्रेरित करती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 05 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 19 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com





12
शाहित कपूर और कृति सेनन चर्चाओं...


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 72,085.63 |
| निफ्टी | : | 21,853.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,970 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### लोहरदगा में ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

**LOHARDAGA :** लोहरदगा जिले के कुडू बाजार में रविवार सुबह पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी के पति ठेकेदार संतोष मांझी ऊर्फ मंगलू को गोली मार दी गई। गंभीर हालत में रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। कुडू में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा शव के साथ सड़क जाम कर दिया गया। बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार हो कर दो लोग आये थे और गोली मारकर भाग गए।पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल हत्या क्यों की गई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### आईआईटी आइएसएम के प्रोफेसर की पत्नी ने 15वें माले से लगाई छलांग, मौत

**DHANBAD :** धनबाद स्थित आईआईटी आइएसएम के स्टाफ अपार्टमेंट के आठवे माले पर रहने वाले संस्थान के मेकेनिकल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर पवन कुमार की पत्नी शिल्पा सिंह (40) ने रविवार दोपहर करीब 12:15 बजे अपने ही अपार्टमेंट के 15वें माले से कूदकर आत्महत्या कर ली। जिससे संस्थान में हड़कंप मच गया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आईआईटी आइएसएम के एसोसिएट प्रोफेसर पवन सिंह की पत्नी शिल्पा सिंह पिछले कई वर्षों से मानशिक रोग से जूझ रही थी। रांची में किसी मानसिक रोग के चिकित्सक के पास उनका इलाज भी चल रहा था। रविवार को जब वह घर पर अकेली थी, उसी दौरान वह अपने अपार्टमेंट के 15वें माले से कूदकर अपनी जान दे दी।

### पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के तीन गुर्गों को दबोचा

**CHANDIGARH :** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने चंडीगढ़ पुलिस तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चलाए गए ऑपरेशन के दौरान चंडीगढ़ गोलीकांड की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि चंडीगढ़ के सेक्टर-पांच में बीती 19 जनवरी को एक कारोबारी के घर पर फायरिंग हुई थी। प्रारंभिक जांच के दौरान इस घटना में बनूड़ निवासी अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर और कमलप्रीत सिंह देवीनगर तथा डेराबस्सी निवासी प्रेम सिंह के शामिल होने की बात सामने आई। उन्होंने बताया कि अमृतपाल व कमलप्रीत सिंह ने सेक्टर पांच चंडीगढ़ में फायरिंग की थी। तीसरे गुर्गे प्रेम सिंह ने इन दोनों को घटनास्थल से भागने के लिए गाड़ी मुहैया करवाई थी।

### मप्र के दमोह में इस्लामिक भीड़ की खुले आम धमकी

**BHOPAL :** मध्यप्रदेश में एक बार फिर इस्लामिक भीड़ का ताण्डव देखने को मिला है। इस बार निशाने पर पुलिस प्रशासन रहा और दबाव ये कि यदि पुलिस ने उसकी बात नहीं मानी तो वे उनके न हाथ रहने देंगे न सिर सलामत रखेंगे, जिनके विरुद्ध वे कार्रवाई करने के लिए थाने को चारों ओर से घेरने के लिए आए हैं। मामला इतना बढ़ा कि पहले पुलिस ने उन लोगों पर एफआईआर दर्ज की जिनके लिए ये भीड़ मांग कर रही थी, लेकिन उसके बाद भी जब इनका बवाल शांत नहीं हुआ तो आखिरकार पुलिस को डंडे बरसाने पड़े और लगभग 10 किलोमीटर पर शहर की एक-एक गली विशेषकर मुस्लिम बहुल क्षेत्र में फ्लेगमार्च निकालना पड़ा।

# हैदराबाद से रांची पहुंचे विधायक, फ्लोर टेस्ट आज

## नेताओं को कड़ी निगरानी में लियोनी रिसॉर्ट में रखा गया था, भारी संख्या में तेलंगाना पुलिस थी तैनात

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के सत्ता पक्ष के विधायक रविवार को हैदराबाद (तेलंगाना) से रांची पहुंचे। इसके लिए लियोनी रिसॉर्ट से वे बस से हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पहुंचे और रांची के लिए रवाना हुए। इसके बाद उन्होंने रांची के लिए उड़ान भरी। बताया जा रहा है कि लियोनी रिसॉर्ट में कड़ी निगरानी में उन्हें रखा गया था। रिसॉर्ट में काफी संख्या में तेलंगाना पुलिस की तैनाती की गयी थी। विधायकों को रिसॉर्ट के अलग भवन में ठहराया गया था। एक-एक विधायक की चार-चार लोग निगरानी कर रहे थे। विधायक अपने कमरे से बाहर निकलते थे, तो उनके साथ तेलंगाना पुलिस व स्थानीय विधायक साथ होते थे। कांग्रेस ने एआइसीसी के कई सचिवों को वहां लगाया था।



एयरपोर्ट से बाहर निकलते विधायक। ● फोटोन न्यूज

### 43 नेता हैदराबाद किए गए थे शिफ्ट

चंपई सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के बाद झारखंड के गठबंधन दलों के 43 नेता (विधायक समेत अन्य) चार्टर प्लेन से रांची से हैदराबाद पहुंचे थे। हैदराबाद एयरपोर्ट से दो एसी बसों से वे रिसोर्ट पहुंचे थे। इनके लिए समीरपेट के लियोनी रिसोर्ट (छीङ्गल्ल फ्री२ङ्ग१३) में ठहरने की व्यवस्था की गयी थी। तेलंगाना कांग्रेस ने हर चार विधायक पर एक केयरटेकर की नियुक्ति की थी। दीपा दासमुंशी व मंत्री पोन्नम प्रभाकर को इनकी सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए नियुक्त किया गया था।

झारखंड के सत्तापक्ष के विधायकों में झामुमो व कांग्रेस के विधायक शामिल हैं। पांच फरवरी को चंपाई सोरेन सरकार के फ्लोर टेस्ट (विश्वास मत) में ये शामिल होंगे।

### फोटो खींचने पर था प्रतिबंध

हैदराबाद में विधायकों को अलग-अलग कमरे में ठहराया गया था। विधायकों को फोटो खींचने पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस रिसॉर्ट के एक हिस्से में आम लोग भी ठहरे हैं, लेकिन उनसे इन विधायकों को पूरी तरह काट कर रखा गया था। एक विधायक ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था पीड़ादायक और सम्मानजनक नहीं है। विधायकों को सामने के लॉन व गार्डेन में टहलने के दौरान भी निगरानी की जा रही थी। आपको बता दें कि 31 जनवरी को जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। दो फरवरी को चंपाई सोरेन ने सीएम पद की शपथ ली। आलमगीर आलम व सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद 10 दिनों में चंपाई सोरेन सरकार को फ्लोर टेस्ट का समय दिया गया। इधर, तीन फरवरी को सत्तापक्ष के विधायक हैदराबाद शिफ्ट हो गए थे।

### सीता सोरेन और लोबिन भी चंपाई के साथ

हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपाई सोरेन ने राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा किया था। उस वक्त उन्होंने राज्यपाल को जो पत्र सौंपा था, उसमें सत्ता पक्ष के सिर्फ 43 विधायकों के ही हस्ताक्षर थे। कांग्रेस, आरजेडी और माले ने तो पहले ही दिन चंपाई सोरेन को समर्थन दे दिया था। झामुमो को अपने दो नाराज विधायकों (सीता सोरेन और लोबिन हेंब्रम) के टूटने का डर सता रहा था, लेकिन चंपाई इन्हें मनाने में कामयाब हो गये हैं। सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने चंपाई के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंच कर यह बता दिया कि वे सरकार के पक्ष में हैं। वहीं रविवार को लोबिन हेंब्रम ने भी झामुमो सुप्रीमो सरकार के पक्ष में वोट देने की घोषणा कर दी है।



शिबू सोरेन से मुलाकात करके लोबिन हेंब्रम।

### विधानसभा के 100 मीटर के दायरे में रहेगा निषेधाज्ञा

**RANCHI :** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र पांच और छह फरवरी को धुर्वा स्थित विधानसभा में आयोजित होगा। इस दौरान सुरक्षा के सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से निर्देश रविवार को जारी किया। सत्र के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों, विभिन्न संगठनों के जरिये घेराव-धरना प्रदर्शन और विधान सभा का घेराव करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके मद्देनजर लोक परिशांति और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही उन्हें कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में पांच और छह फरवरी को निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके तहत इस क्षेत्र में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रर्दशन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सुसंगत धाराओं के तहत थाना प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पांच फरवरी को सुबह आठ बजे पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति रहेगी। तैनात दंडाधिकारी और पुलिसकर्मियों को कड़ी निगरानी रखते हुए विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश उपायुक्त और एसएसपी ने दिया है।

# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार को दो निर्दलीय विधायक नहीं देंगे समर्थन

**PHOTON NEWS RANCHI :** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरकार बहुमत साबित करेगी। इससे पहले रविवार को दो निर्दलीय विधायकों ने इस सरकार को समर्थन देने से इंकार कर दिया है।

इनमें एक पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर (पूर्वी) विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक सरयू राय और दूसरे हजारीबाग जिले के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव हैं। सरयू राय ने कहा है कि वह सोमवार को झारखंड विधानसभा में होने वाले विश्वास मत पर तटस्थ रुख अपनाएंगे। वह मतदान नहीं करेंगे। सरयू राय ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने उनसे अब तक समर्थन नहीं मांगा है और न ही उनसे संपर्क किया है। भाजपा या किसी अन्य विपक्षी दल ने भी उनसे संपर्क नहीं किया है। इसलिए उन्होंने तटस्थ रहने का मन बनाया है।



सरयू राय की फाइल फोटो।

सरयू राय ने कहा कि चम्पाई सोरेन अभी नए-नए मुख्यमंत्री बने हैं। उनके कामकाज को देखने के बाद ही उनकी सरकार के बारे में कोई आकलन कर पाएंगे। सदन में वह रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। साथ ही कहा कि सत्ता या विपक्ष किसी को उनकी जरूरत नहीं है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर सरयू राय ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो नेता ने जान-बूझकर मक्खी को निगला।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने आसपास ऐसे लोगों को रखा, जो उनके लिए हानिकारक साबित हुए। विधायक ने कहा कि उन्हें कई बार सचेत किया गया लेकिन उनका कृत्य ह्यपांव पर कुल्हाड़ी नहीं, ह्यकुल्हाड़ी पर पांव मारने वाला रहा। सरयू राय ने झारखंड के नए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को भी सलाह दी है कि वे अलग लकीर खींचें। उन्होंने कहा कि चम्पाई सोरेन कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन ने विकास की लंबी लकीर खींची है लेकिन अब चम्पाई सोरेन को अलग और लंबी लकीर खींचनी चाहिए। बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि उनका मत राज्यहित में होगा। वह सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे।

## सीएम ने मुख्य सचिव, डीजीपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# अपराध मुक्त झारखंड, सरकार की प्राथमिकता : सीएम

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अपराध मुक्त झारखंड, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तृत जानकारी रखी।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को अवगत कराया कि पिछले दिनों नामकुम थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने जेएसएससी बिल्डिंग में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है, जिस पर पुलिस प्रशासन ने एफआईआर दर्ज किया है और अनुसंधान भी जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईटी का गठन कर जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन कर दोषियों की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।



अधिकारियों संग बैठक करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन। ● फोटोन न्यूज

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने धनबाद के झरिया में हुई घटना की भी जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झरिया में घटित घटना पर एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच की जाए। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि इस घटना पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। कई गिरफ्तारियां भी की गई हैं। अनुसंधान जारी है।

हत्या, महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों का उद्भेदन सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री ने महिला अत्याचार से संबंधित समीक्षा की। इस संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य में विधि व्यवस्था संधारण में प्रयासों की वजह से सांप्रदायिक एवं संवेदनशील घटनाओं में कमी आई है। झारखंड पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से अपराध शीर्ष यथा दहेज प्रताड़ना, चोरी, पॉक्सो एवं हत्या के मामलों में भी कमी आई है।

मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने कहा कि महिला अत्याचार के विभिन्न मामलों में वर्ष 2019 में 7650 केस दर्ज किए गए थे। वर्ष 2020 में 7464, वर्ष 2021 में 7279, वर्ष 2022 में 6963 वर्ष 2023 से अबतक 6132 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले चार वर्षों में महिला अत्याचार के मामलों में निरंतर कमी आई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दहेज हत्या के मामलों का शीघ्र उद्भेदन किया जाना सुनिश्चित करें। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके इस निमित्त अनुसंधान ससमय पूरा करें।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी के नौ आरोपी धराए

**PHOTON NEWS KODERMA :** लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे पैसों की ठगी के मामले का उद्भेदन करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 22 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, 32 सिम कार्ड, क्यूआर कोड स्कैनर एवं नकदी एक लाख 20 हजार रुपये बरामद किए गए।



पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों का एक गिरोह कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधी माटी में सक्रिय होकर धनी फाइनेंस लिमिटेड से लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेता है और पैसों की ठगी की घटनाओं का अंजाम देता है। इस मामले के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापेमारी करते हुए नौ अभियुक्तों के गिरफ्तार किया। इस संबंध में कोडरमा थाना में कांड संख्या 18/24 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में कमलेश कुमार पासवान (28 वर्ष, बउरी, जिला नवादा), अजीत पासवान (33 वर्ष, कतरीसराय, जिला नालंदा), अनिल पासवान (37 वर्ष, कतरीसराय, जिला नालंदा), पप्पू पासवान (35 वर्ष, कतरीसराय, जिला नालंदा), भरत कुमार (25 वर्ष, पीपरापुर, जिला नालंदा), मुरली (26 वर्ष, ग्राम बेंगलुरु, जिला मैसूर), बसंत (27 वर्ष, ग्राम बेंगलोर, जिला मैसूर), के ज्वाइस (25 वर्ष, बैंगलोर, मैसूर), गुरु किरण (22 वर्ष, बेंगलोर, मैसूर) शामिल हैं।

# अबू धाबी में बन रहे मंदिर की पहली तस्वीर आई सामने

**AGENCY NEW DELHI :** संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर लगभग बनकर तैयार हो गया है। मंदिर का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को करने वाले हैं। उद्घाटन से पहले मंदिर की तस्वीरें सामने आई हैं। यूएई की पहली हिंदू मंदिर की खास बात ये भी है कि इसमें राजस्थान के कारीगरों की कला को भी स्थान दिया गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 फरवरी को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में भारतीय समुदाय शिखर सम्मेलन अहलान मोदी (हैलो मोदी) को संबोधित करने वाले हैं।

## टाटा वर्कर्स यूनियन की 214 सीटों में 69 सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

# संजीव अध्यक्ष, सतीश महामंत्री, शैलेश डिप्टी प्रेसिडेंट निर्वाचित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टाटा स्टील कंपनी की मान्यता प्राप्त यूनियन टाटा वर्कर्स यूनियन के चुनाव में संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी दोबारा अध्यक्ष चुन लिये गये हैं। कंपनी परिसर के स्टेलेनियम हॉल में मतगणना के दूसरे दिन रविवार को अध्यक्ष सहित सभी 11 पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। को-ऑप्शन का प्रस्ताव गिरने के बाद ही संजीव चौधरी की ताजपोशी तय हो गयी थी। 214 कमेटी मेंबरों में से किसी ने उनके खिलाफ अध्यक्ष पद पर नामांकन नहीं किया। जिससे वे निर्विरोध निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर सतीश सिंह ने 118 वोट पाकर 23 मतों के अंतर से आरसी झा को हराया, जबकि डिप्टी प्रेसीडेंट पद पर कोक प्लांट से निवर्तमान डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह ने 108 वोट लाकर अरविंद पांडेय को 17 वोट से शिकस्त दी। उनके खिलाफ अरविंद पांडे को 91 और राकेश कुमार को 15 मत मिले। डिप्टी प्रेसिडेंट के पद पर शैलेश सिंह दूसरी बार, महामंत्री के पद पर सतीश कुमार सिंह तीसरी बार विजयी हुए हैं। टुन्नू की टीम टॉप थ्री समेत ऑफिस बियरर के दस पदों पर कब्जा जमाने में सफल रही। टीम टुन्नू से मात्र सहायक सचिव पद के प्रत्याशी सरोज सिंह को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि वे ट्यूब डिवीजन से कमेटी मेंबर पद पर चुने गये हैं। नये चेहरे के रूप में सहायक सचिव पद पर श्याम बाबू और उपाध्यक्ष के पद पर राजीव चौधरी चुनाव जीतने में सफल रहे। जबकि उपाध्यक्ष के चार पद पर सबसे ज्यादा 133 वोट लाकर संजय कुमार पहले नंबर के उपाध्यक्ष बने। दूसरे स्थान पर शाहनवाज आलम को 114, और तीसरे स्थान पर रहे संजीव तिवारी को 112 मत मिले। पुरानी कमेटी के उपाध्यक्ष शत्रुघ्न राय रिटायर होने से इस बार चुनाव नहीं लड़े। उनकी जगह पर नये चेहरे राजीव चौधरी उपाध्यक्ष के पद पर चुनाव जीते हैं। उन्हें 94 वोट मिले। वे एसएनटीआई (कैपेबिलिटी) से कमेटी मेंबर है। संजीव कुमार तिवारी एनएस ग्रेड से आते हैं। उन्होंने दूसरी बार उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। सहायक सचिव के तीन पद पर वर्तमान सहायक सचिव नितेश राज, श्याम बाबू और अजय कुमार चौधरी विजयी हुए। अजय चौधरी को सबसे ज्यादा 141, नितेश राज को 59 और श्याम बाबू को 52 मत मिले। वहीं, कोषाध्यक्ष के पद पर 127 वोट पाकर आमोद कुमार दुबे चुनाव जीते। कोषाध्यक्ष पद पर आमोद दुबे और संतोष सिंह के बीच मुकाबला था। आमोद कुमार दुबे 131 वोट पाकर पहली बार कोषाध्यक्ष चुने गये। जबकि संतोष सिंह को 63 मत मिले। पूर्व कमेटी में हरिशंकर सिंह कोषाध्यक्ष थे,लेकिन वे कमेटी मेंबर पद पर ही चुनाव हार गये।





नवनिर्वाचित सदस्य। ● फोटोन न्यूज

### टाटा वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

**अध्यक्ष :** संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी (निर्विरोध निर्वाचित)
**महासचिव एक पद :** सतीश सिंह-118 (जीते), आरसी झा-95
**डिप्टी प्रेसिडेंट एक पद :** शैलेश सिंह-108 (जीते), अरविंद पांडेय-91, राकेश कुमार-13
**कोषाध्यक्ष एक पद :** आमोद कुमार दुबे-131 (जीते), संतोष कुमार सिंह-63
**उपाध्यक्ष (चार पद) :** शाहनवाज आलम-114 (जीते), संजय कुमार सिंह-133 (जीते), संजीव तिवारी-112 (जीते), राजीव कुमार चौधरी-94 (जीते)
**सहायक सचिव (तीन पद) :** नितेश राज-59 (जीते), श्याम बाबू-51 (जीते), अजय चौधरी-141 (जीते)

## गोला पहुंची राहुल गांधी की न्याय यात्रा, बोले-

# भाजपा के नफरत के बाजार में मैंने खोली मोहब्बत की दुकान

**PHOTON NEWS RAMGARH :** पूरे देश में भाजपा और आरएसएस ने नफरतों का बाजार बना दिया है। लेकिन मैंने इस बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल दी है। यह बात रविवार को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कही। आम जनों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा के प्रथम चरण में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मैं गया था। उसका नतीजा यह निकला की देश में आम लोगों को यह पता चला कि दो विचारधारा की पार्टी यहां काम कर रही है। एक की विचारधारा नफरत और हिंसा फैलाने की है और दूसरा मोहब्बत से पूरे देश को जोड़ रहा है।

**उद्योगपति को मोदी ने थमा दी पूरी अर्थव्यवस्था :** राहुल गांधी ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे देश की अर्थव्यवस्था को एक व्यक्ति के हाथों में थमाने का काम किया है। यही वजह है कि पूरे देश में लोगों पर अन्याय हुआ और युवा वर्ग बेरोजगारी का शिकार हो गया। आज चाह कर भी देश का युवा नौकरी नहीं पा सकता है। छोटे से लेकर बड़े उद्योग और देश के सभी संसाधनों पर दो उद्योगपतियों का कब्जा हो गया है। जिनका नाम पूरा देश जानता है।



**बोकारो प्लांट पर भी ठेकेदारों का कब्जा :** राहुल गांधी ने कहा कि अभी मैं बोकारो से होकर आया हूं। वहां भी पब्लिक सेक्टर में एक उद्यम है, जिसके हालत काफी बुरे हो गए हैं। वहां भी रोजगार लोगों को मिलता था। लेकिन वहां अब सब ठेकेदार जम गए हैं।

# बदले की भावना से स्वयं का नुकसान

**जब कभी भी आप अपने क्रोध का करीब से निरीक्षण करेंगे तो पाएंगे कि इसके मूल में आपके आत्मसम्मान या अभिमान में लगी ठेस, सपनों का टूटना या कोई ऐसा ही कारण रहा होगा, जिससे आप हतप्रभ रह गए होंगे।**



**हालांकि** ये कारण ऐसे हैं, जिनसे बिना क्रोध किए भी आसानी से निबटा जा सकता है। फिर आप क्रोध क्यों करते हैं? हम सभी के पास कुछ न कुछ ऐसा है, जिसे हम एक-दूसरे को जाने बिना भी दे सकते हैं। यह कुछ आखिर है क्या, जिसे किसी अपरिचित को भी दिया जा सकता है। क्या नुकसान की आशंका में इससे कोई तनाव उत्पन्न नहीं होगा? आपको आश्चर्य होगा, लेकिन यह सच है कि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि आपके अंतरतम में पहले से मौजूद तनाव भी कहीं तिरोहित हो जाएगा। आज हर कोई गुस्से से पागल हुआ जा रहा है। बचे-बूढ़े भी इससे अछूते नहीं हैं।

## क्रोध है शैतान

दरअसल, क्रोध एक ऐसी समस्या है, जिसकी तुलना शैतान से की गई है। इसका संबंध सिर्फ बुरी भावनाओं या मनोवैज्ञानिक समस्याओं से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता से भी है। हॅरिस के अनुसार क्रोध क्षणिक पागलपन है, जबकि थॉमस फ्यूलर इसे समुद्र में उठा तूफान मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि क्रोध के दुष्परिणामों से डरकर हम इसका दमन शुरू कर दें। क्रोध का दमन अक्सर गंभीर परिणामों को जन्म देता है, जिससे क्रोध करने वाला तो प्रभावित होता ही है, कई निर्दोष भी प्रभावित हो जाते हैं। हम अचानक ही एक दिन में क्रोध करना नहीं छोड़ सकते। क्रोध पर नियंत्रण एक क्रमिक प्रक्रिया है। क्रोध पर नजर रखते हुए इसकी तीव्रता को धीरे-धीरे ही कम किया जा सकता है। अरस्तु के अनुसार क्रोध कोई भी कर सकता है। यह बहुत आसान है, लेकिन सही समय, सही कारण, सही व्यक्ति व सही दिशा में इसका प्रक्षेपण आसान नहीं है।

## निंदा से बचें

क्रोध से दूर रहने की पहली शर्त यह है कि आप निर्दोष व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की निंदा से बचें। फिर भी यदि आपको गुस्सा आता है तो इसका प्रदर्शन सतही ही रखें। मन में बदले की भावना न रखें। इसके लिए अपनी उन भावनाओं और कारणों को महत्व न दें, जो आपको क्रोध की अग्नि में जलने को मजबूर कर दें। ये भावनाएं या कारण ऐसे हैं, जिनसे क्रोध के बगैर भी आसानी से निबटा जा सकता है। फिर आप क्रोध क्यों करते हैं? क्रोध पर नियंत्रण करना आप आसानी से सीख सकते हैं और अभ्यास के द्वारा इसमें महारत भी हासिल कर सकते हैं। यदि आप जीवन में अपराध व हिंसा से मुक्त रहने की कोशिश करें तो इस संसार में काफी कुछ बदला जा सकता है। हम और यादा रचनात्मक हो सकते हैं। इसके लिए क्रोध करना जरूरी नहीं है। यदि कुछ जरूरी है तो वह है अपनी मानवीय भावनाओं को सिर्फ उजागर करना।

# जानिए रुद्राक्ष के वैदिक रहस्य...

ग्यारहमुखी रुद्राक्ष को साक्षात रुद्र माना जाता है। यह 11 रुद्रों एवं भगवान शंकर के ग्यारहवें अवतार संकटमोचन महावीर बजरंगबली का प्रतीक है। इसे धारण करने वाले व्यक्ति को सांसारिक ऐश्वर्य और संतान सुख प्राप्त होता है और उसकी सारी ऊपरी बाधाएं दूर होती हैं। तेरहमुखी रुद्राक्ष साक्षात इंद्र का स्वरूप है। यह कार्तिकेय के समान समस्त प्रकार के ऐश्वर्य देता है और कामनाओं की पूर्ति करता है। इसे धारण करने से व्यक्ति सभी प्रकार की धातुओं एवं रसायनों की सिद्धि का ज्ञाता हो जाता है। प्राचीन वैदों के अनुसार अनुसार कामदेव को भी तेरहमुखी रुद्राक्ष का देवता माना गया है। पंद्रहमुखी रुद्राक्ष को भगवान पशुपतिनाथ का स्वरूप माना गया है। यह धारक के आर्थिक एवं आध्यात्मिक स्तर को उठाकर उसे सुख, संपदा, मान- सम्मान-प्रतिष्ठा एवं शांति प्रदान करता है।

पंद्रहमुखी रुद्राक्ष विशेष रूप से नजर दोष और भूत बाधा से मुक्ति प्राप्ति के लिए धारण किया जाता है।

बीसमुखी रुद्राक्ष को जनार्दन स्वरूप कहा गया है। इसे धारण करने से भूत, पिशाच आदि का भय नहीं रहता। बीसमुखी रुद्राक्ष धारण करने से क्रूर ग्रहों का अशुभ प्रभाव भी नहीं पड़ता है। इसे पहनने वाले को सर्पादि विषधारी प्राणियों का भी भय नहीं होता है।



# सबसे आसान रास्ता

एक बार एक डाकू एक संत के पास आया और बोला, महाराज! मैं अपने जीवन से परेशान हो गया हूं। जाने कितनों को मैंने लूटकर दु:खी किया है, उनके घरों को तबाह किया है। मुझे कोई रास्ता बताइए, जिससे मैं इस बुराई से बच सकूं।

संत ने बड़े प्रेम से कहा, बुराई करना छोड़ दो, उससे बच जाओगे। डाकू ने कहा, अच्छी बात है। मैं कोशिश करूंगा। डाकू चला गया। कुछ दिनों के बाद वह फिर लौटकर आया और संत से बोला, मैंने बुराई को छोड़ने की बहुत कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। अपनी आदत से मैं लाचार हूं। मुझे कोई दूसरा उपाय बताइए।

संत ने थोड़ी देर सोचा, फिर बोले, अच्छा, ऐसा करो कि तुम्हारे मन में जो भी बात उठे, उसे कर डालो, लेकिन प्रतिदिन उसे दूसरे लोगों से कह दो। संत की बात सुनकर डाकू को बहुत खुशी हुई। उसने सोचा कि इतने बड़े संत ने जो मन में आए, सो कर डालने की आज्ञा दे दी है। अब वह बेधड़क डाका डालेगा और दूसरों से कह देगा। यह बहुत ही आसान है। वह उनके चरण छूकर लौट गया। कुछ दिनों के बाद वह फिर संत के पास आया और बोला, महाराज! आपने मुझे जो उपाय बताया था, उसे मैंने बहुत आसान समझा था, लेकिन वह निकला बड़ा कठिन। बुरा काम करना जितना मुश्किल है, उससे कहीं अधिक मुश्किल है दूसरों के सामने अपनी बुराइयों को कहना। फिर थोड़ा ठहरकर वह बोला, दोनों में से अब मैंने आसान रास्ता चुना है। डाका डालना ही छोड़ दिया है।

# शुद्ध आत्माओं का मनन करें

**चरित्र ही मनुष्य के जीवन की अनमोल थाती है। चरित्रविहिन मनुष्य पशु तुल्य होता है।**

**संसार** में जितने भी धर्म हैं सभी चरित्र का पाठ पढ़ाते तो हैं किंतु चरित्र की सूक्ष्मता का उतनी गंभीरता से विचार नहीं करते जितना जैन दर्शन में किया जाता है। जैन धर्म चरित्र प्रधान धर्म है। जिसमें चरित्र की ही पूज्यता है, मान्यता है। चरित्र बिना ज्ञान कागज के फूल के समान खुशबू रहित है। यही कारण है कि जैन धर्म के मूल मंत्र णमोकार मंत्र में भी किसी व्यक्ति विशेष को नमस्कार न कर उन सभी भव्य आत्माओं को नमस्कार किया है जिन्होंने अपने चरित्र की उत्कृष्टता, पवित्रता एवं उवलता के कारण परमात्मा तत्व की प्राप्ति की है अथवा वर्तमान में जो भी इस मार्ग को अपनाकर चरित्र शुद्धि के मार्ग में अग्रसर हैं, वे ही पूज्य हैं।

## आत्म तत्व की शक्ति

जैन दर्शन के अनुसार प्रत्येक प्राणी की अपनी स्वतंत्र सत्ता है, चाहे वह मनुष्य हो, देव नारकी अथवा पशु ही क्यों न हो। आत्मतत्व की शक्ति की अपेक्षा से सभी जीव समान है। चरित्र शुद्धि के मार्ग में अग्रसर होना प्रत्येक जीव का प्रथम कर्तव्य है। चरित्र शुद्धि के मार्ग में अग्रसर होकर ही यह जीव परमात्मा पद, सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकता है। अपनी चारित्रिक अशुद्धियों के कारण ही यह जीव इस संसार की चौरासी लाख योनियों में निरंतर भटक रहा है। चरित्र शुद्धि जैन धर्मावलंबियों की धर्म साधना का मूल उद्देश्य होता है तथा जैनियों के जितने भी पर्व होते हैं उसमें चरित्र प्रधान होते है।

## धर्म के लक्षण

सत्य, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य आदि जो है वे सब धर्म के लक्षण हैं। हमारी आत्मा के निज स्वभाव है। मूलत: अपनी स्वाभाविक अवस्था में आत्मा इन्हीं में रमण करती है। जिस प्रकार खुशबू को फूल से अलग नहीं किया जा सकता उसी प्रकार इन गुणों को भी आत्मा से अलग नहीं किया जा सकता।

## आत्मा के विकारी भाव

क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मद-मत्सर, ईर्ष्या आदि के भाव हमारी आत्मा के विकारी भाव है जिन्हें हमें जानना है तथा इनका दृढ़तापूर्वक शमन करना है, दमन करना है। अपनी आत्मा को अपने चरित्र को उवल, पवित्र तथा उत्कृष्ट बनाना है। इन्हीं भावनाओं को भाने के लिए चरित्र में लाने के लिए यह दशलक्षण महापर्व मनाया जाता है। इन दस दिनों में धर्म के स्वरूप के माध्यम से प्रत्येक श्रावक स्वयं अपनी आत्मा का अवलोकन करता है। अपनी सारी बुराइयों का चिंतन करता है तथा उन्हें दूर करने में प्रयासरत होता है, भावना भाता है, तदनुरूप संयम तथा त्याग का मार्ग अपनाता है। अपने गुरुजनों से धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा पाता है।

## बुराइयों को नजरअंदाज करें

बुराइयां क्या हैं, क्यों हैं, किस कारण से हैं, उनका स्वरूप कैसा है तथा वे कैसे-कैसे रूप बदलकर हमारे सामने उपस्थित होतीं हैं यह जानना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। तभी वह इन बुराइयों से बचकर सत्मार्ग अपना सकता है। बुराइयों को त्यागना तथा अच्छाइयों को अपनाना ही इस महापर्व की सार्थकता है।

## चरित्र की शुद्धता

चरित्र शुद्धि के इस महापर्व पर श्री वीर प्रभु से यही मंगल प्रार्थना करता हूं कि प्रत्येक मनुष्य के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, वात्सल्य, भाईचारे के भाव जागृत हो, क्षमा दया के भाव हो, हम स्वयं सदा सुखी रहें और औरों को निरंतर सुखी रखने का प्रयास करें। उनके मंगल की भावना भाएं, विश्व बंधुत्व की भावना से सदा ओत-प्रोत रहें, सुखी रहें। सब जीव जगत की भावनाओं के साथ मंगल विराम लेता हूं।



# त्याग का मार्ग कठिन

त्याग का मार्ग वस्तुत: कठिन प्रतीत होता है। किंतु इसे सरल से सरल प्रक्रिया द्वारा कैसे अपनाया जाए कैसे अपने जीवन में उतारा जाए, कैसे अपने जीवन को स्वावलंबी बनाया जाए तथा कैसे अपने जीवन को पराश्रित होने से बचाया जाए इसकी शिक्षा दशलक्षण पर्व के इन्हीं दस दिनों में सीखने मिलती है। सहजता से जीवन जीने की कला ही धर्म है। और यह पर्व हमें यही कला सिखलाता है।

**हमारा जीवन भगवान की अद्भुत सृष्टि है। परमात्मा ने हमारे जीवन को कर्मभूमि के रूप में विकसित किया है।**

# सद्विचार का लें संकल्प

**हमारे** जीवन की सफलता-असफलता कर्म पर ही निर्भर करती है। हमारे जीवन की जीवनी शक्ति हमारे विचारों से ही प्रभावित होती है। भगवान किसी को बुरा या अच्छा नहीं बनाता है न ही जन्मकाल में अच्छे-बुरे की पहचान करना संभव है। मनुष्य केवल अपने प्रारब्ध को लेकर आता है, लेकिन आगे चलकर वह जिन विचारों, वातावरण व परिवेश में पलता है, उसमें वैसा ही गुण निर्मित होने लगता है।

## माता-पिता का प्रभाव

संस्कारी माता-पिता के घरों में पलने वाले बच्चों पर माता-पिता का सीधा प्रभाव पड़ता है, लेकिन जो गलत संस्कार में पलते हैं, उनका जीवन दुष्प्रभावित होने लगता है, अत: हमें बचपन से ही अच्छे संस्कारों, विचारों व कार्यों के बीज अंकुरित करना चाहिए। सुबह का समय बड़ा महत्वपूर्ण होता है। अत: प्रात:काल आंखें मूंदकर यह प्रार्थना करो कि, हे परमात्मा! तुम मुझमें शक्ति भरो, मस्तिष्क, मुंह, ग्रीवा, लीवर, किडनी, हृदय आदि को शक्तिवान बनाओ। मेरी इंद्रियों को सबल बनाओ।



## पंच तत्व शरीर को स्वस्थ रखें

पंच तत्व (पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल व आकाश) मेरे शरीर को स्वस्थ रखें। यदि तुम जीवन के प्रति उत्तम विचार रखोगे तो तुम्हारा जीवन उत्तम बनेगा और यदि नकारात्मक भाव रखोगे तो नकारात्मक हो जाएगा। शरीर की जीवनी शक्ति नकारात्मक हो जाएगी।

## शरीर विचारों से प्रभावित

हमारा शरीर अपने विचारों से ही प्रभावित होता है। जो लोग जीवन को आंनद के रूप में, ऐश्वर्य व सफलता के रूप में, संगीत के रूप में स्वीकार करते हैं, उनका जीवन आनंदमय हो जाता है। हालांकि ऐसे लोग भी हैं जो जीवन को निराशा, असफलता व विपत्ति के रूप में स्वीकारते हैं, उनका जीवन आंसू बनकर बह जाता है। प्रश्न यह है कि हम अपने जीवन को आंनद के रूप में स्वीकारते हैं या दु:ख के सागर के रूप में, जीवन को इससे कुछ लेना-देना नहीं है कि वह जीवन में दु:ख लेकर आए या सुख लेकर। जीवन तो सीधा जीवन है, आप उसे जिस पात्र में रखेंगे, उसका स्वरूप वैसा ही हो जाएगा। जैसे गंगाजल को घड़े में रखेंगे तो वह घड़े का और लोटे में रखेंगे तो लोटे का रूप धर लेगा। इसी प्रकार आप जीवन को जिस पात्र में रखेंगे उसका स्वरूप वैसा ही हो जाएगा।

## संपूर्ण जीवन के स्वामी

जीवन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैसा पात्र हैं। हम एक संपूर्ण जीवन के स्वामी हैं। यदि हमारे जीवन में कोई विकृति है, कोई विकार है तो हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि अब मेरा विकार नष्ट हो रहा है, दुर्गन्ध नष्ट हो रही है। मेरे जीवन में सद्गुण उदित हो रहा है। मैं स्वस्थ हो रहा हूं। मेरी इन्द्रियां स्वस्थ हो रही है। मेरी ऊर्जा शक्ति बढ़ रही है। ऐसे विचारों को प्रतिदिन प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि मैं क्रियाशील रहूंगा। आलस्य का त्याग करूंगा। नशे का सेवन नहीं करूंगा। लोगों से मुस्कुराकर बात करूंगा। क्रोध पर विजय प्राप्त करूंगा। मन की सारी बुरी भावनाओं का त्याग कर दूंगा। अच्छे विचारों से प्रेरित होकर सुबह से शाम तक अपने काम को पूर्ण करूंगा। ऐसे विचारों के उदय होने से हमारे जीवन में आनंद के फूल खिलने लगेंगे।

# रास्ते के दीपक



**हमें आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञान संतों की संगति में ही मिलता है। सत्संग हमारे कोरे और मलिन हृदयों को ज्ञानवान और पवित्र बनाने का ही एक मार्ग है। इनसे हमें कतराना नहीं चाहिए। संत ही हमारे पथ के दीपक होते हैं।**

**एक** बार संत नामदेव जी के सत्संग में गृहस्थ शामनाथ अपने पुत्र तात्या को लेकर आए। शामनाथ पक्के धार्मिक और सत्संगी थे, जबकि उनका पुत्र धर्म-कर्म और साधु-संतों की संगत से भी दूर भागता था। संत नामदेव को शीश नवाते हुए शामनाथ ने कहा, महाराज, यह मेरा पुत्र तात्या है। सारा दिन कामचोरी और आवारागर्दी में व्यतीत करता है। सत्संग के नाम से भी बिदकता है। कृपया इसका मार्गदर्शन कीजिए। शायद आपके समझाने से इसे कुछ ज्ञान हो जाए। शाम हो चली थी। नामदेव दोनों को मंदिर के पीछे लंबी-चौड़ी दालान में ले गए। वहां एक कोने में एक लालटेन जल रही थी, मगर संत उन दोनों को लालटेन से दूर दूसरे अंधेरे कोने में ले गए तो तात्या बोल उठा, महाराज, यहां अंधेरे में क्यों बैठते है। वहां लालटेन के पास चलिए ना। वहां हमें लालटेन का उचित प्रकाश भी मिलेगा। हम एक-दूसरे को देख तो सकेंगे। यह सुनकर नामदेव जी मुस्कराए और बोले, पुत्र, तुम्हारे पिता भी तुम्हें दिन-रात यही समझाने में लगे रहते हैं। हमें प्रकाश तो लालटेन के पास जाने से ही मिलता है। मगर हम अंधकार में ही हाथ-पैर मारते रह जाते हैं। ठीक इसी प्रकार हमें आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञान भी संतों की संगति में ही मिलता है। सत्संग हमारे कोरे और मलिन हृदयों को ज्ञानवान और पवित्र बनाने का ही एक मार्ग है। इनसे हमें कतराना नहीं चाहिए। संत ही हमारे पथ के दीपक होते हैं। सटीक व सहज भाव से दिए गए ज्ञान ने तात्या की आत्मा को भी प्रकाशवान कर दिया।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Monday, 05 February 2024



BRIEF NEWS

### भाजपा ने साजिश के तहत हेमंत को भेजा जेल : शिबू सोरेन

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने कहा कि भाजपा ने मेरे बेटे हेमंत को साजिश के तहत जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि जब-जब आदिवासी लड़ते हैं, उसे जेल भेज दिया जाता है। अब हमे एक होकर फिर लड़ना होगा। जो हमे तंग और परेशान कर रहे हैं, उनको लड़कर हराना होगा। अपने बेटे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने सार्वजनिक तौर पर मीडिया को यह बयान दिया है।

### हिंदू जागरण मंच के रांची महानगर अध्यक्ष बने निशांत चौहान

**RANCHI :** रांची महानगर के तत्वावधान में हिंदू जागरण मंच का दो दिवसीय महानगर अभ्यास वर्ग रविवार को पिस्का मोड़ स्थित विशालाक्षी बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय के उपस्थिति में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव ने निशांत चौहान को हिंदू जागरण मंच रांची महानगर का अध्यक्ष बनाया। इस प्रथम अभ्यास वर्ग में 55 कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही और सभी ने बड़े उत्साह से भविष्य में हिंदू समाज और हिंदुत्व के लिए कार्य करने का प्रण लिया। अभ्यास वर्ग में प्रांत से मुख्य रूप से सह संयोजक विक्रम शर्मा, सह संयोजक रत्नेश कुमार, धनंजय , मनोज और अन्य उपस्थित थे। महानगर अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता अर्जुन राम, डॉ अटल पाण्डेय, संजय महतो, आशुतोष सिंह, अंकित सिंह, प्रिंस पाण्डेय सहित अन्य ने बधाई दी।

### भारी मात्रा में डोडा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** नामकुम के खरसीदाग ओपी पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ डोडा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान के बीकानेर निवासी रामगोपाल और सुरेंद्र शामिल है। इनके पास से एक टेलर में लोड 1800 किलोग्राम डोडा, 10 बोरा कुट्टी भूसा और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने रविवार को बताया कि आज सुबह गुप्त सूचना पर डीएसपी प्रथम प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बेड़ेटोली चौक के नजदीक ट्रेलर गाड़ी (आरजे 07जीसी 5769) को पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति में से एक ने अपना नाम रामगोपाल बताया और अपने आप को वाहन का मालिक सह चालक बताया। दूसरे ने अपना नाम सुरेन्द्र बताया। तलाशी लेने पर गाड़ी के अन्दर से 90 बोरा में कुल 1800 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर दोनों के पास से एक-एक मोबाईल फोन बरामद किया गया।

### राहुल गांधी की सुरक्षा में 1500 पुलिसकर्मी की तैनाती

**RANCHI :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के रांची भ्रमण के दौरान रांची पुलिस ने सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की है। उनकी सुरक्षा में 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। उनकी सुरक्षा में जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। रामगढ़ से रांची सीमा ओरमांझी में प्रवेश करने के बाद रांची खूंटी सीमा तक उनकी सुरक्षा के लिए 11 सेक्टर बनाए गए हैं। उस 11 सेक्टर में 421 ऊंची इमारतों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन ऊंची इमारतों पर हथियार बंद और लाठी-पार्टी की तैनाती की गयी है। राजधानी प्रवेश के दौरान राहुल गांधी के कारकेड में वार्निंग कार, सीआरपीएफ और जिला पुलिस का स्कॉर्ट, जैमर, वीआइपी कार, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि तैनात रहेंगे। राहुल गांधी के लिए मेदांता पारस अस्पताल में एक कमरा रिजर्व रखने तथा डॉक्टर और नर्स तैनात रखने को कहा गया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

मोरहाबादी मैदान में किया गया आदिवासी एकता महारैली का आयोजन

# आदिवासियों को बांटने वाले दलों को दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब : बंधु तिर्की

**PHOTON NEWS RANCHI :** आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में रविवार को मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया। महारैली में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे आदिवासी समुदाय के लोगों ने आदिवासी समुदाय की एकता का संकल्प लिया। साथ ही झारखंड में आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर मिलकर लड़ने की बात कही। यह महारैली आदिवासियों के ऊपर हो रहे चौतरफा हमले और केंद्र सरकार के जरिये आदिवासियों को संविधान में प्रदत्त सुरक्षा कवच कानूनों को कमजोर करने के खिलाफ आयोजित किया गया। इसके अलावा डीलिस्टिंग का मुद्दा भी उठाया गया।

महारैली को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री और झारखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों को बांटने वाले राजनीतिक दलों और संगठनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। झारखंड में आदिवासियों के मुद्दे की



कार्यक्रम को संबोधित करते बंधु तिर्की। ● फोटोन न्यूज

अनदेखी कर ना तो सत्ता चल सकती है और ना ही सरकार और ना ही राजनीति।

सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई जल-जंगल-जमीन, सीएनटी एसपीटी, विलकिंसन, पांचवीं अनुसूची और परंपरागत अधिकारों के सवाल पर लड़ी गयी थी। आज हालत यह है कि झारखंड में आदिवासियों को बांटने का काम किया जा रहा है। सरना-ईसाई के नाम पर आदिवासियों को आदिवासियों को विभाजित करने का काम किया जा रहा है। इसे खत्म करना होगा। झारखंड में हमलोगों ने कई आंदोलन सामूहिक लड़ाई से जीती है।

कार्यक्रम के दौरान कुमार चंद्र मार्डी ने कहा कि जिस सोच के साथ झारखंड अलग राज्य बना था वह सोच आज कहीं नजर नहीं आ रही। मोदी सरकार के आने के बाद से आदिवासी समुदाय के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं। जल, जंगल, जमीन, खनिज आदि की लूट जारी है। आज आदिवासी अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों और संगठनों में हैं लेकिन उन्हें झारखंड के मूल मुद्दे को लेकर आपसी एकता, समझ और समन्वय बढ़ानी चाहिए।

वासवी किड़ो ने डॉ भालचंद्र मुंगेकर की रिपोर्ट के आधार पर आदिवासी समाज की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई मामलों में आदिवासियों की स्थिति काफी खराब है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग डीलिस्टिंग का मुद्दा उठा रहे हैं लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि आदिवासी एथनिसिटी का धर्म से कोई नहीं है। इसके अलावा लक्ष्मी नारायण मुंडा, अजय तिर्की, रतन तिर्की, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव सहित कई और वक्ताओं ने भी महारैली को संबोधित किया।

रांची के सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

## युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे संवारने की क्षमता : सुदेश

**PHOTON NEWS RANCHI :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे संवारने की क्षमता है। बस जरूरत हैं इन्हें सार्वजनिक मंच प्रदान करने का। आजसू पार्टी जनता की सेवा करने और युवाओं को राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक सशक्त मंच है।

सुदेश कुमार महतो रविवार को कांके स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में रांची के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महतो ने कहा कि राजनीति में



सुदेश महतो के साथ आजसू में शामिल सदस्य। ● फोटोन न्यूज

युवाओं का आगमन राज्य की उन्नति के लिए शुभ संकेत है। आजसू पार्टी में युवा जोश और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का अनुकूल समावेश है। राज्य सरकार ने युवाओं को नियुक्ति के नाम पर ठगा है। राज्य के युवा सत्ता बदलाव के लिए आतुर हैं। युवा शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की जिम्मेदारी है हमारी है। इसके लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई हमने लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे।

संदीप राम, अजीत महली, दीपक गोप, रमेश कुमार साहू, सुनील साहू, ऋतिक महली, निखिल राम, रवि महतो, कर्मा राम, राजेश लोहरा, शिवा साहू, बबलू राम, विशाल बराईक समेत कई युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

## एक IAS का तबादला, कई IAS व IPS को मिला अतिरिक्त प्रभार

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जबकि एक आईएएस अधिकारी का तबादला किया है। साथ ही एक आईपीएस अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

उद्योग विभाग के निदेशक के पद पर पदस्थापित भोर सिंह यादव को स्थानांतरित करते हुए भू -अर्जन, भू- अभिलेख एवं परिमाप विभाग का निदेशक बनाया गया है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पद पर पदास्थापित प्रभारी सचिव अरवा राजकमल को अपने कार्यों के अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रभारी सचिव बनाया गया है। साथ ही मद्य निषेध विभाग का प्रभारी सचिव और जेयूआईडीसीईओ का प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

इसके अलावा झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (जियाडा) के प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित शशि रंजन को खान निदेशक और मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार खेलकूद विभाग के निदेशक के पद पर पदस्थापित सुशांत गौरव को उद्योग विभाग का निदेशक और झारखंड खेल प्राधिकार विभाग का कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

वहीं दूसरी ओर अपराध अनुसंधान विभाग के पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित (आईपीएस) सुदर्शन प्रसाद मंडल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कारा महानिरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है।

## बदलते मौसम में अधिक बढ़ जाता है संक्रमण का खतरा : डॉ. एम हसनैन

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में सर्दी का पारा उतार चढ़ाव चल रहा है। ऐसे में बीमार पड़ने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी परेशानियां होना सामान्य है। ऐस में हमें अपनी आदतों और डाइट में लेने वाली चीजों को भी बदलना चाहिए। ऐसी डाइट का सेवन करना अच्छा माना जाता है, जिससे बॉडी को एनर्जी मिले और इम्यूनिटी लेवल को बढ़ावा मिल सके। वेदर में चेंजिंग आने के साथ ही इम्यूनिटी का स्तर तेजी से घटने लगता है, जिसके चलते कई बीमारियां हमें आसानी से घेर सकती हैं।

उक्त बातें रांची के प्रख्यात फिजिशियन गेस्ट्रालॉजिस्ट डॉक्टर एम हसनैन ने कहीं। वह रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बदलते मौसम में संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ जाता है, जिससे बचने का एकमात्र उपाय आपकी डाइट होती है। इसलिए



डॉ. एम हसनैन।

अपने आहार में पौष्टिक फूड्स को शामिल करें और रात के समय हल्का भोजन लेना ठीक रहेगा। ?इसके साथ ही जूस, सूप, स्मूदी और सलाद को डाइट में शामिल करना आपके स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। उन्होंने कहा कि आप देखेंगे कि जैसे ही गर्मी के बाद सर्दी आती है या फिर सर्दियों के बाद गर्मी दस्तक देती है, तो आपके घर में कोई ना कोई व्यक्ति खांसी या बुखार का मरीज बना रहता है। इसलिए बदलते मौसम में खुद की सेहत और अपनों का ख्याल अच्छे से रखें।

साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों ने किया माडल का प्रदर्शन

## मानव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है शिक्षा : आलोक कुमार दूबे

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची पब्लिक स्कूल में आज साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि स्कूल के संस्थापक दर्जनों संस्था के संरक्षक एम सईद थे, विशिष्ट अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, स्कूल के निदेशक प्रोफेसर जावेद अहमद, स्कूल के सचिव मो तौहीद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

आलोक कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय, और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान



प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

में योगदान करते हैं, सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं, और समाज के उद्धार में योगदान करते हैं। शिक्षा मानव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। रविवार को आयोजित प्रदर्शनी में रांची पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने स्मार्ट सिटी, चंद्रयान, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ट्रैफिक रूल्स, मक्का, मदीना, विंड मिल, मॉडल ऑफ सेटेलाइट, हाइड्रालिक ब्रिज, वालकेनो, एनिमल सेल्स (टीएस सेक्शन) , रोबोट, फोटो सिंथेसिस व स्पेस सेविंग, रैन वाटर सेविंग्स सिस्टम मॉडल का प्रदर्शन किया। मेहमानों ने कहा कि सलम क्षेत्र में शिक्षा की जो अलख जगाई है, वह काबिले तारीफ है। प्रदर्शनी में छात्रों ने जो हुनर दिखाया है वह इनके उज्ज्वल भविष्य को दशार्ता है। विद्यालय प्रबंधक ने आभार व्यक्त किया। आए हुए सभी अतिथियों का गुलदस्ता और शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया।

67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो का समापन

## दोनों वर्गों में महाराष्ट्र की टीम बनी विजेता

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राज्य शिक्षा परियोजना की मेजबानी में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। दोनों वर्गों में महाराष्ट्र की टीम ओवरआल विजेता बनी।

बालक वर्ग में महाराष्ट्र के ओमकार सावंत और बालिका वर्ग में मैतिली पवार को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। बालक वर्ग में दिल्ली सेकंड रनरअप,




तेलंगाना रनरअप टीम बना। बालिका वर्ग में कर्णाटक की टीम सेकंड रनरअप और हरियाणा की टीम रनरअप बनी। टूनामेंट के बेस्ट फेयर प्ले टीम का पुरस्कार बालक वर्ग में कर्नाटक और बालिका वर्ग में केरल की टीम को मिला। समापन कार्यक्रम में भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची के कलाकारों ने नागपुरी लोकनृत्य एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक शामिल हुए। कार्यक्रम में आयोजन सचिव सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, एसडीईओ बादल राज, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेन्द्रनाथ दुबे, झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद, एसजीएफआई के क्षेत्र आब्जर्वर विनोद कुमार सिंह, आब्जर्वर पवन कुमार शर्मा समेत खेलकूद कोषांग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### विधानसभा सत्र के दौरान 1500 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

**RANCHI :** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सुरक्षा और ट्रैफिक के लिए पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। रांची पुलिस ने सत्र के लिए 1500 पुलिसकर्मी की तैनाती की है। सुरक्षा में रेपिड एक्शन पुलिस(रैप), जिला बल की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया है। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती पूरे हरमू बाइपास रोड में सीएम आवास से शनिमंदिर, किशोरगंज चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक,सेटलाइट चौक, शहीद मैदान मोड, शालीमार बाजार मोड़, मौसी बाड़ी, तिरिल मोड़, जेएससीए नार्थ एवं साउथ गेट, विस मुख्य गेट, वीवीआइपी, मुख्य गेट से विधानसभा जाने वाले सड़क पर, वीवीआइपी और सामान्य पार्किंग में की जायेगी।

# खबरें राउरकेला की

### बंडामुंडा में दो करोड़ की लागत से बनेगा कम्युनिटी हॉल



**ROURKELA :** ओडिशा सरकार में श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक ने रविवार को बंडामुंडा में 2 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाली कम्युनिटी हॉल का भूमि पूजन किया। इस दौरान शारदा प्रसाद नायक ने कहा कि बंडामुंडा निवासियों के लिए नवीन पटनायक सरकार का एक बहुत बड़ा अनुदान है। इस अनुदान के लिए बंडामुंडा वासियों ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एवं मान्यवर श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक का आभार जताया।

### बिस्वा ओडियान भाषा सम्मेलन के लिए निकाली गई जागरूकता रथ



**ROURKELA :** राज्य सरकार द्वारा उड़िया भाषा साहित्य, कला, संस्कृति और विरासत के प्रचार-प्रसार के लिए बिस्वा ओडियान भाषा सम्मेलन' एक अभिनव कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में आज राउरकेला महानगर निगम द्वारा इस दिन के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। राउरकेला के अतिरिक्त जिलापाल एवं महानगर निगम आयुक्त आशुतोष कुलकर्णी ने स्थानीय मधुसूदन मार्ग स्थित उत्कल गौरव मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ का शुभारंभ किया।

### विश्व ओड़िया भाषा सम्मेलन आयोजित, कई साहित्यकार व लेखक हुए सम्मानित



**ROURKELA :** विश्व ओड़िया भाषा सम्मेलन के अवसर पर राउरकेला महानगर निगम कार्यालय में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष अवनीकांत साहू की उपस्थिति में वंदे उत्कल जननी'गाया गया। इस अवसर पर राउरकेला के अतिरिक्त जिलापाल व महानगर निगम आयुक्त आशुतोष कुलकर्णी सहित उपायुक्त सुदांशु भोई, आरएमसी कर्मचारी और स्वयंसेवक उपस्थित थे। इसके साथ ही सम्मेलन कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रसिद्ध साहित्यकारों व लेखकों को सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लेखक और साहित्यकारों सरकार के इस अभिनव कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि यह भावी पीढ़ी के मन में महान ओड़िया भाषा साहित्य के प्रति आग्रह पैदा करने में सहायक है।

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सात को, तैयारी अंतिम चरण पर



**ROURKELA :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6 तारीख को सुंदरगढ़ में प्रवेश करेगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक 7 तारीख की सुबह राउरकेला में विशाल जुलूस निकाला जाएगा। छह की शाम झारखंड से बीरमित्रपुर पहुंचने पर कांग्रेस दल के नेता व कार्यकर्ता द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा। राहुल गांधी रात्रि में बीरमित्रपुर में रुकेंगे। इसके लिए कांग्रेस की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आज प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक, एआईसीसी महासचिव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीरमित्रपुर पहुंचे और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सभी तैयारियों का निरीक्षण किया। कांग्रेस ने एकजुट और धर्मनिरपेक्ष भारत के लिए लोगों से इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### यूजीआई का एल्युमनाई मीट आयोजित, काफी छात्रों ने लिया भाग




**ROURKELA :** राउरकेला, राउरकेला उत्कलमणि गोपबंधु इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एल्युमनाई एसोसिएशन का परिसर में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति आदित्य महापात्र ने की, जिसमें केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू मुख्य अतिथि थे। राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी कार्यकारी अधिकारी अतनु भौमिक सम्मानित अतिथि थे। उद्घाटन समारोह में राज्य सरकार के दो श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक और प्रीति रंजन घड़ाई अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य एवं राज्य के बाहर से आये पुरातन छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

### श्रमिकों को मुक्ता योजना के तहत मिलेगी ट्रेनिंग




**ROURKELA :** राज्य सरकार ने शहरी गरीबों श्रमिक को रोजगार उपलब्ध कराने तथा मिशन शक्ति महिला एवं एसडीए की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए 'मुक्ता' योजना लागू की है। इस योजना के तहत जहां सभी निर्माण कार्य मिशन शक्ति महिला द्वारा किया जा रहा है, वहीं उनकी कार्यशैली को और बेहतर बनाने के लिए राउरकेला महानगर निगम द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी को मुक्त का कार्यप्रणाली, मुक्ता प्रकल्प की पहचान की प्रक्रिया, श्रमिकों का पंजीकरण, काम की वास्तविक समय की निगरानी, बिलों की ट्रैकिंग, ई-मस्टर रोल और ऑनलाइन के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। आवास एवं शहरी विकास विभाग के संयुक्त सचिव एवं निदेशक सूडा ने गृह निर्माण नगर उन्नयन विभाग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

# बिहार कांग्रेस को ऑपरेशन लोटस का डर

## विधायकों को चार्टर्ड विमान से हैदराबाद ले जाने की चर्चा; 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट में होंगे शामिल

**एजेंसी**

बिहार कांग्रेस को ऑपरेशन लोटस का डर सता रहा है। टूट के डर से कांग्रेस के विधायकों को दिल्ली से हैदराबाद ले जाने की चर्चा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा लीड कर रहे हैं। सभी विधायकों को चार्टर्ड प्लेन से जाया जाएगा। सिद्धार्थ, मनोहर और एक मुस्लिम विधायक इस टीम में शामिल नहीं हैं। कांग्रेस विधायकों को बिहार विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने पर बुलाया जाएगा। 12 फरवरी से सत्र शुरू हो रहा है, उसी दिन एनडीए की सरकार अपना बहुमत साबित करेगी। दरअसल, कांग्रेस की बैठक दिल्ली में शनिवार की शाम हुई थी। इसमें बिहार कांग्रेस के सभी 19 विधायक मौजूद रहे। कहा जा रहा है कि विधायकों को दिल्ली इसलिए बुलाया गया था कि बिहार में हो रहे






संभावित खेल से उनको बचाकर रखा जाए। बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं। इनमें से 12 विधायक खांटी कांग्रेसी हैं। दलबदल में विधायकी कायम रखते हुए 13 का टूटना जरूरी होगा। सामने लोकसभा का चुनाव है। एनडीए गठबंधन लोकसभा चुनाव लड़ने का मौका देने के साथ ही मंत्री पद का लोभ भी कांग्रेस विधायकों को दे सकता है। तेजस्वी यादव ने पहले ही कह दिया है कि खेला तो बिहार में अब शुरू होगा। दूसरी तरफ एनडीए घटक दल हम पार्टी के सुप्रीमो जीतन राम मांझी एक और मंत्री पद की मांग कर चुके हैं। वे आगे कुछ भी फैसला ले सकते हैं। इसलिए एनडीए की नजर महागठबंधन की पार्टियों पर है। दलबदल कानून से बचते हुए अगर कांग्रेस के विधायक टूटते हैं तो बिहार कांग्रेस से 19 में से 13 विधायकों को एक साथ दूसरी पार्टी में जाना होगा। यह संख्या छोटी नहीं है। कांग्रेस में कोई ऐसा चहेता नहीं है जिसे मंत्री बना दिया जाए तो 12 विधायक उसके साथ चले जाएंगे। कांग्रेस तभी टूट सकती है जब सभी टूटने वाले 12 विधायकों को मंत्री पद या लोकसभा चुनाव का टिकट मिले! सड़क पर आकर विश्वास की राजनीति करने का जोखिम कौन उठाएगा। बिहार कांग्रेस में 19 में से 12 विधायक खांटी कांग्रेसी बैकग्राउंड से हैं। इनमें से 7 विधायक ही ऐसे हैं, जिनका दल बदलने का इतिहास रहा है। बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान ने भास्कर को बताया- बेंगलुरु या अन्य कहीं जाने की बात तो नहीं है। मैं तो दिल्ली के बिहार निवास में ही हूं। कहीं जाना होता तो मैं भी जाता। 2008 में ऑपरेशन लोटस शब्द पहली बार कर्नाटक में सियासी उठा-पटक के दौरान चर्चा में आया था। वैसे ऑपरेशन लोटस बीजेपी का कोई अभियान नहीं है, बल्कि विपक्ष जोड़-तोड़कर बनाने की बीजेपी की कवायद को ऑपरेशन लोटस कहा जाता है। बिहार में 12 फरवरी को एनडीए की सरकार बहुमत साबित करेगी, ऐसे में कांग्रेस को डर है कि उसके विधायकों को तोड़ने की कोशिश हो सकती है। वो विधायकों का अपमान करते हैं। कांग्रेस को इस सोच से मुक्त होना चाहिए कि विधायक एक बंधुआ मजदूर है।

# चोरों ने एक रात में चार घरों को बनाया निशाना

**एजेंसी**

मधुबनी के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के महमदपुर क्षेत्र में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक साथ करीब चार घर का ताला तोड़कर लाखों की जेवरात समेत कैश की चोरी की घटना को अंजाम दिया ।जहां रविवार की सुबह उठने के बाद पीड़ित परिवार को घटना की जानकारी मिली। वही घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। बताया जाता है कि चोरों ने संजीव कामत नामक व्यक्ति के घर में घुसकर शयनकक्ष के बाहर से कुंडी लगाकर सारे सामान की चोरी कर ली। वही वारदात को अंजाम देने के बाद सभी घर के छत से उतर कर फरार हो गए। दूसरी घटना इस घटना के के बाद सभी चोर उनके पड़ोसी के भव झा के घर में घुस गए और उनके पुत्र के कमरे का ताला तोड़कर जेवरात, कैश सहित सभी सामान लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि भव झा दरवाजे पर सोए ही सोए थे और चोरों ने अंदर घुसकर वारदात को अंजाम दिया। अनुमान है कि चोरों ने उनके घर से करीब दो से तीन लाख का सामान लेकर फरार हो गए है। तीसरी घटना जिसके बाद बेखौफ चोर इन्द्रकांत झा के घर में घुस गए। जहां सभी उनके भी घर के गोदरेज के दरवाजे को तोड़कर लाखों के जेवरात गायब कर दिया। बताया



जाता है कि गृहस्वामी पूरे परिवार के साथ दिल्ली में रहते है। चौथी घटना जिसके बाद चोरों ने मुंबई में रह रहे सुजीत कामत के घर को निशाना बनाया। वहां भी चोरों ने लाखों के जेवरात पर अपना हाथ साफ किया। जिसके बाद घर के अंदर सो रहे लोगों के कमरे के बाहर कुंडी लगाकर बंद कर दिया। परिजनों ने बताया चोरों ने 25 तोला चांदी के जेवरात और तीन भारी सोना के जेवरात गायब कर दिया। चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना बेनीपट्टी थाना पुलिस को दिया। जिसके बाद पुलिस दल बल के साथ महमदपुर गांव पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। वहीं पीड़ित परिजनों के तरफ से चोरी की घटना को लेकर लिखित आवेदन देने की प्रक्रिया की जा रही है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

# 9 साल बाद नरकटियागंज-भिखनाठोरी रेलखंड पर दौड़ेगी ट्रेन

**एजेंसी**

नरकटियागंज-भिखनाठोरी रेल खंड पर करीब 9 साल बाद ट्रेन दौड़ेगी। रेलवे बोर्ड के उपनिदेशक की ओर से नरकटियागंज जंक्शन से दो ट्रेनों के परिचालन की स्वीकृति दी गई है। एक ट्रेन नरकटियागंज से गौनाहा के बीच चलेगी। जबकि दूसरी ट्रेन नरकटियागंज से रक्सौल के बीच चलेगी। हालांकि नरकटियागंज-भिखनाठोरी रेल खंड पर नई ट्रेन मिलने पर अब लोगों को इंतजार की घड़ी जल्दी खत्म होने वाली है। हालांकि ट्रेन तो मिल गई



है लेकिन इसका परिचालन किस दिन से शुरू किया जाएगा इसका निर्धारण जल्द ही हो जाएगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के उपनिदेशक कोचिंग राजेश कुमार ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा है कि नरकटियागंज से गौनाहा स्टेशन के बीच पैसेंजर स्पेशल नई गाड़ी चलाई जाएगी। वहीं दूसरे पत्र में उन्होंने कहा है कि नरकटियागंज से रक्सौल के बीच एक मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। बता दें कि भिखनाठोरी रेलखंड में अमान परिवर्तन के कारण 24 अप्रैल 2015 को छोटी लाइन की गाड़ियों को बंद किया गया था। उसके बाद से अमान परिवर्तन का कार्य चल रहा था। इधर 31 जनवरी को महा प्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल एवं डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने नरकटियागंज में निरीक्षण के दौरान कहा था कि फरवरी माह में दोनों रेलखंडों में नई गाड़ियों का परिचालन की जाएगी।

# हिंदू परिवार बोला-इस्लाम अपनाने को किया जा रहा मजबूर

**एजेंसी**

दरभंगा में एक हिंदू परिवार ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि उनके गांव में सारे मुस्लिम परिवार हैं, अकेला हिंदू परिवार उनका है। इसलिए धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जाता है। युवक विक्की कुमार ने डीएम के पास इसकी शिकायत की है। विक्की का कहना है कि उन्हें लगातार धमकाया जाता है, ताकि उसका परिवार गांव-घर छोड़कर भाग जाए। घर के अंदर आपत्तिजनक सामान फेंके जाते हैं। उसके परिवार को कहा जाता है कि अगर गांव में रहना है तो मुस्लिम धर्म कबूल करना होगा। मारपीट भी



की जाती है। विक्की का कहना है कि सभी की नजर उनकी जमीन पर है। परिवार को वहां से भगा कर उनकी जमीन को कब्जा करना चाहते हैं। पूरा मामला जिले के भालपट्टी ओपी थाना इलाके के मुरिया गांव का है। राजधन देवी ने अपने बेटे विक्की के माध्यम से दरभंगा के जिलाधिकारी को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि मैं प्रताड़ना से तंग आकर धर्म परिवर्तन करने जा रही हूं। मैं सभी अधिकारी के पास तीन साल से जा रही हूं। हमारी मदद कीजिए। कोई अधिकारी हमारी मदद नहीं कर रहे हैं, सभी सिर्फ आदेश देते हैं। अपनी निजी जमीन पर सभी बाउंड्री नहीं करने दे रहे हैं। अब मुझे लगता है कि हमारे संविधान में हिन्दू को रहने का अधिकार नहीं है। इसलिए सभी अधिकारी हमें घुमा रहे हैं। विक्की का कहना है कि जमीन हड़पने की नीयत से अक्सर मारपीट की जाती है। 23 अक्टूबर को मेरी मां के साथ मारपीट की गई। मामले पर डीएम के हस्तापेक्ष के बाद एफआईआर दर्ज हुई। कि तुरंत गांव पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा देना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# सक्षमता परीक्षा के खिलाफ टीचर, हाईकोर्ट जाएंग

**एजेंसी**

बिहार में नियोजित शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा पास करने की अनिवार्यता पर बवाल मच गया है। नियोजित शिक्षक हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। प्रदेश के साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षक सड़क पर फिर उतर सकते हैं। शिक्षा विभाग के अपर प्रमुख सचिव केके पाठक ने नियोजित शिक्षकों के लिए शनिवार को एक नया आदेश जारी किया गया था। इसमें यह कहा गया है कि अगर नियोजित शिक्षक तीन बार ली जाने वाली सक्षमता परीक्षा में नहीं बैठते हैं, तो इन्हें अपने नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। नौकरी बची रहे इसके लिए एक बार पास होना जरूरी है। केके पाठक के इस



आदेश के बाद शिक्षक संघ ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। शिक्षक संघ के नेता राजू सिंह का कहा कहना है कि शिक्षा विभाग का यह फैसला शिक्षक नियोजन नियमावली के उलट है। राजू सिंह ने कहा कि विभाग और सरकार के इस आदेश को हम लोग हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। बता दें कि बिहार में नियोजित शिक्षकों की संख्या करीब साढ़े तीन लाख है। दो दिन पहले यानी 1 फरवरी को सक्षमता परीक्षा को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया था। इसका अध्यक्ष केके पाठक को बनाया गया है। इस कमेटी में इरएइ के अध्यक्ष आनंद किशोर, सज्जन आर.(निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद), कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव (निदेशक, प्राथमिक/माध्यमिक शिक्षा) शामिल होंगे। कमेटी का क्या काम होगा सक्षमता परीक्षा में फेल होने वाले या एग्जाम में शामिल नहीं होने वाले उन अभ्यर्थियों को लेकर कमेटी विचार करेगी। विचार करने के बाद कमेटी हफ्ते भर में अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को सौंपेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक की ओर इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। शिक्षक संघ के नेता ने कहा कि शिक्षक नियोजन नियमावली में हमारा प्रमोशन, वरीयता, वेतन संरक्षण के अलावा कई चीजों का कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है।

# स्पीडी ट्रायल से 12 बदमाशों को मिली सजा:हत्या

**एजेंसी**

स्पीडी ट्रायल के तहत जनवरी में समस्तीपुर के विभिन्न कोर्टों ने 10 मामलों में 12 बदमाशों को सजा दी है। खास कर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में बदमाशों को सजा दिलाने के लिए समस्तीपुर पुलिस अभियान कार्यक्रम चला रही है। जिसके तहत कांडों में जल्द डेट देकर गवाही कराई जा रही है। जिससे अभियुक्तों को जल्द सजा मिल रही है। जनवरी महीने में हत्या, दुष्कर्म, अपहरण व आर्म्स एक्ट के मामलों में आरोपियों को दोषी पाए जाने के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई है। एसपी विनय तिवारी ने बताया के समस्तीपुर पुलिस के साथ ही डीपीओ व एपीओ के संयुक्त प्रयास के यह संभव हो पाया है। इस



महीने जिस दस मामलों में सजा सुनाई गई हैं, उसमें 7 मामला महिला उत्पीड़न से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी यह कोशिश रहेगी कि स्पीडी ट्रायल के तहत ज्यादा से ज्यादा बदमाशों को सजा मिले।

उन्होंने कहा कि आर्म्स एक्ट के मामले में बिथान के पांडव यादव को तीन वर्ष, पोस्को एक्ट में समस्तीपुर के मनीष कुमार राय को 20 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### गांव के मुखिया पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमले का आरोप



बेगूसराय में मुखिया मो. अमानत शाह 35 पर अपने चचेरे भाई मो. मित्युर्जा (45), मो. मुस्तफा (26), मुस्तफा की पत्नी सैबूल खातून (25) के साथ मारपीट का आरोप लगा है। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज बेगूसराय सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के वार्ड ने 17 की है। मारपीट में घायल लोगों की पहचान रामपुर पंचायत के रहने वाले मो. मंसूर शाह के बेटे मोहम्मद मित्युर्जा, मोहम्मद मुस्तफ्फा और सैबूल खातून के रूप मे हुई है। सैबूल खातून का कहना है कि उनकी एक साइकिल की दुकान है। इसी बात को लेकर उनके गोतिया को चिढ़ है। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी कई बार हो चुकी है। इस मामले में घायल मो. मित्युर्जा के बेटे मो. अरवाज (19) ने बताया कि मुखिया और उनके परिजनों के द्वारा उनके पिता पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। वहीं उनके चाचा बचाने गए तो उनकी भी जमकर पिटाई की गई, जिससे हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल दो घायलों का इलाज सदर अस्पताल मे चल रहा है, जबकि एक का इलाज गांव मे ही कराया जा रहा है। इस मामले में मटिहानी थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया है कि दो गोतिया के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

### मुजफ्फरपुर में बोले- ठऊअ में शामिल करना इखढ का फैसला,मेरा नही



ये कहना है लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का। चिराग रविवार को मुजफ्फरपुर के भरतीपुर गांव में लोजपा नेता के यहां आयोजित श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान चिराग पासवान को देखने के लिए भारी संख्या में लोग जुट गए यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के एनडीए में दोबारा वापस लौटने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को एनडीए में शामिल करने का फैसला मेरा नहीं.. बल्कि BJP का था। हम एनडीए में शामिल हैं। उम्मीद है कि नीतीश कुमार एनडीए की विचारधारा पर खड़े उतरेंगे। चिराग पासवान ने कहा कि अभी मेरा पूरा फोकस अपनी पार्टी के विजन, बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट पर है। हमलोग इस दिशा में काम भी कर रहे हैं। चिराग पासवान ने NDA की नई सरकार को लेकर कहा कि नीतीश कुमार अब हमारे साथ में आ गए हैं। हम उम्मीद करते हैं कि उट नीतीश कुमार ठऊअ की जो विचारधारा पर खड़े उतरेंगे। सीएम नीतीश के 9वें शपथ समारोह में चिराग ने उनके छूए थे पैर 28 जनवरी को पटना में नीतीश के 9वें शपथ समारोह के दौरान चिराग ने उनके पैर छूए थे। इसका वीडियो भी सामने आया था। छखढ की दो टूक- चिराग नहीं, इखढ कॉम्प्रोमाइज करे चिराग का मानना है कि वो बहुत धोखा खा चुके हैं, अब और नहीं खाएंगे। इखढ बड़ी पार्टी है, इसलिए वो सीटों को एडजस्ट कर सकती है, लेकिन अगर वो छखढ (रामविलास) की सीटों से कॉम्प्रोमाइज करेगी तो हमारे पास कोई स्पेस नहीं है। इसलिए अगर नीतीश कुमार आ रहे हैं, तो इखढ कॉम्प्रोमाइज करे न कि चिराग पासवान।

### नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा देना अनिवाय



शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने नियोजित शिक्षकों को अल्टीमेटम दिया है। नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा में बैठना और इसे पास करना कंपलसरी कर दिया गया है। पास नहीं किए जाने पर नौकरी से निकाल दिए जाएंगे। नियोजित शिक्षकों को चार मौके दिए जाएंगे। जिसमें से तीन परीक्षा में बैठना जरूरी होगा। अगर वे तीन परीक्षाओं में लगातार फेल हो जाते हैं तो नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। वहीं, पास होने पर एक्सक्लूसिव टीचर कहलाएंगे। बता दें बिहार में नियोजित शिक्षकों की संख्या साढ़े तीन लाख से 4 लाख है। दो दिन पहले यानी 1 फरवरी को सक्षमता परीक्षा को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया था। इसका अध्यक्ष केके पाठक को बनाया गया है। साथ ही कमेटी के सदस्य बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक और माध्यमिक शिक्षा निदेशक को बनाया गया है। कमेटी का क्या काम होगा सक्षमता परीक्षा में फेल होने वाले या एग्जाम में शामिल नहीं होने वाले उन अभ्यर्थियों को लेकर कमेटी विचार करेगी। विचार करने के बाद कमेटी हफ्ते भर में अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को सौंपेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक की ओर इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। फरवरी से आवेदन शुरू, 26 फरवरी से ऑनलाइन एग्जाम परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 फरवरी से शुरू हो गई है। इसकी लास्ट डेट 15 फरवरी है। शिक्षक अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड 16 फरवरी से डाउनलोड कर सकते हैं। विभाग के मुताबिक, रिजल्ट मार्च के आखिरी हफ्ते तक जारी कर दिया जाएगा।

# CRPF कांस्टेबल की संदिग्ध हालत में मौत

**एजेंसी**

नालंदा में शनिवार को छुट्टी लेकर घर लौटे सीआरपीएफ जवान का शव अर्धनिर्मित मकान से रविवार को बरामद किया गया। मामला रहुई थाना क्षेत्र के रहुई बाजार का है। मृतक रहुई बाजार निवासी स्व. दिनेश प्रसाद के बेटे ब्रजेश कुमार है। ब्रजेश उप्ढक्रः में कांस्टेबल के पद पर गया में तैनात थे। ब्रजेश कुमार के परिजन ने बताया कि शनिवार को छुट्टी लेकर उप्ढक्रः जवान घर आए थे। कुछ देर घर में रुकने के बाद बाहर निकले, इसके बाद देर रात तक घर नहीं लौटे। रविवार को अर्ध निर्मित मकान में खोजबीन के दौरान वे मृत पाए गए। परिजनों का कहना है की चेहरे पर जख्म के निशान हैं। मौत कैसे हुई है उन्हें यह नहीं पता है। ठंड लगने



से मौत की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों की चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। मृतक का एक पुत्र एवं एक पुत्री है। हालांकि जहां से शव को बरामद किया गया है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि रहुई थाना अध्यक्ष को प्रातः सूचना मिली कि एक शव अर्ध निर्मित मकान में पड़ा हुआ।

# पटना में छाए बादल सीवान और सीतामढ़ी में हल्की बारिश

**एजेंसी**

बिहार में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। पिछले कुछ दिनों से ठंड में कमी देखने को मिल रही है। हालांकि, रविवार को कई जिलों में मौसम का मिजाज बदल गया है। दोपहर बाद पटना में बादल छाने लगे। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, बारिश हो सकती है। इसके साथ ही सीतामढ़ी और सीवान में बूंदाबांदी बारिश हो रही है। सोमवार को मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों में आकाशीय बिजली गिरने के साथ छिटपुट बारिश होने को लेकर यलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसाम मौसम साफ होने के बाद ठंड बढ़ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार को इस सीजन का सबसे शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ हिमालय में प्रवेश



किया हैं। इसके प्रभाव से यहां भी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार जब यह पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ेगा। इसके कमजोर पड़ते ही 7 फरवरी तक सर्द हवा बिहार में प्रवेश होने का पूर्वानुमान जताया गया है। इसके प्रभाव से एक बार फिर से न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। एक बार फिर से लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग में प्रदेश के 26 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें पटना, शेखपुरा, लखीसराय, कैमूर, रोहतास, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सीतामढ़ी,मधुबनी, मुजफ्फरपुर,



दरभंगा, नालंदा, औरंगाबाद, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बक्सर, भोजपुर, बेगूसराय, अरवल, जहानाबाद,शिवहर, गया और नवादा शामिल है। 12304 नई दिल्ली हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 1 घंटे लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 6:50 बजे है। 13413 मालदा टाउन भटिंडा फरक्का एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 15 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 4:45 बजे है। 12436 आनंद विहार भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 4 घंटे 36 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 5:55 बजे है। 07256 सिकंदराबाद पटना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 36 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 9:30 बजे है। पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने तमाम सरकारी और प्राइवेट स्कूलों और कोचिंग संस्थान के लिए एक नया आदेश जारी किया है। जिसमें कहा है कि पटना में ठंड का असर सुबह और शाम ज्यादा है। जिसका बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए पटना जिले के सभी निजी, सरकारी स्कूल और कोचिंग सेंटर्स सुबह 8:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक ही चलेगे। यह आदेश कल (5 फरवरी) से लागू होगा और 10 फरवरी तक प्रभावी रहेगा।

## सुरेश की भारत तोड़ने की धमकी पर कांग्रेस देश से मांगे माफी

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था। लेकिन उनकी पार्टी के ही बेंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डीके सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निन्दा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है। लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता। भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखण्ड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' है। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शान्ति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखण्ड श्रद्धा है। भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर दक्षिण या पूरब पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने सम्पूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, "पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम् कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे। पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वन्दे मातरम् है। भारती की कविताओं में सप्तसिन्धु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है। भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है। लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे।" भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के। लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चारधामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारम्भिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं। देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मयार्दाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डीएमके के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है लेकिन राष्ट्रीय एकता अखण्डता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है।

# देश तोड़ने की मांग करने वाले कौन?

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

**धिक्कार है ऐसे सांसद का। अपमान है भारतीय संविधान का, जिसकी शपथ लेकर वे चुने गये और पुनः संसद में वही शपथ लेकर बैठे। उन्होंने कहा है कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे 'अन्याय' को ठीक नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। लेकिन, उन्होंने यह बताने से परहेज किया कि अन्याय क्या हो रहा है ? केंद्रीय करों से एकत्रित राशि के बंटवारे का एक सर्वसम्मति से तैयार एक नियम होता है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं और उसी तय नियम के अनुसार करों से प्राप्त धनराशि का बंटवारा होता है। शायद, कांग्रेस के विद्वान सांसद को यह जानकारी नहीं होगी। यह बेहद गंभीर मामला है। भारत को फिर से तोड़ने के बारे में कोई सोचने का भी दुस्साहस भी कैसे कर सकता है। सुरेश बजट प्रस्तावों की जितनी चाहते आलोचना कर सकते थे। उसे सुना जाता। उस पर एक्शन भी लिया जाता यदि उनकी मांगें वाजिब होती।**

निस्संदेह बजट प्रस्तावों की तीखी आलोचना करने में कोई बुराई भी नहीं है। आप देश के सामान्य नागरिक हों या फिर सांसद, आपको केन्द्रीय बजट पर अपनी बेबाक राय रखने का पूरा हक है। पर इस बात को देश का कोई नागरिक कैसे स्वीकार कर सकता है कि कोई इंसान सिर्फ इसलिए ही अलग देश बनाने की मांग करने लगे, क्योंकि उसे बजट प्रस्ताव पसंद नहीं आए। यह पूर्णतः अस्वीकार्य है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने यही किया। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर सुरेश ने दक्षिण भारत के लिए 'अलग देश' बनाने की ही मांग कर डाली। धिक्कार है ऐसे सांसद का। अपमान है भारतीय संविधान का, जिसकी शपथ लेकर वे चुने गये और पुनः संसद में वही शपथ लेकर बैठे। उन्होंने कहा है कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे 'अन्याय' को ठीक नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। लेकिन, उन्होंने यह बताने से परहेज किया कि अन्याय क्या हो रहा है ? केंद्रीय करों से एकत्रित राशि के बंटवारे का एक सर्वसम्मति से तैयार एक नियम होता है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं और उसी तय नियम के अनुसार करों से प्राप्त धनराशि का बंटवारा होता है। शायद, कांग्रेस के विद्वान सांसद को यह जानकारी नहीं होगी। यह बेहद गंभीर मामला है। भारत को फिर से तोड़ने के बारे में कोई सोचने का भी दुस्साहस भी कैसे कर सकता है। सुरेश बजट प्रस्तावों की जितनी चाहते आलोचना कर सकते थे। उसे सुना जाता। उस पर एक्शन भी लिया जाता यदि उनकी मांगें वाजिब होती। पर वे तो सीमा ही लांघ गए। वे कह रहे हैं कि भारत के दक्षिणी राज्यों से एकत्रित टैक्स की धनराशि को उत्तर भारत में वितरित किया जा रहा है और दक्षिण भारत को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। कायदे से कांग्रेस आलाकमान को सुरेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी, पर यह नहीं हुआ। कांग्रेस का इतिहास 'फूट डालो और राज करो' का सदा से ही रहा है। उनके सांसद फिर वही चाल चल रहे हैं। वो उत्तर और दक्षिण को बांटना चाहते हैं। आपको याद होगा कि असम और तमाम पूर्वोत्तर प्रदेशों को देश से तोड़कर अलग करने का आह्वान जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के छात्र शरजील इमाम ने भी किया था। वह तब से जेल में बंद है। देश जान ले कि यहां शरजील इमाम जैसे कई और भी तत्व पाए जाते हैं। ये सब के सब आस्तीन के सांप हैं। देश को तोड़ने की चाहत रखने वालों के खिलाफ पूरे देश को कमर कस कर लामबंद होना होगा और इन आस्तीन के सांपों को पकड़ - पकड़ कर पूरी तरह से कुचलना होगा। अखंड भारत की अवधारणा को चरम पर पहुंचाने वाले सम्राट चंद्रगुप्त और अशोक की धरती बिहार की किस्मत में अब कैसे-कैसे गद्दार पलने लगे हैं। शरजील इमाम पटना पास के ही जहानाबाद का ही रहनेवाला है। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और राष्ट्रकवि दिनकर की धरती शरजील इमाम जैसे गद्दारों को कैसे जन्म देने लगी? शरजील इमाम जैसे देश द्रोहियों के कारण महात्मा गांधी की आत्मा भी दुखी अवश्य होगी। करमचन्द गांधी को महात्मा गांधी बिहार की धरती चंपारण आंदोलन से ही बनाया था। खैर, देश को कांग्रेस सांसद सुरेश से यह पूछने का हक है कि उन्होंने भारत को बांटने संबंधी बयान क्यों दिया? सुरेश कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई हैं। वह कर्नाटक की बेंगलुरु ग्रामीण सीट से सांसद हैं। कर्नाटक से वही कांग्रेस के इकलौते सांसद हैं। उनके जैसे गैरजिम्मेदार नेताओं के कारण ही कर्नाटक जैसे प्रगतिशील राज्य में समय-समय पर भारत विरोधी ताकतें सक्रिय होने लगती हैं। आपको याद होगा कि भारत की आईटी राजधानी बेंगलुरु में 2020 में एक छोटी सी बात को लेकर बहुत बड़ी सांप्रदायिक हिंसा की घटना हो गई थी। सबसे अहम बात यह है कि सारी दुनिया में उस हिंसा को लेकर बेहद गलत संदेश गया। बेंगलुरु जैसे आधुनिक महानगर में उपद्रवियों ने जगह-जगह गाड़ियों को आग लगाई थी और एटीएम तक में तोड़फोड़ की थी। दरअसल बेंगलुरु में एक विधायक के एक कथित रिश्तेदार ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ अपमानजनक पोस्ट किया था, जिसकी प्रतिक्रिया में ही सुनियोजित हिंसा हुई थी। बेंगलुरु की उस घटना से साफ हो गया था कि देश में धार्मिक कठमुल्लापन ने बहुत गंभीर रूप ले लिया है। अपने को कट्टर मुसलमान कहने वाले बात-बात पर सड़कों पर उतरने को तैयार रहते हैं। ये अपने मजहब के नाम पर कट्टरता फैला रहे हैं। इससे जाहिलपन बढ़ता जा रहा है। बेंगलुरु में कठमुल्लों ने ईश निंदा के नाम पर गरीब बस्तियों में मुसलमानों को उकसाया-भड़काया। नतीजा यह हुआ कि उन्मादी भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ की। घंटों यह हिंसक उन्माद चला। कर्नाटक में हिंदी का भी सियासत के नाम पर अकारण विरोध होने लगा है। वहां पर कुछ समय पहले हिंदी का विरोध करते हुए बेंगलुरु मेट्रो के दो स्टेशनों पर हिंदी में लिखे गए नामों पर कालिख पोती गई थी। यह काम कर्नाटक रक्षणा वेदिके (केआरवी) नामक संगठन ने किया था। केआरवी ने ही बेंगलुरु मेट्रो से उसके सभी स्टेशनों से हिंदी साइन बोर्ड को हटा देने की मांग की थी। संगठन ने हिंदी की घोषणाओं को भी बंद कर देने की मांग रखी थी। अपनी मांग के समर्थन में उसका तर्क था कि केरल और महाराष्ट्र की मेट्रो ट्रेनों में हिंदी भाषा का इस्तेमाल नहीं होता तो बेंगलुरु मेट्रो ऐसा क्यों कर रहा है। उसकी इस मांग का कर्नाटक के कुछ राजनीतिक दल भी समर्थन कर रहे थे। बेंगलुरु मेट्रो केंद्र और कर्नाटक सरकार की संयुक्त परियोजना है। इसके चलते उस पर केंद्र सरकार का 'त्रिभाषा सूत्र' अपने आप लागू हो जाता है। इसके तहत कन्नड, हिंदी और अंग्रेजी में सूचनाएं लिखने और प्रकाशित करना जरूरी है। कर्नाटक में हिंदी का विरोध तब सही माना जा सकता था यदि वहां कन्नड़ की अनदेखी हो रही होती। कर्नाटक में कन्नड़ भाषा के साथ भेदभाव तो हो नहीं रहा है। दरअसल राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हिंदी विरोध का प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन करके कन्नड़-भाषियों की पहचान की लड़ाई को हवा देने का खतरनाक खेल खेलते रहे हैं। अब कांग्रेस के सांसद डीके सुरेश ने भारत को तोड़ने जैसा बेहद गंभीर बयान दिया तो भी सिद्धारमैया चुप हैं।



**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# नियंत्रण की दिशा में उठाने होंगे बड़े कदम

कैंसर का नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। पीड़ित बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है, जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के परिप्रेक्ष्य 04 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य 5 पर केंद्रित किया गया है, जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं, जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरुकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिए। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए थे, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय थे। इतना ही नहीं भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है, जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है, जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या 2022 में 14,61,427 रही। वहीं 2021 में यह 14,26,447, जबकि 2020 में 13,92,179 थी। सबसे ज्यादा कैंसर के मरीज उत्तर प्रदेश में हैं। यहां 2020 में 2,01,319, 2021 में 2,06,088 और 2022 में 2,10,958 मरीज मिले। वहीं सबसे कम कैंसर मरीज केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में हैं। यहां 2020 में 27, 2021 और 2022 में 28-28 मरीज मिले हैं। कैंसर रोगों का एक समूह है जो असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार से होता है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं, जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। यह पहचानना आवश्यक है कि कुछ जीवनशैली विकल्प, जैसे धूम्रपान, खराब आहार और शारीरिक गतिविधि की कमी, कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक फफड़ों का कैंसर (लंग्स कैंसर) सबसे खतरनाक कैंसर हो सकता है। हमारे देश में भी लंग्स कैंसर के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों का अनुमान था कि 2023 के आखिर तक करीब 2.38 लाख से ज्यादा लोगों में लंग्स कैंसर मिल सकता है। विश्व कैंसर दिवस 2024 की थीम है केयर गैप को बंद करें। यह कैंसर देखभाल में वैश्विक असमानताओं को रेखांकित करती है। यह कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सभी के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर जोर देते हुए, गुणवत्तापूर्ण उपचार तक पहुंच में अंतर को पाटने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करता है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पाई हैं, जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



मोदी जो गारंटी देता है, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक करने का हौसला भी रखता है। इसलिए आज नॉर्थ ईस्ट को मोदी की गारंटी पर भरोसा है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के 52वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुआ। इस अवसर पर शहीद वेदी पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर के, झारखंड के अमर वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों को नमन किया। झामुमो कार्यकताओं एवं आंदोलनकारियों के त्याग की वजह से ही, राज्य में पिछले 4 वर्षों से हमारी जन-कल्याणकारी सरकार चल रही है, जिसने हर गरीब एवं आदिवासी/ मूलवासी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया है। हर जरूरतमंद को पेंशन, राशन एवं कपड़ा दिया जा रहा है, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से बेहतर शिक्षा दी जा रही है तथा हर उस व्यक्ति के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्होंने झारखंड राज्य के साथ अपने सपने जोड़े थे।

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# भारत रंग महोत्सव : नाटकों का महाकुंभ

रंगकर्मियों के साथ नाट्य प्रेमियों के लिए फरवरी के आरंभिक 21 दिन सुखद और आनंदमय होने जा रहे हैं। क्योंकि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एक से 21 फरवरी तक देश में भारत रंग महोत्सव का आयोजन कर रहा है। रानावि यूं तो भारत रंग महोत्सव (भारंगम) का आयोजन 1999 से कर रहा है। एनएसडी के तत्कालीन निदेशक राम गोपाल बजाज ने देश में इस महोत्सव की शुरूआत की थी। परंतु इस वर्ष का यह रंग महोत्सव बेहद खास है। वह इसलिए कि एक तो भारंगम का यह रजत जयंती वर्ष है। दूसरा, पहली बार इस आयोजन में देश-विदेश के लगभग 150 नाटकों का मंचन होने जा रहा है। एनएसडी के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी का कहना है कि इस बार यह विश्व का सबसे बड़ा नाट्योत्सव होगा, जिसमें दर्शकों को निर्देशक से मिलने, मास्टर क्लास और सेमिनार में नाटकों का गुण सीखने को तो मिलेगा ही, वे फूड बाजार का आनंद भी उठा सकेंगे। नाटकों को लेकर एक मान्यता यह भी है कि नाटक की उत्पत्ति आदिकाल में भारत में हुई। ऋग्वेद सूक्तों में यम-यमी के संवाद को भी नाट्य संवाद से जोड़ा जाता रहा है। माना जाता है कि ऋग्वेद से कथा कथन लिया गया, तो सामवेद से गायन, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस। इन सभी के मिलन से नाटक बना, तो विश्वकर्मा ने रंगमंच का निर्माण किया। फिर सैकड़ों वर्ष पूर्व भरत मुनि ने नाट्य शास्त्र की रचना करके 37 अध्यायों में नाटक के मूल तत्वों को बताया। जिसे पंचम वेद भी कहा जाता है। इसी से नाटक विकसित होकर दुनियाभर में पहुंचा। विश्व के कई देशों में भी प्राचीन काल के रंगमंच के प्रमाण मिले हैं। इनमें ग्रीस में 700 ईसा पूर्व नाट्य संस्कृति के विकास और नाट्य को उत्सव के रूप में मनाने का इतिहास भी है। नाटक और नाट्योत्सव की लोकप्रियता के कारण विश्वभर में इसका नियमित आयोजन होता रहा है। आज के दौर में चेखव थिएटर फेस्टिवल मॉस्को सहित एडिनबर्ग, डबलिन और न्यूयॉर्क थिएटर फेस्टिवल की चर्चा भी खूब होती है। भारत रंग महोत्सव भी विश्व के चुनिंदा मशहूर रंगोत्सव में शामिल हो चुका है। पहले भी इसे एशिया का सबसे बड़ा नाट्योत्सव कहा जाता था। उधर न्यूयॉर्क नाट्योत्सव को लेकर कहा जा रहा है कि वहां उत्सव के दौरान 75 विभिन्न नाटकों का ही मंचन होता है। इसलिए भारंगम 150 नाटकों के मंचन के कारण विश्व का सबसे बड़ा नाट्योत्सव है। यूं तो विश्वभर में विभिन्न नाट्योत्सव के साथ 1993 से थिएटर ओलंपिक्स भी हो रहे हैं। भारत 2018 में थिएटर ओलंपिक्स की मेजबानी कर चुका है। तब 51 दिन चलने वाले उस ओलंपिक्स में 30 देशों ने हिस्सा लिया था और देश के 17 शहरों में 450 नाटकों का प्रदर्शन हुआ था। इस बरस भारंगम का देश के 15 शहरों में आयोजन होगा। जिसमें देश के कई राज्यों के नाट्य समूहों के साथ रूस, बांग्लादेश, नेपाल और इटली जैसे कुछ देश भी हिस्सा ले रहे हैं। समारोह की थीम इस बार वसुधैव कुटुंबकम- वंदे भारंगम रखी गयी है। समारोह का आरंभ एक फरवरी से मुंबई में होगा। इसका पहला नाटक आशुतोष राणा का हमारे राम होगा। जबकि समारोह का समापन 21 फरवरी को दिल्ली के कमानी सभागार में चितरंजन त्रिपाठी के नाटक समुद्र मंथन से होगा। दिल्ली में समारोह के नाटक दो से 21 फरवरी तक लगातार चलेंगे। परंतु अन्य 14 शहरों में यह उत्सव छह दिन का रहेगा। पटना में 14 से 19 फरवरी के दौरान कालिदास रंगालय सभागार में छह नाटकों का मंचन होगा, जिसकी शुरूआत हिंदी नाटक दोजख से होगी। जबकि समापन महाकवि कालिदास की प्रथम काव्य रचना ऋतुसंहार पर आधारित नाटक संवत्सर कथा से होगा। गिरीश कर्नाड के नाटक नागमंडला और मोहन राकेश के आषाढ़ का एक दिन पर आधारित बांग्लादेश के नाटक भी इस दौरान वहां दिखाये जायेंगे।

## फिलिस्तीन का प्रश्न और ब्रिटेन

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने टिप्पणी की है कि ब्रिटेन फिलिस्तीन देश को मान्यता देने पर विचार कर रहा है। यह 7 अक्टूबर के इजराइल-हमास युद्ध के बाद फिलिस्तीन के सवाल को लेकर ब्रिटिश सरकार के कम-से-कम एक हिस्से की सोच में आये बदलाव का संकेत है। इस टिप्पणी की कंजरवेटिव पार्टी के हलकों में ही आलोचना शुरू हो गयी। बाद में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि ब्रिटिश सरकार की नीति इस मुद्दे पर नहीं बदली है। इसके बावजूद, यह बहस, जिसमें अमेरिकी मीडिया में आयी ये खबरें शामिल थीं कि विदेश विभाग फिलिस्तीन देश की संभावित मान्यता के लिए विकल्पों की समीक्षा कर रहा है, बताती है कि फिलिस्तीन का सवाल बड़ी शक्तियों की राजनीतिक चचाओं के केंद्र में वापस आ गया है। पिछले साल के 7 अक्टूबर के पहले इजराइल, उसके अरब साझेदारों और पश्चिमी सहयोगियों ने सोचा कि वे फिलिस्तीन के सवाल को अनदेखा कर सकते हैं और नया पश्चिम एशिया बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। हमास के हमले और उसके बाद गाजा पर इजराइली आक्रमण यह दिखाते हैं कि संघर्षरत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए फिलिस्तीन के सवाल का हल खोजा जाना अनिवार्य है। और, शांति के लिए वैश्विक मान्यता-प्राप्त और व्यावहारिक रास्तों में से एक है, दो-देश का समाधान - अंतरराष्ट्रीय मान्यता के साथ एक टिकने-में-सक्षम, स्वतंत्र, संप्रभु फिलिस्तीन देश का निर्माण। इस मामले के समाधान के लिए प्रयास करना ब्रिटेन की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। ब्रिटिश सरकार पहली बड़ी शक्ति थी जिसने उस्मानिया फिलिस्तीन की जमीन पर जायोनिस्ट दावे को मान्यता दी थी। सन 1917 में, पहले विश्व युद्ध के दौरान, ब्रिटिश सरकार ने बालफोर घोषणा जारी की, जिसमें फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए एक होमलैंड के सृजन का समर्थन किया गया। इस घोषणा ने जायोनिस्ट आंदोलन को बड़ा प्रोत्साहन दिया।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# चीन के शेयर बाजार में नए साल में भी जारी है गिरावट

**▶▶ तीन साल में निवेशकों को लगा 6 ट्रिलियन का झटका**

**▶▶ विदेशी निवेशकों में मची है देश से बाहर निकलने की होड़**




**नईदिल्ली, एजेंसी।** करीब दो दशक तक चीन की इकॉनमी रॉकेट की स्पीड से बढ़ी। साल 2007 से 2015 के बीच चीन ने हर साल अपनी इकॉनमी में एक ट्रिलियन डॉलर की बढ़ोतरी की थी। इस दौरान दुनियाभर के निवेशकों ने चीन पर जमकर पैसा लगाया था। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। पिछले साल भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी आई जबकि चीन के स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। नए साल में भी हालात नहीं बदले पिछला हफ्ता चीन के शेयर मार्केट के लिए बहुत खराब रहा। चीन सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी इकॉनमी का दम फूल रहा है और विदेशी निवेशकों में भागने की होड़ मची है। पिछले तीन साल में चीन के शेयर बाजार में निवेशकों के छह लाख करोड़ डॉलर स्वाहा हो चुके हैं। पिछले हफ्ते शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 6.2 फीसदी गिरावट आई जो अक्टूबर 2018 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट थी जबकि शेनजेन कंपोनेंट इंडेक्स में 8.1 फीसदी गिरावट रही। यह तीन साल में इसकी सबसे बड़ी गिरावट है। इस साल इन दोनों इंडेक्स में क्रमशः आठ और 15 परसेंट से ज्यादा गिरावट आई है। चीन के ब्लू-चिप सीएसआई इंडेक्स में 4.6 फीसदी गिरावट आई जो अक्टूबर 2022 के बाद सबसे ज्यादा है। इस इंडेक्स में इस साल सात फीसदी गिरावट आई है। इसमें शंघाई और शेनजेन में लिस्टेड 300 बड़े स्टॉक शामिल हैं। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है लेकिन पिछले कुछ समय से यह कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है।

### भारत बनाम चीन

देश में रियल एस्टेट मार्केट गहरे संकट में है, युवाओं की बेरोजगारी चरम पर है, डिफ्लेशन की स्थिति चल रही है और देश में आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। आईएमएफ के मुताबिक इस साल चीन की जीडीपी ग्रोथ 4.6 परसेंट रहने का अनुमान है जो कई दशक में सबसे कम है। साथ ही 2028 में चीन की जीडीपी ग्रोथ के घटकर 3.5 परसेंट रहने का अनुमान है। हॉन्ग कॉन्ग की एक अदालत ने चीन की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रैंड को बेचने का ऑर्डर दिया है। किसी जमाने में इस कंपनी को चीन के रियल एस्टेट सेक्टर का पोस्टर बॉय कहा जाता था और आज यह दुनिया की सबसे ज्यादा कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी है। रियल एस्टेट के डूबने का कारण चीन की बैंकिंग इंडस्ट्री पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। चीन की सरकार ने देश के 64 ट्रिलियन डॉलर की फाइनेंशियल इंडस्ट्री को विदेशी निवेशकों के लिए खोलने का फैसला किया है। लेकिन यह कदम भी निवेशकों का भरोसा बहाल करने में नाकाम रहा। चीन की इकॉनमी जहां संघर्ष कर रही है, वहीं भारत की इकॉनमी कुलांचे मार रही है। भारत का शेयर मार्केट रोज नए-नए रेकॉर्ड बना रहा है। आईएमएफ के मुताबिक 2024 और 2025 में भारत की इकॉनमी के 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है। यानी भारत दो साल तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकॉनमी बना रहेगा।

# पेटीएम पर आरबीआई के एक्शन के बीच जियो पेमेंट्स बैंक की सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम पेमेंट बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक ने पाबंदी का ऐलान किया है। आरबीआई के मुताबिक, पेटीएम ने नियमों का उल्लंघन किया है। इसलिए ये कदम उठाना पड़ा है। पेटीएम की कई सेवाएं 29 फरवरी से बंद हो जाएंगी। आरबीआई के इस एक्शन का असर पेटीएम के शेयर पर देखने को मिल रहा है। पेटीएम के शेयर में बीते गुरुवार से लगातार लोअर सर्किट लग रहे हैं। पेटीएम की हालत खराब है। निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर पेटीएम पर आरबीआई के एक्शन के बीच सोशल मीडिया पर मुकेश अंबानी के जियो पेमेंट्स बैंक की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा चल रही है।

दरअसल सोशल मीडिया पर जियो पेमेंट्स बैंक का एक पुराना एड लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें जियो पेमेंट्स बैंक के फायदों के बारे में जानकारी दी गई है। हालांकि यह विज्ञापन पुराना है। लेकिन पेटीएम पर आरबीआई की पाबंदी के बाद अब जियो पेमेंट्स बैंक की चर्चा हो रही है। जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने 3 अप्रैल, 2018 से अपना बैंकिंग काम शुरू किया था। रिजर्व बैंक ने भुगतान बैंक का व्यवसाय जारी रखने के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 (1) के तहत बैंक को लाइसेंस जारी किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज उन 11 आवेदकों में से है जिन्हें अगस्त, 2015 में पेमेंट बैंक की स्थापना की सैद्धान्तिक मंजूरी मिली थी। भारतीय स्टेट बैंक उद्यम में 30 प्रतिशतहिस्सेदारी रखते हुए जियो पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी में आया है। हालांकि, एफवाय23 में एसबीआई की शेयरधारिता गिरकर 23 फीसदी हो गई, जो जियो पेमेंट्स बैंक के बिजनेस मॉडल में इसके इंट्रस्ट नहीं लेने को दिखाता है। इधर पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने बयान जारी करके कहा है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। पेटीएम के साउंडबॉक्स, यूपीआई और क्यूआर कोड जैसी सर्विसेज अभी भी ऑन हैं। कंपनी के मुताबिक, वह आरबीआई के निर्देशों का पालन करने के लिए तत्काल कदम उठाएगा, जिसमें उनकी चिंताओं को जल्द से जल्द दूर करने के लिए नियामक के साथ काम करना भी शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी की कार्रवाई के बाद इंडिया सीमेंट्स से जुड़ी कंपनी का बयान, कहा- हमने जरूरी स्पष्टीकरण दिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीमेंट निर्माण कंपनी इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड की सहयोगी कंपनी इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड ने शनिवार को बताया है कि उसने प्रवर्तन निदेशालय को सभी जरूरी स्पष्टीकरण मुहैया करा दिए हैं। एजेंसी ने विदेशी मुद्रा लेन-देन से जुड़े मामले में कंपनी के दफ्तों की तलाशी ली थी। इंडिया सीमेंट्स के पास आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स का स्वामित्व केंद्रीय एजेंसी ने उद्योगपति और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की ओर से प्रवर्तित कंपनी के चेन्नई स्थित दो परिसरों और दिल्ली स्थित एक परिसर में तलाशी ली थी। यह कार्रवाई 31 जनवरी और 1 फरवरी को की गई थी। इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के पास आईपीएल में शामिल टी-20 क्रिकेट फ्रेंचाईजी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का भी स्वामित्व है। आईसीसीएल ने कहा है कि ईडी की ओर से यह कार्रवाई कुछ सामान्य विदेशी मुद्रा लेनदेन के कारण की गई। कंपनी ने बयान जारी कर कहा, ईडी के अधिकारियों ने हमसे कुछ सवाल किए थे और हमने उन्हें जरूरी स्पष्टीकरण दे दिया है। कंपनी ने कहा कि आईसीसीएल विदेशी मुद्रा सेवाएं प्रदान करने के लिए अधिकृत डीलर है और भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बनाए गए नियमों का पालन करते हुए अपने ग्राहकों को ये सेवाएं प्रदान कर रहा है।

### सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी का आईपीओ इसी हफ्ते

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोलर बनाने वाली कंपनी अल्पेक्स सोलर का आईपीओ इस हफ्ते ओपन होने जा रहा है। कंपनी ने प्राइस बैंड का ऐलान कर दिया है। जनवरी में पीएम मोदी ने ऐलान किया था कि आने वाले सालों में सरकार की तरफ से 1 करोड़ घरों पर सोलर लगाए जाएंगे। इस ऐलान के बाद अल्पेक्स सोलर को लेकर निवेशकों में काफी उत्साह देखने को मिल सकता है। अल्पेक्स सोलर का साइज 74.52 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 109 रुपये से 115 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने एक लॉट में 1200 शेयर रखे हैं। जिस वजह से निवेशकों को कम से कम 1,38,000 रुपये का दांव लगाना होगा। बता दें, यह आईपीओ 8 फरवरी से 12 फरवरी को ओपन होगा। शेयरों का अलॉटमेंट 13 फरवरी को हो सकता है। एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 7 फरवरी को ओपन होगा। बता दें, कंपनी आईपीओ के जरिए निवेशकों को 64.80 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। कंपनी की लिस्टिंग एनएसई एसएमई में होगी। इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ग्रे मार्केट में आज 190 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रही है। अगर यही ट्रेंड लिस्टिंग तक रहा तो यह आईपीओ पहले दिन ही निवेशकों का पैसा दोगुना कर देगा। जीएमपी देखकर लगता है कि कंपनी की लिस्टिंग 300 रुपये के पार हो सकती है। कंपनी के प्रमोटर्स अश्विनी सहगल, मोनिका सहगल और विपिन सहगल हैं। इनके पास अभी 93.53 प्रतिशत हिस्सा है।

### इलेक्ट्रिक बस बनाने वाले इन 3 कंपनियों पर रखिए नजर, 10,000 बसों के ऑर्डर पर है निगाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरिम बजट से एक बात को साफ हो गई है कि सरकार ईलेक्ट्रिक व्हीकल्स को तेजी के साथ बढ़वा देने जा रही है। अंतरिम बजट में सरकार की तरफ से 1300 करोड़ रुपये का आवंटन पीएम-ई बस सेवा के लिए किया गया है। इस योजना के जरिए 169 शहरों में 10,000 इलेक्ट्रिक बसें पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए लगाई जाएंगी। बता दें, बजट में फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के तहत 2671 करोड़ रुपये आंवटित किए गए हैं।

# विदेशी निवेशकों ने डेट मार्केट में किया 19,800 करोड़ रुपये का बंपर निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का छह साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर यील्ड बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे।

इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है।



जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी।

### सीतारमण ने की ये घोषणा

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की है कि वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे को कम कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर लाया जाएगा। यह घोषणा भी बॉन्ड बाजार की दृष्टि से सकारात्मक है। कुल मिलाकर, 2023 में एफपीआई ने शेयरों में 1.71 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 68,663 करोड़ रुपये डाले थे। इस तरह पूंजी बाजार में उनका कुल निवेश 2.4 लाख करोड़ रुपये रहा था।

### कैसी रहेगी बाजार की चाल

शेयर बाजार में पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को अच्छी तेजी देखने को मिली थी। बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था। सेंसेक्स 440.33 अंक मजबूत होकर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 156.35 अंक चढ़कर 21,853.80 अंक पर रहा था। सेंसेक्स ने 73 हजार का स्तर भी पार कर लिया था और दिन के समय 73,089.40 का हाई लेवल भी छुआ था। हालांकि इसके बाद बाजार में गिरावट देखने को मिली बाजार शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका और अंत में करीब 440 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ था। बीपीसीएल, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, ओएनजीसी, अडानी पोर्ट्स और एनटीपीसी आज निफ्टी के टॉप गेनर रहे थे। वहीं आयशर मोटर्स, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी लाइफ, एचडीएफसी बैंक और एचयूएल निफ्टी के टॉप लूजर रहे थे।

## अमेजन के पांच करोड़ शेयर बेचेंगे जेफ बेजोस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस अगले 12 महीनों में कंपनी के 50 मिलियन (5 करोड़) शेयरों को बेचने की योजना बना रहे हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 171.8 डॉलर प्रति शेयर की मौजूदा कीमत पर अमेजन के इन शेयरों की कुल वैल्यू 8.6 अरब डॉलर है।

कंपनी की एक नई वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, शेयरों की यह बिक्री योजना पिछले साल 8 नवंबर को शुरू की गई थी और यह प्रक्रिया 31 जनवरी, 2025 तक पूरी हो जाएगी। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक बिक्री दर्ज करने के बाद अमेजन के शेयर शुक्रवार को लगभग 8 प्रतिशत चढ़ गए। कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद बीती तिमाही में अमेजन की ऑनलाइन बिक्री में सबसे बड़ा इजाफा हुआ है। बीते साल अमेजन के शेयरों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दिखी थी और इसने बेंचमार्क इंडेक्स एसएंडपी 500 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया था। बेजोस ने 1994 में अमेजन की स्थापना की थी। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, बेजोस वर्तमान में 185 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। दूसरी ओर, जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी मैकेंजी स्कॉट ने भी पिछले साल अमेजन में अपने 25 प्रतिशतशेयर (6.53 करोड़ शेयर) बेटे थे। अब उनकी अमेजन में हिस्सेदारी घटकर 1.9 प्रतिशत रह गई है। शादी के 25 साल बाद 2019 में जेफ बेजोस और मैकेंजी ने तलाक का एलान किया था।

# रेलवे सेक्टर की कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया

### 1 साल में पैसा डबल, मची है शेयरों की लूट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले लगभग एक सालों के दौरान रेलवे सेक्टर की कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड उन्हीं कंपनियों में से एक है। कंपनी को लेकर अब एक और अच्छी खबर है। दिसंबर तिमाही में रेलवे सेक्टर की इस कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा है। तिमाही नतीजे आने के बाद कंपनी के शेयरों में शुक्रवार को अपर सर्किट लग गया था।

अक्टूबर से दिसंबर 2023 के दौरान कंपनी का कुल रेवन्यू 895.83 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 644.43 करोड़ रुपये रहा था। यानी कंपनी की कमाई में सालाना आधार पर 39 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। नेट प्रॉफिट की बात करें तो उसमें पिछले साल के दिसंबर तिमाही की तुलना में 58 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर क्वार्टर में ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड का प्रॉफिट 81.46 करोड़ रुपये रहा था। पिछले वित्त वर्ष के इसी क्वार्टर में कंपनी का शुद्ध लाभ 44.59 करोड़ रुपये था। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया था। जिसके बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 415 रुपये के लेवल तक पहुंच गया था। हालांकि, बाजार बंद होने के समय इस स्टॉक की कीमत 405.50 रुपये प्रति शेयर थी। पिछले एक महीने के दौरान रेलवे के इस कंपनी के शेयरों का भाव 22 प्रतिशत तक बढ़ चुका है।

# ब्रेकफास्ट से लंच के बीच कमा डाले 205 अरब डॉलर...

### एक दिन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कंपनियां



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स ने इस हफ्ते एक नया रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया। शुक्रवार को इस कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशतसे अधिक उछाल आई और एक झटके में इसका मार्केट कैप 205 अरब डॉलर बढ़ गया। यह किसी कंपनी के मार्केट कैप में एक दिन में आई सबसे बड़ी उछाल है। दिलचस्प बात है कि एक दिन में मार्केट कैप में सबसे ज्यादा गिरावट का रेकॉर्ड भी मार्क जकरबर्ग की इसी कंपनी के नाम है। यहां हम उन कंपनियों के बारे में बता रहे हैं जिनके मार्केट कैप में एक दिन में सबसे बड़ी उछाल आई है।

इस लिस्ट में पहले नंबर पर फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स है। शुक्रवार को कंपनी का मार्केट कैप 205.3 अरब डॉलर बढ़ गया। इस कंपनी में मार्क जकरबर्ग की 13 प्रतिशतहिस्सेदारी है। मेटा ने हाल में अपना रिजल्ट जारी किया। कंपनी के नतीजे बाजार की उम्मीदों से कहीं ज्यादा बेहतर रहे। यही वजह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी देखी जा रही है।

मेटा से पहले एक दिन में सबसे ज्यादा कमाई का रेकॉर्ड ऐपल के नाम था। आईफोन बनाने वाली इस कंपनी के मार्केट कैप में 10 नवंबर, 2022 को 190.9 अरब डॉलर का इजाफा हुआ था। इसके अलावा भी तीन मौकों पर इस कंपनी का मार्केट कैप 150 अरब डॉलर से अधिक बढ़ा है। ऐपल दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में माइक्रोसॉफ्ट के बाद दूसरे नंबर पर है।

अमेरिका की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन का मार्केट कैप चार फरवरी, 2022 को 190.8 अरब डॉलर बढ़ा था। जेफ बेजोस की यह कंपनी अभी 1.775 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की चौथी सबसे मूल्यवान कंपनी है। उसके आगे माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल और सऊदी अरामको ही हैं। इसकी शुरुआत एक गैराज से हुई थी और आज यह दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी है।

एआई चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया ने पिछले साल 25 मई को लंबी छलांग लगाई थी। उस दिन कंपनी का मार्केट कैप 184.1 अरब डॉलर बढ़ा था। इस अमेरिकी कंपनी की स्थापना ताइवान में जन्मे जेंसन हुआंग ने की थी। आज यह 1.634 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की छठी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। एआई के बढ़ते चलने से दुनियाभर में चिप की मांग बढ़ी है। इस कारण इस कंपनी के शेयरों में काफी तेजी आई है। दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के मार्केट कैप में 13 मार्च, 2020 में 150.4 अरब डॉलर की तेजी आई थी। पिछले साल 26 अप्रैल को भी कंपनी का मार्केट कैप 148.3 अरब डॉलर उछला था।

# एसबीआई ने दिसंबर तिमाही के परिणाम जारी किए, शुद्ध लाभ 35 प्रतिशतकम होकर 9,164 करोड़ रुपये हुआ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 35 प्रतिशत कम होकर 9,164 करोड़ रुपये हो गया है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपये रहा था। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी।

बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 1,06,734 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 86,616 करोड़ रुपये थी। दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर सकल ऋण का 2.42 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 3.14 प्रतिशत थी।




इसी तरह, तीसरी तिमाही के अंत में शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.64 प्रतिशत हो गया जो पिछले साल 0.77 प्रतिशत था। एकीकृत आधार पर एसबीआई समूह का शुद्ध लाभ दिसंबर, 2023 तिमाही में 29 प्रतिशत गिरकर 11,064 करोड़ रुपये रह गया, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 15,477 करोड़ रुपये था। हालांकि, कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 1,53,072 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,27,219 करोड़ रुपये थी। दिसंबर, 2023 तिमाही में बैंक ने एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (एसबीआईसीएपीएस) की पूरी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया। इसके साथ ही एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड में बैंक की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई। यह सौदा 229.52 करोड़ रुपये में हुआ।


# पीएलआई एक शुरुआती समर्थन; इसे बैसाखी नहीं समझा जाए: पीयूष गोयल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को पीएलआई स्कीम पर बड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उद्योगों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को शुरुआती समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा। उन्होंने पीएलआई लाभार्थी कंपनियों को प्रोत्साहन देने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया साझा करने को कहा।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पीएलआई का मकसद भारत को विनिर्माण क्षेत्र का पावरहाउस बनाना है और इस मामले में अभी लंबा सफर तय करना बाकी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिभागियों सहित 1,200 से अधिक हितधारकों ने पीएलआई पर नई दिल्ली में बैठक की। इस बैठक में 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। गोयल ने कहा, योजना के प्रोत्साहन को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक किकस्टार्ट की तरह है। गोयल ने कहा, पीएलआई योजना का मकसद केवल आपको थोड़ा सा बढ़ावा देना है ताकि आप अपने प्रयास को किकस्टार्ट कर सकें और कृपया इसे किकस्टार्ट के रूप में देखें, एक प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें। क्योंकि क्योंकि अंततः आपके लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हमें अंततः एक दूसरे से और दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी। मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि उद्योगों को धीरे-धीरे वैश्विक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और भारत के बड़े घरेलू बाजार के कंफर्ट जो से बाहर आना चाहिए।

# अवसरों के द्वार खोलने को तैयार नैनो टेक्नोलॉजी



**नैनो टेक्नोलॉजी को भविष्य की तकनीक भी कहा जाता है. 21वीं सदी में साइंस के कदम जिस ओर सबसे अधिक बढेंगे, उनमें नैनो साइंस एक है. इस क्षेत्र में करियर और काम करने की अपार संभावनाओं को देखते हुए ही देश के कई कॉलेज और संस्थान अपने यहां नैनो टेक्नोलॉजी का कोर्स चलाने लगे हैं. कहीं यह सर्टिफिकेट कोर्स के रूप में है तो कहीं डिप्लोमा या डिग्री के रूप में. इस कोर्स को कराने का मकसद छात्रों को नैनोमैटीरियल्स और नैनो टेक्नोलॉजी के प्रायोगिक और सैद्धांतिक पहलू से रू-ब-रू कराना होता है. इस क्षेत्र में रिसर्च की संभावनाओं को बढ़ावा देना है. दिल्ली विश्वविद्यालय में इन संभावनाओं को देखते हुए ही नैनो साइंस टेक्नोलॉजी में एमटेक का तीन वर्षीय कोर्स पांच साल पहले शुरू किया गया था.**

## कोर्स में क्या है

कोर्स में छात्रों को पहले पहल नैनो स्केल साइंस और तकनीक से परिचय कराया जाता है. प्राचीन भारत में भारतीय मेडिसिन में इसका रोल क्या रहा है और उसके नैनो टेक्नोलॉजी में साइंस का फंडामेंटल क्या है, इसकी जानकारी दी जाती है. इसके तहत इलेक्ट्रांस, आयंस, एटम्स, मैटीरियल सहित फोटोंस आदि के साथ इंटरएक्शन दिखाया जाता. इसमें मैटीरियल साइंस की पढ़ाई भी कराई जाती है. यहां नैनो मैटीरियल के उद्योगों में नैनो मैटीरियल्स के प्रयोग के बारे में बताया जाता है. कोर्स में थियरी पेपर और लैबोरेटरी वर्क और प्रोजेक्ट वर्क का काम भी कराया जाता है. छात्रों को प्रोजेक्ट वर्क किसी उद्योग, रिसर्च संस्थान और प्रयोगशाला में करना होता है. उसके कार्य का विशेषज्ञ मूल्यांकन करते हैं.

## नैनो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल

देश-विदेश में एटमोस्फेयर, एयरोस्पेस टेली कम्यु निकेशन, सौर ऊर्जा, कंप्यूटिंग, मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में इसका इस्तेमाल चल रहा है.

इस क्षेत्र में काम करने वालों ने नैनो की मदद से ऐसा फैब्रिक बनाया है, जिसके बने कपड़े पर किसी रसायन या जैविक हमले का असर नहीं होगा. इसको आग और पानी से नुकसान नहीं पहुंचेगा. इन रिसर्चरों ने ऐसी तकनीक भी बनाई है जिससे पर्यावरण में आने वाले बदलाव को समझा जा सके. इस क्षेत्र में बायो नैनो टेक्नोलॉजी की मदद से ऐसे कण बनाए गये हैं जो शरीर की कोशिकाओं और ऊतकों में दवा पहुंचाने का काम करेगी.

## दाखिले की प्रक्रिया

दिल्ली विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रेशन का काम 28 जून तक चलेगा. कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया दो तरह से आयोजित की जाती है. पहला आईआईटी में रसायन और भौतिकी में एमएससी में दाखिले के लिए आयोजित जैम यानी संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण छात्र यहां आवेदन कर सकते हैं. इसके अलावा, इस कोर्स में उन छात्रों को भी दाखिले का मौका दिया जाता है जो दिल्ली विश्वविद्यालय की एमएससी प्रवेश परीक्षा में अव्वल आते हैं. इनके लिए भी कुछ सीटें आरक्षित हैं. कुल 15 सीटें हैं. आवेदन के बाद साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना होता है. इसके बाद छात्रों की लिस्ट लगाई जाती है. इस कोर्स में अन्य संस्थान भी आमतौर पर दाखिला उन्हीं छात्रों को देते हैं जिनका बैकग्राउंड साइंस का हैं तथा जिन्होंने 12वीं में भौतिकी, रसायन, गणित और जीव विज्ञान पढ़ा है और ग्रेजुएशन भी साइंस से किया है. इससे जुड़े कोर्स में दाखिला कहीं एप्टीट्यूट टेस्ट पर तो कहीं मेरिट के आधार पर होता है. आईआईटी में इसकी पढ़ाई हो रही है. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलूर, इं द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय और एमिटी यूनिवर्सिटी जैसे कई नामचीन संस्थान भी इससे जुड़े कोर्स चला रहे हैं.

## करियर की संभावनाएं

इस कोर्स को करने वालों के लिए आज विभिन्न सेक्टरों में ढेरों अवसर सामने हैं. वे चाहें तो नैनो-मेडिसिन के क्षेत्र में काम कर सकते हैं. स्टेम सेल डेवलपमेंट, फार्मास्यूटिकल्स कंपनी, नैनो-टॉक्सिकोलॉजी आदि कई ऐसे क्षेत्र है जहां काम करने का मौका मिलेगा. सीएसआई यानी काउंसिल ऑफ साइं टिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ने देशभर में 38 लैबारेटरी बनायी हैं जहां इस क्षेत्र में अनुसंधान और डेवलपमेंट के क्षेत्र में काम किया जा सकता है. विशेषज्ञों के मुताबिक, छात्रों के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने के भी कई अवसर हैं. भारत सरकार ने साइंस में इसका रोल समझते हुए विज्ञान और तकनीक विभाग में एक अलग शाखा के रूप में नैनो टेक्नोलॉजी को स्वीकृति दी है. अभी इस साइंस के विशेषज्ञ बहुत कम हैं इसलिए नौकरी आसानी से मिल जाती है.

# फिजियोथैरेपी से संवारें अपना भविष्य

फिजियोथैरेपी चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जिसमें शारीरिक व्यायाम और कुछ मशीनरी के सहयोग से हड्डियों और मांसपेशियों की बीमारियों को ठीक किया जाता है. आज हाईटेक लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर लोगों को हड्डियों और मांसपेशियों की समस्याएं ज्यादा होती हैं, जिसके कारण इस क्षेत्र में इलाज की मांग भी तेजी से बढ़ रही है. फलस्वरूप रोजगार का आगाज भी तेजी से हो रहा है. फिजियोथैरेपी, चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जिसमें शारीरिक व्यायाम और कुछ मशीनरी सहयोग से हड्डियों और मांसपेशियों की बीमारियों को ठीक किया जाता है. इसके सहयोग से निष्क्रिय पड़ी मांसपेशियों को क्रियाशील बनायी जाती है. फलस्वरूप, रोजगार का आगाज भी तेजी से हो रहा है. उल्लेखनीय है कि इस प्रक्रिया में दवाइयों का सेवन लगभग न के बराबर होता है, अत- इसका साइड इफेक्ट नहीं होता है. चूंकि यह प्रक्रिया एक्सरसाइज और मशीनरी के सहयोग से पूरी की जाती है, अत- इसका लाभ भी ज्यादा होता है. इस तकनीक के विशेषज्ञ को फिजियोथैरेपिस्ट कहते हैं. फिजियोथैरेपी के सहयोग से शरीर की क्रियान्वयन क्षमता बढ़ती है. इसका प्रयोग ज्यादातर शारीरिक रूप से कमजोर लोगों, स्पोर्ट्सपर्सन, हड्डियों की समस्या से जूझ रहे लोगों और न्यूरोलॉजिकल प्रॉब्लम्स के इलाज में इसका प्रयोग किया जाता है. प्रमुख शिक्षण संस्थान- गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपुर इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकली हैंडीकैप्ड, नई दिल्ली निजाम इंस्टीट्यू ट ऑफ मेडिकल साइंस, हैदराबाद.

**पाठ्यक्रम** – इस क्षेत्र में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के स्तर की पढ़ाई होती है. इसके अलावा, इसमें पीएचडी भी होती है. बैचलर स्तर के कोर्स को बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी यानी बीपीटी कहते हैं जबकि पीजी स्तर पर मास्टर ऑफ फिजियोथैरेपी यानी एमपीटी का कोर्स किया जाता है. इसके अलावा, कुछ शिक्षण संस्थान डिप्लोमा कोर्स भी कराते हैं. सामान्यत- स्नातक स्तर का कोर्स साढ़े चार साल का होता है जिसमें अंतिम छह महीने इंटर्नशिप के होते हैं, जबकि पोस्ट ग्रेजुएशन का कोर्स दो साल का होता है. इसके अंतर्गत, न्यू रो लॉजिकल, फिजियोथैरे पी, स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपी, पेडियाट्रिक फिजियोथैरेपी आदि में विशेषज्ञता हासिल की जाती है. इसके अलावा, ऑनलाइन कोर्स भी इस क्षेत्र में उपलब्ध है. इन पाठ्यक्रमों के तहत, मूवमेंट साइंस, आर्थोपेड्रिक्स, न्यूरोलॉजिकल साइंस आदि के बारे में अध्ययन कराया जाता है.

**योग्यता** – इस पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए बारहवीं में बायोलॉजी, फिजिक्स और केमेस्ट्री में उत्तीर्ण होना जरूरी है. नौकरियां इसमें सरकारी और निजी दोनों सेक्टरों में रोजगार के अवसर हैं. अस्पतालों, मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्पोर्ट्स एकेडमी, फिटनेस सेंटर में नौकरी की तलाश की जा सकती है. साथ ही, स्वयं का फिजियोथैरेपी सेंटर भी खोला जा सकता है. शिक्षण संस्थान में बतौर प्राध्यापक भी काम कर सकते हैं. व्यक्तिगत गुर इसमें लोगों की समस्याओं को समझने का हुनर होना जरूरी है. धैर्य होने की काफी जरूरत है क्योंकि इस सेक्टर में इलाज के लिए वही आता है जो अपनी बीमारी से आजिज हो चुका होता है. इसमें धैर्य की भी काफी जरूरत होती है. एक्सरसाइज कराने का सही तरीका आना जरूरी है ताकि इलाज में आसानी रहे.

**आमदनी** – इस सेक्टर में अनुभव के आधार पर लाख रुपये तक मासिक आमदनी की जा सकती है. वैसे तो बतौर, ट्रेनी फिजियो के तौर पर बारह से पंद्रह हजार की सेलरी मिल सकती है. इसके अलावा, स्वयं के निजी सेंटर से सिटिंग के आधार पर दो सौ से पांच सौ रुपये प्रतिघंटे कमाया जा सकता है. प्राध्यापक के तौर पर पचास हजार से एक लाख रुपये तक की मासिक आमदनी संभव है.



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

## काकुरो पहेली - 3085




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3084 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'सुधीर, आज जब मैं पढ़ा रहा था तो तुम बातें कर रहे थें. अध्यापक ने कहा.'

'नहीं सर, आपको भ्रम हो गया लगता है मैं तो नींद में कभी बाते नहीं करता हूँ .'

□ □ □

'कल रात अंधेरे में एक चोर मेरे कमरे में घुस आया.' एक लड़की ने अपने प्रेमी को बताया.

'फिर क्या उसने कुछ चुराया ?' प्रेमी ने पूछा.

'हां, बहुत कुछ चुराकर ले गया, मैं समझी कि तुम आये हो.'

□ □ □

मालिक(नौकर से) : रामू इस वर्ष तुम चार बार अपने दादा के मरने की छुट्टी ले चुके हो अब किस बात की छुट्टी चाहिए?

रामू: मालिक मेरी दादी की शादी है.

□ □ □

एक महिला ने अपनी सखी को बताया, 'मेरे लिए पति की देखभाल करना मुश्किल काम नहीं, आखिर मैं अपने चार बच्चों को पाल चुकी हूँ.'

□ □ □


रात्रि का समय था. हवलदार ने एक साइकिल सवार को बिना रोशनी लगाये आते देखा तो उसने रोका और पूछा- 'यह साइकिल तुम्हारी है?'

'जी नहीं.'

'तुम्हारा नाम'

'जी वह मेरा अपना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3085



### बायें से दायें:-

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका ?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है ?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली-3084

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ग | बा | न | | त्रि | | धू | म |
| रू | | द | | स्व | दे | श | | र्या |
| द | ला | ल | | | व | | दा | दा |
| | ड़ | | प्या | सा | | सी | मा | |
| दु | ला | रा | | ज | ख्मी | | द | म |
| श्म | | ज | मी | न | | ने | | म |
| नी | तू | | ना | | म | हा | न | ता |
| | | आ | | दो | स्त | | गी | |
| दि | ल | ज | ले | | | बे | ना | म |

## सूडोकु -3085


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3084 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 3085



### बाएँ से दाएँ

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

### ऊपर से नीचे

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली -3084का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | व्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |

# इंग्लैंड ने 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बनाये एक विकेट पर 67 रन

**–इंग्लैंड दूसरे टेस्ट में जीत से 332 रन दूर , 67/1**

**– शुभमन के शतक से भारतीय टीम ने दूसरी पारी में बनाये 255 रन**

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** इंग्लैड की टीम को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के लिए 332 रनों की और जरुरत है। भारतीय टीम ने शुभमन गिल के शतक से मेहमान टीम को जीत के लिए दूसरी पारी में 399 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय रेहान अहमद 9 और जैक क्राउली 29 रनों पर खेल रहे थे। वहीं बेन डेकेट 28 रनों पर आउट हुए।

इससे पहले भारतीय टीम ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के छह विकट से इंग्लैंड को दूसरे दिन पहली पारी में केवल 253 रन पर ही रोक दिया था। वहीं तीसरे दिन भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में दूसरी पारी में 255 रन बनाकर आउट हो गयी। भारतीय टीम को इस मैच में पहली पारी के आधार पर 143 रनों की बढ़त हासिल थी। इस प्रकार उसी कुल बढ़त 398 हो गयी। भारतीय टीम ने इस मैच में अपनी पहली पारी में यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की सहायता से 396 रन बनाए थे जबकि मेहमान टीम को जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में छह विकेट पर 253 रनों पर ही रोक दिया था। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम के पास 143 रन बढ़त थी। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में स्पिनरों ने खास दबाव बनाये रखा टॉम हार्टले ने 4 जबकि रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। इस प्रकार इन दोनो ने कुल 7 विकेट लिए। वहीं दो विकेट जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर ने लिए।

दूसरी पारी में भारत की ओर से शुभमन के अलावा अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाये।

वहीं पहली पारी में इंग्लैंड की टीम तेजी से रन बना रही थी पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तेजी से 2 विकेट लेकर मेहमान टीम को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद स्पिनर कुलदीप यादव ने बेन डकेट को 21 रन पर काउट कर दिया। जैक क्राउली ने दूसरे छोर से तेजी से रन बनाना जारी रखा और 11 चौके और 2 छक्के लगाये पर बुमराह ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को 5 रन और ओली पोप को 23 रनों पर पवेलियन भेजकर इंग्लैंड की टीम को करारा झटका दिया।

दूसरे सत्र में क्राउली ने आक्रामक पारी खेलकर अपनी टीम को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने कुलदीप पर छक्का लगाकर अपना



अर्धशतक पूरा किया। क्राउली और डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को 6 ओवर में बिना किसी नुकसान के 32 रन पर पहुंचा दिया था। डकेट ने तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों को जमकर पीटा और शुरुआती दो ओवरों में ही 22 रन बटोरे। इससे पहले भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 336 रन से आगे खेलते हुए कल के स्कोर में 60 रन बनाये और वह लंच से पहले सिमट गयी। यशस्वी ने 290 गेंद में 209 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 19 चौके और सात छक्के लगाये।

# विश्व शतरंज रैंकिंग : पहली बार टॉप 20 में पहुंचे पाँच भारतीय , भारत विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व शतरंज के द्वारा जारी की गयी ताजा विश्व रैंकिंग में पहली बार पाँच भारतीय शतरंज खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 20 में पहुँच गए है । हालांकि इस बारा कोई भी भारतीय खिलाड़ी शीर्ष 10 में जगह नहीं बना सका है पर जल्द ही शीर्ष 10 में भी कई भारतीय होंगे । भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2748 ईएलओ अंको के साथ 12वे , आर प्रज्ञानन्दा 2747 अंको के साथ 13वे , 2747 अंको के साथ विदित गुजराती 14वे और डी गुकेश 2743 अंको के साथ 16वे स्थान पर है जबकि 2738 अंको के साथ अर्जुन एरिगासी 18वे स्थान पर है । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में बात करे तो पेंटाला हरीकृष्णा 2708 अंको के साथ 31वें , एसएल नारायनन 2694 अंको के साथ 42वें , निहाल सरीन 2693 अंको के साथ 43वें , 2662 अंको के साथ अरविंद चितांबरम 73वे , 2654 अंको के साथ रौनक साधवानी 83वें स्थान पर है।

2830 अंको के साथ नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें जुलाई 2011 के बाद से कुल 12 साल सात माह से अपने विश्व नंबर एक खिलाड़ी होने के रिकॉर्ड को कायम रखे हुए है ।


महिला वर्ग में कोनेरु हम्पी 2554 अंको के साथ तीसरे , 2503 अंको के साथ हरिका द्रोणावल्ली 11वे और 2481 अंको के साथ आर वैशाली 14वे स्थान पर चल रही है ।

वहीं टीम रैंकिंग की बात करे तो पुरुष वर्ग में भारत 2713 अंको के साथ दूसरे स्थान पर और मजबूत हुआ है जबकि यूएसए 2724 अंको के साथ पहले और चीन 2684 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है ।

महिला वर्ग में भी भारत 2428 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है , यहाँ चीन 2477 अंको के साथ पहले और रूस 2384 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है ।

# सबसे तेजी से 150 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने बुमराह

**मुम्बई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। बुमराह ने इस मैच में पांच विकेट लेने के साथ ही अपने 150 टेस्ट विकेट पूरे किये। इसी के साथ ही वह सबसे तेजी से ये आंकड़ा हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। उन्होंने इस दौरान पूर्व कप्तान कपिल देव के अलावा दिग्गज स्पिनर और आर अश्विन और मोहम्मद शमी को भी पीछे छोड़ दिया। बुमराह ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को आउट करते ही यह उपलब्धि अपने नाम की। बुमराह की घातक गेंदबाजी के आगे मेहमान टीम के बल्लेबाज बेबस दिखे। बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। उन्होंने इस मैच में बल्लेबाज ओली पोप को आउट किया, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो , बेन स्टोक्स और टॉम हार्टले को आउट किया। बुमराह ने जेम्स एंडरसन के रुप में छठा विकेट लिया।



बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंद फेंककर 150 विकेट हासिल करने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने 150 विकेट हासिल करने के लिए 6781 गेंद फेंकी है जबकि उमेश यादव ने इस कारनामे को करने के लिए 7661 गेंदों का सहारा लिया. जबकि मोहम्मद शमी ने 150 के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 7755 गेंदें फेंकी है। वहीं दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने डेढ़ सौ टेस्ट विकेट के लिए 8378 गेंदें डाली थी जबकि आर अश्विन ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए 8380 गेंदें फेंकीं। बुमराह ने जेम्स एंडरसन को आउट कर अपना छठा विकेट लिया। उन्होंने इंग्लैंड की पहली पारी में 15.5 ओवर में 45 रन देकर 6 विकेट लिए जिससे इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 253 रनों पर ही सिमट गयी।

# कोहली की वापसी पर बीसीसीआई अस्पष्ट, जडेजा-शमी के सीरीज से बाहर होने की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को यह स्पष्ट नहीं है कि विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए लौटेंगे या नहीं। भारत के वरिष्ठ बल्लेबाज ने व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से छुट्टी का अनुरोध किया था। हालांकि, बीसीसीआई स्पष्ट नहीं है कि बल्लेबाज भारतीय टीम में कब वापसी करेगा।




बीसीसीआई ने प्रशंसकों और मीडिया से इस मामले पर अटकलें न लगाने का अनुरोध किया था। हालांकि, कोहली के करीबी दोस्त एबी डिविलियर्स ने एक यूट्यूब लाइव सत्र में खुलासा किया कि कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'बीसीसीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि परिवार सबसे पहले आता है और विराट तभी खेलेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह खेलने की स्थिति में हैं।'

डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही काम किया है। उन्होंने कहा, 'हां, उनका दूसरा बच्चा आने वाला है। यह परिवार का समय है और चीजें उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। यदि आप खुद के प्रति सच्चे नहीं हैं, तो आप यह भूल जाते हैं कि आप यहां किसके लिए हैं। मुझे लगता है कि ज्यादातर लोगों की प्राथमिकता परिवार है। इसके लिए हम विराट को जज नहीं कर सकते। हां, हमें उनकी कमी खलती है। लेकिन उन्होंने बिल्कुल सही फैसला किया है।'

## शमी, जड़ेजा पर संकट के बादल!

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टेस्ट टीम में वापसी की संभावना नहीं है। मोहम्मद शमी वर्तमान में नवंबर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान लगी टखने की चोट से उबर रहे हैं जबकि रवींद्र जडेजा को हैदराबाद के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग का चोट लगी थी।

सूत्र ने कहा, 'फिलहाल इस बात की बहुत कम या कोई संभावना नहीं है कि मोहम्मद शमी (जो टखने के इलाज के लिए यूके में हैं) और रवींद्र जडेजा शेष श्रृंखला के लिए फिट होंगे। राहुल बेहतर हो रहे हैं और एक अंतर है दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच एक सप्ताह का समय भी उन्हें मैच के लिए तैयार होने में मदद करेगा।'

# विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप : शेरोन ने 10 किमी ओपन वॉटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

दोहा (एजेंसी)। शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वॉटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।



# मुकेश कुमार के बचाव में उतरे बुमराह



विशाखापत्तनम । भारतयी टीम के युवा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में प्रभावित नहीं कर पाये। इससे पहले मुकेश वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका में भी उम्मीद के अनुसार गेंदबाजी नहीं कर पाये थे। दूसरे टेस्ट में बुमराह ने लगातार विकेट लिए पर दूसरे छोर से मुकेश विफल रहे। इस कारण सोशल मीडिया पर जब मुकेश को प्रशंसक ट्रोल करने लगे। वहीं बुमराह से जब मुकेश के खराब प्रदर्शन के बारे में पूछा गया, तो बुमराह ने इस युवा तेज गेंदबाज का बचाव करते हुए दावा किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में नया आया है और प्रबंधन को उसकी प्रतिभा पर पूरा भरोसा है। साथ ही कहा कि जहां तक गलतियों की बात है वह मैं भी करता हूं। मुकेश ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में केवल 7 ओवर ही गेंदबाजी की थी। इस दौरान उन्होंने 6.3 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिए। उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला। बुमराह ने मुकेश का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है। उन्होंने अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत कर दी है। हमें उस पर बहुत भरोसा है। उन्होंने आगे कहा कि खराब दिन आना या गलतियां करना सामान्य बात है और यहीं से आपको एक क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ने और बेहतर करने में सहायता मिलती है। बुमराह ने कहा कि मुझे लगता है कि यही मानसिकता है, इस प्रकार आपको गलतियां करके सीखना होगा। आप गलतियां करके बेहतर बनते हैं।

# डेविस कप: भारत ने पाकिस्तान को हराकर विश्व ग्रुप वन में किया प्रवेश

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस टीम ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप वन में प्रवेश किया। आज यहां पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे दिन 2-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की।

युकी भांबरी और साकेत माइनेनी ने पाकिस्तान के अकील खान और मुजम्मिल मुर्तजा की जोड़ी को दो घंटे तक चले इस युगल मुकाबले में 6-2, 7(7)-6(6) से हराया। यह 2024 डेविस कप विश्व ग्रुप वन प्ले-ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार आठवीं जीत है। भारतीय युगल जोड़ी ने पहले सेट के पहले गेम में ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी जोड़ी की सर्विस ब्रेककर 1-0 की बढ़त ले ली।



पांचवें गेम में विपक्षी टीम की सर्विस ब्रेक करने के बाद भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने 4-1 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ियों ने पहला सेट 26 मिनट में 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने वापसी करने का प्रयास किया और बेहतरीन तालमेल के साथ अपनी सर्विस बरकरार रखी। दूसरे और तीसरे गेम में दोनों टीमों ने बिना कोई अंक गंवाए अपनी-अपनी सर्विस बनाए रखी। हालांकि, भांबरी और माइनेनी ने विपक्षी टीम पर अपना दबदबा बनाये रखा।

भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गंवाया और शेष पांच अंक हासिल कर मैच में जीत दर्ज की और सितंबर में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप वन में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि डेविस कप विश्व ग्रुप वन प्ले-ऑफ के पहले दिन रामकुमार रामनाथन ऐसाम-उल-हक कुरैशी को 6(7)-7(3), 7(7)-6(4), 6-0 से हराया था। जबकि श्रीराम बालाजी ने अकील खान को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से पराजित किया। दूसरे दिन भारत ने युगल मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए 3-0 की अजेय बढ़त ले ली।

# अंडर 19 विश्वकप क्रिकेट : सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका

**–पाक का ऑस्ट्रेलिया से होगा**

जोहांसबर्ग । अंडर 19 विश्वकप क्रिकेट में सेमीफाइनल की चार टीमें पक्की हो गयी हैं। इसमें भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में अंतिम रही। उसने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर सिक्स मुकाबले में 5 रन से जीत के साथ ही अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। वहीं भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पहले ही अंतिम चार में पहुंच गयी थीं। विश्व कप का पहला सेमीफाइनल 6 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच जबकि दूसरा सेमीफाइनल 8 फरवरी को भारत और दक्षिण अफ्रीका का होगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अब तक नहीं हारी है। भारतीय टीम ने अपने अंतिम सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। भारत ने लीग स्टेज में 3 जबकि सुपर सिक्स चरण में 2 मैच जीते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अंडर 19 विश्व कप का सेमीफाइनल मैच 6 फरवरी को बेनोई में दोपहर 1-30 बजे से होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अंडर 19 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मैच गुरुवार 8 फरवरी को दोपहर डेढ़ बजे से बेनोई में खेला जाएगा.

# पाक टीम आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची

**विलोमूर पार्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के सुपर 6 मुकाबले में बांग्लादेश को 5 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। अब सेमीफाइनल में पाक का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम की टक्कर दक्षिण अफ्रीका से होगी। बांग्लादेश के खिलाफ हुए मुकाबले में पाकिस्तान की टीम पहले खेलते हुए केवल 155 रन ही बना पायी। वहीं बांग्लादेश की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 150 रन ही बना पाई। पाकिस्तान की ओर से उबेद शाह ने 44 रन देकर पांच विकेट लिए। पाकिस्तान की ओर से इस मैच में श्यामल हुसैन 19 और शाहजैब खान 26 ने अच्छी शुरूआत की थी। इसके बाद अजान अवैस 6 और कप्तान साद बेग 9 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। मध्यक्रम में अराफत मिन्हास ने 34 रन बनाकर स्कोर 155 तक पहुंचाया वहीं बांग्लादेश की ओर से रोहनाट डौला बोरसन और शेख पावेज़ जिबोन ने 4-4 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही। मध्यक्रम में चौधरी मोहम्मद रिजवान 20, अरिफुल इस्लाम 14 और अहरर अमीन 11 के अलावा मोहम्मद जेम्स ने 26 रन बनाये। पाक की ओर से तेज गेंदबाज उबेद शाह ने 10 ओवर में 44 रन देकर 5 तो अली रजा ने 44 रन देकर 5 विकेट लीं और अपनी टीम को जीत दिलायी।

# यशस्वी की सफलता का राज बचपन के कोच ने खोला

विशाखापत्तनम । युवा बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने कहा है कि वह तेजी से सीखता है। ज्वाला के अनुसार यशस्वी ने जिस प्रकार इंग्लैंड के खिलाफ मुश्किल समय में दोहरा शतक लगाया उससे वह बेहद खुश हैं। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 209 रन बनाकर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचाया था। जयसवाल ने अपनी इस पारी के दौरान आक्रामक रुख दिखाया। ज्वाला ने कहा कि यदि आप यहां देखें, तो अन्य सभी बल्लेबाजों ने भी बल्लेबाजी की पर केवल यशस्वी ही मेहमान टीम के गेंदबाजों पर हावी रहे। साथ ही कहा कि पहले टेस्ट में भी उसने अच्छी बल्लेबाजी की थी। उसने अपने छठे टेस्ट में ही दोहरा शतक लगा दिया है। उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करते देखकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं। मैंने उसे बचपन से सिखाया था कि एक अच्छा खिलाड़ी वह है जो हालातों को अच्छी तरह से पढ़ता है और उसी अनुसार खेलता है।



कोच ने कहा कि कई खिलाड़ी बल्लेबाजी करना और अपने स्ट्रोक्स अच्छे से खेलना जानते हैं पर एक खिलाड़ी विशेष होता है जो सत्र के दौरान कब रन बनेंगे ये जानता है। अगर किसी को रक्षात्मक खेलना है और गेंदबाज हावी है तो उसे विकेट न देना भी एक तरह का दबदबा है। टेस्ट क्रिकेट में खेल पर दबदबा बनाना सिर्फ चौके या छक्के मारने के बारे में नहीं है; एक गेंदबाज को निराश करना भी इसमें शामिल है। जब वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा हो तो उसे अपना विकेट न देना भी एक तरह का दबदबा है। उसने इस मैच में आंकलन किया कि जीतने के लिए लंबे समय तक खेलने और सत्र-दर-सत्र खेलने की जरूरत है।

ज्वाला के अनुसार, हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में यशस्वी का 80 रन पर आउट होना एक सीखने वाला अनुभव साबित हुआ, जहां वह फ्लाइट में फंस गए थे और दूसरे दिन के खेल के शुरुआती ओवर में जो रूट को कैच दे बैठे थे। टेस्ट क्रिकेट भी आपसे क्रीज पर समय बिताने की मांग करता है। केवल तेजी से ही खेलकर जीत नहीं मिलती बल्कि इसके लिए हालात देखकर खेलना होता है।

# आईओए के सीईओ की नियुक्ति पर पीछे हटने का सवाल ही नहीं : पीटी उषा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पर पूरा भरोसा है और उन्हें शीर्ष पद पर नियुक्त करने के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। इस तरह की खबरें हैं कि आईओए कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिसमें सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित किया जाएगा।

आईओए ने एक साल बाद और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के बार-बार याद दिलाने के बाद छह जनवरी को इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। हालांकि उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों के भीतर आईओए की कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि महान खिलाड़ी उषा ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए उन पर 'दबाव डाला' था। उषा ने इस आरोप को 'शर्मनाक' बताया। कार्यकारी परिषद के 15 में से लगभग 12 सदस्यों ने तब कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं दी थी। यह पूछे जाने पर कि क्या आईओए अध्यक्ष बनने के बाद से वह समस्याओं से घिरी हुई लगती हैं, उषा ने कहा, 'हर बार। इसे हल करना पड़ता है। जब आप गलत काम करते हैं, तो आपको डरना पड़ता है। जब आप सही और उचित काम कर रहे होते हैं तो फिर इस पर चिंता क्यों।'

दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) द्वारा यहां आयोजित एक समारोह में उषा से सीईओ प्रकरण पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा, 'सीईओ काम कर रहे हैं। मैं पहले ही उचित तरीके से नियुक्ति कर चुकी हूं और वह काम कर रहे हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों के कथित तौर पर उन्हें हटाने की इच्छा के बावजूद क्या वह अपना सामान्य कामकाज कर सकेंगे, उषा ने कहा, ''शत प्रतिशत (वह बने रहेंगे)। क्यों नहीं? वह एक बहुत अच्छे सीईओ हैं।'

खेल पत्रकारों द्वारा पदक, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न से सम्मानित होने के बाद उन्होंने कहा, ''हम हमेशा चाहते थे कि आईओए में एक बड़ा (सीईओ पद पर एक प्रसिद्ध व्यक्ति) अधिकारी हो... और इससे बहुत बड़े पैमाने पर खेलों में मदद मिल सकती है। मैं इसी तरह से सोच रही हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे उन (सीईओ) पर भरोसा है और वह अब जो कुछ भी कर रहे हैं, उस पर मुझे भरोसा है।'

इस अवसर पर जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी उपस्थित थे जो सम्मानित अतिथि थे। उन्होंने उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट% के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। टेनिस के दिग्गज विजय अमृतराज, पूर्व दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण, महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर और पूर्व धावक मिल्खा सिंह के बाद उषा एसजेएफआई और डीएसजेए 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार पाने वाली पांचवीं खिलाड़ी हैं। उषा ने देश के लिए 103 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते। उन्होंने एशियाई खेलों में चार स्वर्ण पदक और सात रजत पदक जीते और तीन बार ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा की।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Monday, 05 February 2024

## मौत की फर्जी खबर पर पूनम पांडे के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत

मुंबई। मॉडल एवं एक्ट्रेस पूनम पांडे से सिनेमा जगत के कई सितारे नाराज हैं, क्योंकि उन्होंने अपने निधन की फर्जी खबर फैलाई है। एक्ट्रेस के इस पब्लिसिटी स्टंट से नाराज होकर एडवोकेट अली काशिफ खान देशमुख ने एक्ट्रेस पूनम पांडे के खिलाफ पुलिस में कम्प्लेंट दर्ज कराई है। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्ट्रेस की मैनेजर निकिता शर्मा और एजेंसी के खिलाफ आईपीसी सेक्शन 417, 420, 120बी, 34 के तहत एफआईआर करने की मांग की है। सभी पर पब्लिक को चीट करने और देश के साथ सर्वाइकल कैंसर के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला बनाने के लिए कहा है। पूनम के इस स्टंट को पब्लिसिटी और चीट करार करने की मांग उठाई है। ऑल इंडिया सिने वर्कर्स असोसिएशन ने पूनम पांडे के खिलाफ एफआईआर करने की बात कही थी। ऑफीशियल्स का कहना था कि पूनम पांडे ने जो मौत का फेक पीआर स्टंट किया है वो बहुत गलत है। सर्वाइकल कैंसर के लिए जागरूकता पैदा करने की आड़ में उन्होंने जो सेल्फ प्रमोशन किया है वो स्वीकार्य नहीं है। इस तरह की न्यूज के बाद इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के लोग मौत की खबर पर यकीन करने में संकोच करेंगे। पीआर के लिए कोई भी इंडस्ट्री का व्यक्ति इस हद तक नहीं गिरेगा। पूनम पांडे की मैनेजर ने भी एक्ट्रेस की मौत की खबर को झूठा बताया है। बता दें अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे की सर्वाइकल कैंसर से मौत का दावा और कुछ वक्त बाद सोशल मीडिया पर उनके फिर से पदार्पण के कारण इंटरनेट हो या बॉलीवुड हस्तियां सभी गुस्से में हैं। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों से लेकर फिल्म जगत की कई हस्तियों ने इसे भद्दा, शर्मनाक और प्रचार का निचला स्तर करार दिया है। पांडे की टीम ने शुक्रवार को बीमारी से उनकी मौत की खबर सोशल मीडिया पर जारी की थी लेकिन बाद में यह खबर झूठी और अभिनेत्री द्वारा अपनाया एक हथकंडा निकली।

## भारतीय नौसेना की तैनाती को लेकर मोदी सरकार का बड़ा प्लान

नई दिल्ली । मालवाहक जहाजों पर होने वाले हमले रोकने और समुद्री लुटेरों पर लगाम को लेकर केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया हैं। रक्षा मंत्रालय ने जिबूती से लेकर अदन की खाड़ी और सोमालिया तक भारतीय नौसेना की तैनाती का प्लान बनाया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर निर्णय हुआ। इसमें मालवाहक जहाजों के संरक्षण के लिए भारतीय नौसेना की यूनिट्स को जिबूती, अदन की खाड़ी, सोमालिया के पूर्वी तट के साथ ही उत्तर और मध्य अरब सागर में भी तैनात किया जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि नौसेना ने अदन की खाड़ी और अफ्रीका के पूर्वी तटीय क्षेत्र में जलदस्यु रोधी गश्ती के लिए 2008 से अपनी यूनिट्स को तैनात किया था। कुल 3,440 जहाजों और 25 हजार से अधिक नाविकों को सुरक्षा प्रदान की गई। लाल सागर में नवंबर महीने से ईरान समर्थित हूती उग्रवादियों ने अनेक मालवाहक जहाजों पर हमले किए थे। इसको लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने प्रश्न के उत्तर में कहा कि नौसेना हमलों में शामिल सूत्रों और भागीदारों की पहचान करने के लिए सहयोगी देशों के साथ सूचना साझा कर रही है। भारतीय नौसेना ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान अरब सागर में अनेक मालवाहक पोतों पर हमलों के बाद उन्हें सहायता प्रदान की है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही। इसमें क्षेत्रीय और इलाके से अलग नौसेनाओं और समुद्री जवानों के साथ सक्रियता से काम कर रही है।

## रामलला के दर्शन करने फिजी के उपप्रधानमंत्री बिमान प्रसाद अयोध्या जाएंगे

नई दिल्ली। अयोध्या में भव्य राममंदिर बनने से पूरी दुनिया में उत्साह है। यही वजह है कि दुनियाभर के लोग श्रीराम के दर्शन करना चाहते हैं। ऐसी ही इच्छा फिजी के उपप्रधानमंत्री बिमान प्रसाद की है। वे एक हफ्ते की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। उन्होंने सबसे पहला निर्णय लिया है कि अयोध्या जाएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार फिजी के उप प्रधानमंत्री की यात्रा चार से दस फरवरी तक चलेगी और 11 फरवरी को वह अपने देश लौट जाएंगे।फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद एक हफ्ते की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। वह अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, फिजी के उप प्रधान मंत्री रविवार को दिल्ली पहुंचेंगे। उनकी यात्रा चार से दस फरवरी तक चलेगी और 11 फरवरी को वह अपने देश लौट जाएंगे।बिमान प्रसाद पहले विदेशी नेता हैं जो 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अयोध्या का दौरा करेंगे और रामलला का दर्शन करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आने के बाद एक दिन बाद सोमवार को उनके आधिकारिक कार्यक्रम शुरू होंगे। पांच फरवरी को वह विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के साथ-साथ विदेश और शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह से मुलाकात करेंगे। इसके बाद बिमान प्रसाद छह फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे और सात फरवरी को एक अन्य कार्यक्रम के लिए गोवा जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है, आठ फरवरी को उनका अयोध्या जाने का कार्यक्रम है। नौ फरवरी को प्रसाद अहमदाबाद का दौरान करेंगे और उसके बाद गांधीनगर का दौरा करेंगे।

## 50 साल बाद कावेरी वन्यजीव अभयारण्य में दिखे बाघ

चेन्नई। तमिलनाडु में कृष्णागिरी जिले के कावेरी नॉर्थ वन्यजीव अभयारण्य में 50 साल बाद बाघों को देखा गया है। यहां ज्वालागिरी रेंज के आरक्षित वनों में इतने अंतराल के बाद दो बाघ देखे गये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बाघों को वन विभाग द्वारा लगाये गये कैमरा ट्रैप में रिकॉर्ड किया गया था। इस मामले में मुख्य वन्यजीव वार्डन श्रीनिवास आर. रेड्डी ने कहा कि होसूर की वन्यजीव वार्डन सुश्री के. कार्तिकेयनी ने बताया है कि दो बाघों की प्रत्यक्ष रिकॉर्डिंग है, जिनमें से एक नर बाघ 4-5 वर्ष के आयु वर्ग में और दूसरा बाघ 8-9 वर्ष के आयु वर्ग में है। इन दोनों बाघों की तस्वीरें जनवरी 2024 के महीने में ज्वालागिरी रेंज में रिजर्व वन क्षेत्रों के अंदर लगाये गये कैमरा ट्रैप के माध्यम से रिकॉर्ड की गयीं। ज्वालागिरी रेंज हाल ही में अधिसूचित कावेरी साउथ वन्यजीव अभयारण्य के निकट है जो संरक्षित क्षेत्र का एक हिस्सा है। बाघों की उपस्थिति संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाती है। उन्होंने कहा ?कि इससे यह भी पता चलता है कि भनेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान और आस-पास के संरक्षित क्षेत्रों से बाघों की आबादी के बीच यह आवास व्यवहार्य है।

## बलात्कारी पुजारी और शिष्य को 20-20 वर्ष का कारावास

प्रतापगढ़, । प्रतापगढ़ जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग किशोरी से सामूहिक बलात्कार के दोषी पुजारी और उसके शिष?य को 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार पांडेय ने इस संबंध में आज रविवार को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश आलोक द्विवेदी की अदालत ने शनिवार को सामूहिक बलात्कार मामले की सुनवाई करते हुए दोषी श ?याम पुजारी व उसके शिष्य दौलत को 20-20 वर्ष कारावास की सजा समेत 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। घटना के संबंध में उन्होंने बताया कि जिले के अंतू थाना पुलिस से की गई शिकायत में वादी ने आरोप लगाया था कि 8 अप्रैल 2016 की शाम साढ़े सात बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी हैंडपंप पर पानी भरने के लिए गई थी। इसी दौरान गांव के ही श्याम पुजारी और उसके शिष्य दौलत ने उसे धोखे से बुलाकर बाथरूम में सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध पॉक?सो अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच की और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्य के आधार पर दोषी श्याम पुजारी व दौलत को 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर कर दिए गये। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ ओरछा थानाक्षेत्र के अंतर्गत गोमागल गांव के पास जंगल में हुई, जहां सुरक्षाकर्मियों की एक टीम शुक्रवार शाम को नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि माओवादियों की नेलनार क्षेत्र समिति के सचिव अरब उर्फ कमलेश, स्थानीय संगठन दस्ते (एलओएस) के कमांडर सोमडू और क्षेत्र में अन्य माओवादियों की मौजूदगी के बारे में गुप्त सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि गोलीबारी के बाद मौके से दो नक्सलियों के शव, एक प्वाइंट 12 बोर की बंदूक बरामद की गई है। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मृत नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है और आस-पास के इलाकों में तलाशी जारी है।

# ममता को मुस्लिम वोट बैंक हड़पने का डर, इसलिए इंडिया गठबंधन से किया किनारा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को कांग्रेस द्वारा मुस्लिम वोट बैंक हड़पने का डर सता रहा है, यही वजह है कि वह इंडिया गठबंधन से किनारा कर रही हैं। गौरतलब है कि इस समय आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत एनडीए को टक्कर देने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान चल रही है। खासतौर से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सख्त तेवरों को देखते हुए इंडिया गठबंधन की एकता पर ही सवाल उठने लगे हैं। बंगाल में सीट-बंटवारे पर गतिरोध के बाद कांग्रेस टीएमसी के साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश कर रही है। इसके बावजूद ममता बनर्जी कांग्रेस को सीट देने को तैयार नहीं हैं। गौरतलब है कि ममता बनर्जी पहले ही अपनी पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने के इरादे की घोषणा कर चुकी हैं। कांग्रेस पर लगातार दीदी के हमले बंगाल में टीएमसी के चुनावी समीकरणों की ओर इशारा कर रहे हैं।

बता दें कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन कोलकाता के मुस्लिम बहुल पार्क सर्कस इलाके में ममता ने सर्ब धर्म रैली निकाली थी और कांग्रेस पर कटाक्ष किया। दरअसल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी राज्य में अपने महत्वपूर्ण मुस्लिम वोट बैंक



पर पकड़ बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही हैं। वे इसके लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन को दाव पर लगाने के लिए भी तैयार दिख रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र से राज्य के बकाया भुगतान की मांग को लेकर कोलकाता में एक धरने के दौरान ममता बनर्जी ने दोहराया कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक थी, लेकिन उसने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। ममता ने तीखा हमला करते हुए कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा से मुकाबला करने की चुनौती दी।

हालांकि 2011 से बंगाल की सत्ता पर काबिज ममता दीदी की पार्टी की अल्पसंख्यक वोटों पर मजबूत पकड़ है। ममता को डर है कि कांग्रेस इसमें सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। ममता ने 22 जनवरी की रैली में खुलेतौर पर मुस्लिम मतदाताओं से कहा था कि टीएमसी के अलावा किसी अन्य पार्टी का समर्थन करके अपना वोट बर्बाद न करें। सूत्रों के अनुसार, उत्तरी बंगाल के छह जिलों, विशेष रूप से उत्तर दिनाजपुर, मालदा और मुर्शिदाबाद, जो महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी और पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थन के लिए जाने जाते हैं। इन जिलों से कांग्रेस की यात्रा ने बनर्जी के रुख को जन्म दिया होगा। ममता ने यूपी, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा को हराने की चुनौती भी दे दी।

## रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं मोदी : प्रियंका



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है ?कि पीएम मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आते ही गारंटी की बात करने लगते हैं लेकिन सच यह है कि मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं। रविवार को श्रीमती वाड्रा ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। जबकि हमारे देश के करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया है। प्रियंका ने कहा कि जुलाई 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी केवल सात लाख युवाओं को ही मिली। यानी लगभग 21.93 करोड़ योग्य युवा बेरोजगार ही रह गए। सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाली भाजपा सरकार न पहले से मौजूद नौकरियां दे पाई, न ही नये रोजगार बना सकी। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री चुनावों में गारंटी तो देते हैं। असल में उनकी गारंटी बेरोजगारी की ही गारंटी मात्र है।

# मोदी के नेतृत्व में भारत को समृद्ध राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर हैं हम : भजनलाल

### -वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा आयोजित 15वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर किया रवाना



**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हम पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को समृद्ध राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत को फिट एवं स्वस्थ राष्ट्र बनाने की सोच के साथ कार्य किया जा रहा है। श्री शर्मा ने रविवार को संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा आयोजित 15वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम ने देश को स्वस्थ जीवन का महत्व समझाने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया है। इससे प्रेरणा पाकर योग और व्यायाम को लोगों ने अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया है। सीएम ने निरोगी जीवन के लिए युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि देश में यंग इंडिया, फिट इंडिया तथा खेलो इंडिया जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। यह परंपरा युवाओं को स्वस्थ और गतिशील बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

जयपुर मैराथन लोगों में बढ़ती खेल भावना का प्रमाण है और एक ऐसा आयोजन है, जिससे आगामी वर्षों में भविष्य के एथलीट अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमें धैर्य, संघर्षशीलता और समर्पण के महत्व को समझाता है तथा जयपुर के समृद्ध इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित करता है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करने और खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगी। प्रदेश में खेल सुविधाओं को विकसित किया जाएगा और सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों समेत खेलों के बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। युवाओं को खेलों में अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराये जाएंगे, जिससे वे देश और दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। सीएम श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में व्यस्ततम जीवन शैली के कारण लोग स्वस्थ जीवनशैली से दूर होते जा रहे हैं। देर रात तक जागने और सुबह देरी से उठने के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर अन्य प्रदेशों से अग्रणी है। यह वीरों की भूमि है। यहां युवा सेना में शामिल होकर देश की सेवा के लिए उत्साहित रहते हैं, इसलिए वे अपने स्वास्थ्य एवं फिटनेस पर विशेष ध्यान देते हैं। प्रदेश के गांवों, कस्बों तथा शहरों में बड़ी संख्या में युवक युवतियां सुबह जल्दी उठकर दौड़ लगाते एवं व्यायाम करते नजर आते हैं। 15वीं जयपुर मैराथन में पांच विभिन्न श्रेणियों में बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों एऊ दिव्यांगों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया और दो नये रिकॉर्ड भी बनाये।

## भारत के आर्थिक विकास के स्मारक बनाए हैं कांग्रेस ने : जयराम रमेश



### -भारत जोड़ो न्याय यात्रा के धनबाद पहुंचने पर क्या कहा कांग्रेस सांसद ने

**धनबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आज रविवार धनबाद से शुरू हुई तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास के स्मारक कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु ने बनाए हैं।

दरअसल धनबाद के टुंडी प्रखंड में रात्रि विश्राम के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को धनबाद शहर के गोविंदपुर से पुनः शुरू की गई थी। इस अवसर पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, कि आज, हमसे पूछा जाता है कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? आज हम धनबाद में हैं और हम बोकारो जाएंगे, जो कि बोकारो इस्पात शहर के नाम से भी मशहूर है। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा बनाए स्मारक हैं। जब लोग पूछते हैं कि हमने 70 वर्षों में क्या किया, तो बताना चाहूंगा कि भिलाई, राउरकेला, दुर्गापुर, भाखड़ा नांगल, बोकारो, धनबाद, बरौनी, सिंदरी- आदि आदि ये सभी भारत के आर्थिक विकास के स्मारक हैं।

इस अवसर पर कांग्रेस की झारखंड इकाई के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने न्याय यात्रा के संबंध में विस्तार से बताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को रामगढ़ जिले में रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो चरणों में आठ दिन में राज्य के 13 जिलों में 804 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। 67 दिनों में यह यात्रा 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

## डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, 2050 तक कैंसर से बिछ जाएंगी लाशें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अवेयरनेस नहीं आई तो 2050 तक कैंसर से लाशें बिछ जाएंगी। बता दें कि देश और दुनिया में कैंसर के मामले तेज गति से बढ़ रहे हैं। कैंसर कितना खतरनाक होता है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें न केवल जान जाती है, बल्कि जीवनभर की जमापूंजी भी खत्म हो जाती है। जानकारी बताते हैं कि केवल भारत में ही कैंसर से मरने वालों की संख्या लाखों में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2022 में भारत में कैंसर के 14.1 लाख से अधिक नये मामले सामने आए और इस रोग के कारण 9.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। वहीं, अब डब्ल्यूएचओ ने चेताया है कि साल 2050 तक दुनिया भर में कैंसर के मामलों में 77 फीसदी बढ़ोतरी होगी और इस खतरनाक बीमारी के सालाना मामले 35 मिलियन पहुंच जाएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की कैंसर एजेंसी इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) ने कैंसर केसों की इस चिंताजनक वृद्धि के लिए लोगों की जीवनशैली और बिगड़ते पर्यावरण के हालात को जिम्मेवार ठहराया है।

कैंसर पर शोध करने वाली एजेंसी ने कैंसर के लिए तंबाकू, शराब, मोटापा और वायु प्रदूषण को प्रमुख कारक माना है। डब्ल्यूएचओ ने 115 देशों से सर्वे नतीजों को सामने लाते हुए कहा कि अधिकांश देश सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के हिस्से के रूप में कैंसर और इस रोग के कारण होने वाले दर्द से संबंधित देखभाल सेवाओं को पर्याप्त रूप से वित्तपोषित नहीं करते हैं। कैंसर पर शोध के लिए आईएआरएसी के अनुमानों के अनुसार पुरुषों में होंठ, मुंह और फेफड़े का कैंसर सबसे आम था, जो नये मामलों का क्रमशः 15.6 प्रतिशत और 8.5 फीसदी है। वहीं, महिलाओं में स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर सबसे आम थे। नये मामलों में इनकी हिस्सेदारी भी क्रमशः 27 और 18 फीसदी थी।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए क्या कांग्रेस से निमंत्रण मांगें: अखिलेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है। इस यात्रा में शामिल होंगे या नहीं होगे के सवाल पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव में झुंझलाते हुए कहा कि क्या उनके निमंत्रण पत्र मांगे। क्योंकि बिना बुलाए हम कहीं जाते नहीं हैं।अखिलेश ने कहा कि कई बड़े-बड़े आयोजन होते रहते हैं, लेकिन हमें निमंत्रण ही नहीं मिलता है। तो हम अपने आप क्या निमंत्रण मांगे। अखिलेश के जवाब पर मीडिया ने उनसे पूछा कि उन्हें राम मंदिर का न्योता तो मिला था, लेकिन वह वहां तो नहीं गए थे। राम मंदिर जाने की बात पर अखिलेश ने कहा कि जब भगवान बुलाएंगे, तब वह राम मंदिर जाएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विपक्ष के इंडिया ब्लॉक में सीट शेयरिंग को लेकर जोरशोर से रायशुमारी चल रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 11 सीटें देने का ऐलान किया है। हालांकि, कांग्रेस का कहना है कि फिलहाल सीट शेयरिंग को लेकर फाइनल बात नहीं हुई है। इस बीच अखिलेश ने समाजवादी पार्टी के 16 प्रत्याशियों की लिस्ट भी जारी कर दी है।

बता दें कि सपा की पहली लिस्ट में 11




ओबीसी, 1 मुस्लिम, 1 दलित, 1 ठाकुर, 1 टंडन और 1 खत्री उम्मीदवार शामिल हैं। 11 ओबीसी उम्मीदवारों में 4 कुर्मी, 3 यादव, 2 शाक्य, 1 निषाद और 1 पाल समुदाय से हैं। सपा ने अयोध्या लोकसभा (सामान्य सीट) पर दलित वर्ग के पासी प्रत्याशी को टिकट दिया है। एटा और फर्रूखाबाद में पहली बार यादव की जगह शाक्य बिरादरी के नेताओं को टिकट दिया गया है। इससे पहले अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 11 सीटें ऑफर की थीं। बीते दिनों ही यूपी में इंडिया ब्लॉक के तहत सपा और रालोद का गठबंधन हुआ था जिसके तहत रालोद को 7 सीटें देने का ऐलान सपा अध्यक्ष ने किया था। हालांकि इस सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद यूपी में गठबंधन को लेकर सस्पेंस बन गया था। इस बीच अब अखिलेश यादव ने 16 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

# ओबीसी के लिए काम करता रहूंगा...कहते हुए भुजबल ने थमाया इस्तीफा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में मराठों को ओबीसी वर्ग से आरक्षण देने के मामले में राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल काफी नाराज हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मैंने ओबीसी के लिए हमेशा संघर्ष किया है, उनके हक के लिए लड़ाई लड़ी है। एक फिर ओबीसी के हक के लिए मैंने अपना इस्तीफा राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दिया है। 16 नवंबर 2023 को दिया गया इस्तीफा अभी तक मंजूर नहीं हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस बात का खुलासा इसलिए नहीं किया है कि सीएम शिंदे एवं डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने चुप रहने का कहा था। अहमदनगर में एक ओबीसी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस्तीफे पर चुप हैं क्योंकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें



सार्वजनिक रूप से इस बारे में नहीं बोलने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, मैं इस पर चुप रहा, लेकिन कुछ लोग अब ओबीसी के पक्ष में बोलने के लिए भुजबल को कैबिनेट से बाहर करने की मांग कर रहे हैं। मैं अपनी आखिरी सांस तक ओबीसी के लिए लड़ूंगा। छगन भुजबल ने शिवसेना के बुलढाणा विधायक संजय गायकवाड़ का जिक्र करते हुए यह बात कही है। बता दें कि गायकवाड़ ने भुजबल के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था और मंत्री पद से उनका इस्तीफा मांगा था।भुजबल के अनुसार, जालना जिले के अंबाद में ओबीसी रैली के लिए जाने से पहले उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। ओबीसी वर्ग से मराठा आरक्षण के खिलाफ मुखर भुजबल ने पिछले ढाई महीनों में राज्य भर में कई रैलियों को संबोधित किया है। अपने त्याग पत्र में भुजबल ने कहा कि वह मंत्री पद से इस्तीफा दे रहे हैं क्योंकि उनके कुछ कैबिनेट सहयोगी मराठा आरक्षण से संबंधित उनके रुख से सहमत नहीं हैं।

भुजबल ने महाराष्ट्र पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा मराठा समुदाय के हाल ही में संपन्न सर्वेक्षण पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जानकारी एकत्र करते समय गणनाकर्ताओं द्वारा झूठ दर्ज किया जा रहा है। महाराष्ट्र की शिंदे सरकार द्वारा 27 जनवरी को कुनबी पृष्ठभूमि वाले मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त संबंधियों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी करने की अधिसूचना जारी करने के बाद ओबीसी समाज की यह पहली सार्वजनिक रैली थी। भुजबल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए फडणवीस ने कहा, मुख्यमंत्री भुजबल के इस्तीफे पर टिप्पणी करने में अधिक सक्षम होंगे। इस समय मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि सीएम ने अब तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है।

# सिंगापुर में लैब में तैयार हुआ मांस खा सकेंगे मुसलमान, लेकिन हलाल का होना जरूरी

**सिंगापुर, एजेंसी।** इस मुस्लिम देश में लैब में तैयार हुआ मीट (मांस) खाने की इजाजत मिल गई है। हालांकि मीट में किसी भी तरह गैल-हलाल इंग्रेडिएंट शामिल नहीं होने चाहिए। हम बात कर रहे हैं सिंगापुर की। सिंगापुर में मुसलमानों को प्रयोगशाला



(लैब) में तैयार मांस का सेवन करने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते इसके लिए इस्तेमाल कोशिकाएं (सेल) हलाल जानवरों से ली गई हों और फाइनल प्रोडक्ट में कोई गैर-हलाल इंग्रेडिएंट शामिल न हो। टुडे अखबार में शनिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक सिंगापुर के मुफ्ती डॉ. नजीरुद्दीन मोहम्मद नासिर ने कहा कि यह फैसला इस बात का उदाहरण है कि फतवा रिसर्च को आधुनिक तकनीक और सामाजिक परिवर्तन के साथ कैसे विकसित होना है। वह शुक्रवार को समकालीन समाजों में फतवा पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस्लाम में, फतवे मुस्लिम समुदाय को धार्मिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन से संबंधित फैसले हैं और मुफ्ती के रूप में जाना जाने वाला योग्य धार्मिक विद्वान इस्लामी कानून की औपचारिक व्याख्या करता है। मुस्लिम मामलों के प्रभारी मंत्री मासागोस जुल्किफली ने सम्मेलन के इतर संवाददाताओं से यह भी कहा कि लैब में तैयार मांस के मुद्दे पर 2022 से सिंगापुर इस्लामिक धार्मिक परिषद (एमयूआईएस) अध्ययन कर रही थी।

# पाकिस्तान में वाइल्ड पोलियो वायरस का कहर

## एक महीने में मिले 28 नए केस; स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में वाइल्ड पोलियो वायरस के नए मामले सामने आए हैं। डॉन की खबर के अनुसार, जनवरी में पाकिस्तान के 19 जिलों से 28 सैंपल को लिया गया था, जबकि दिसंबर में क्वेटा और खुजदार से दो सैंपल लिए गए थे। ये सभी मामले पॉजिटिव मिले हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के एक अधिकारी के अनुसार, क्वेटा और कराची पूर्व में चार नमूने, पेशावर, कराची दक्षिण, कराची केमारी से दो-दो नमूने। इसके अलावा हैदराबाद, पिशिन, केच, नसीराबाद, डीजी खान, रावलपिंडी और लाहौर से 2 जनवरी से 16 जनवरी के बीच ये नमूने एकत्र किए गए थे। यहां मिले सभी नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। अधिकारी ने कहा कि जनवरी 2024 में 28 पॉजिटिव केस मिले हैं।



इससे पहले साल 2023 में वाइल्ड पोलियो वायरस के 126 मामले मिले थे। पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री नदीम जान ने कहा कि पिछले साल 126 पॉजिटिव नमूनों में से 120 मामलों में वायरस की पुष्टि हुई थी। स्वास्थ्य सचिव इफ्तिखार अली शालवानी ने कहा कि पाकिस्तान इस वायरस को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस साल के अंत तक इसको खत्म करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस लकवाग्रस्त बीमारी से बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम पाकिस्तान में पोलियो को खत्म करने के लिए अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे।एएनआई, इस्लामाबाद। पाकिस्तान में वाइल्ड पोलियो वायरस के नए मामले सामने आए हैं। डॉन की खबर के अनुसार, जनवरी में पाकिस्तान के 19 जिलों से 28 सैंपल को लिया गया था, जबकि दिसंबर में क्वेटा और खुजदार से दो सैंपल लिए गए थे। ये सभी मामले पॉजिटिव मिले हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के एक अधिकारी के अनुसार, क्वेटा और कराची पूर्व में चार नमूने, पेशावर, कराची दक्षिण, कराची केमारी से दो-दो नमूने।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस की रिफानरी में लगी आग, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

**मास्को , एजेंसी।** यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस की रिफानरी में आग लग गई। हालांकि शनिवार को आग बुझा दी गई। वोल्गोग्राड के गवर्नर एंड्री बोचारोव ने स्थानीय प्रशासन के टेलीग्राम चैनल को बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा, ड्रोन के गिरने से वोल्गोग्राड तेल रिफाइनरी में आग लग गई। अग्निशमन और बचाव कर्मी आग बुझाने में जुट गए। कोई हताहत नहीं हुआ है। तेल उत्पादक कंपनी लुकोइल, जो रिफाइनरी की मालिक है ने बाद में कहा कि आग बुझ गई है। संयंत्र सामान्य रूप से काम कर रहा है। स्वतंत्र रूसी समाचार रिपोर्टों के अनुसार शनिवार को मास्को में विरोध प्रदर्शन के दौरान 20 पत्रकारों को हिरासत में लिया गया। रूसी सैनिकों को यूक्रेन से लड़ने के लिए भेजे जाने के खिलाफ इन सैनिकों की पत्नियां प्रदर्शन कर रही हैं। रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य रिश्तेदारों ने यूक्रेन सीमा से सैनिकों की वापसी का आह्वान किया है। लुहांस्क में बेकरी पर यूक्रेन के हमले में शनिवार को आठ लोगों की मौत हुई, वहीं 10 अन्य घायल हुए हैं।

### रूस ने की सीरिया व इराक पर अमेरिकी हमलों की निंदा



**मॉस्को, एजेंसी।**रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि रूस सीरिया और इराक पर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा करता है और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद के माध्यम से उभरती स्थिति की तत्काल समीक्षा की मांग कर रहा है। जखारोवा ने शनिवार को एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, इराक और सीरिया में रणनीतिक हमलावरों से जुड़े अमेरिकी हवाई हमलों ने एक बार फिर दुनिया को मध्य पूर्व में अमेरिकी नीति की आक्रामक प्रकृति और वाशिंगटन द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून की पूर्ण अवहेलना का प्रदर्शन किया।समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका जानबूझकर हमले करके क्षेत्र के बड़े देशों को संघर्ष में झोंकने की कोशिश कर रहा है।उन्होंने कहा, हाल की घटनाएं इस बात की पुष्टि करती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की तलाश नहीं कर रहा है और न ही कभी किया है।अमेरिका ने जॉर्डन में अपने सैन्य अड्डे पर हुए हमले के जवाब में शुक्रवार को सीरिया और इराक में ईरान से जुड़े मिलिशिया ठिकानों पर हमले किए थे।

### सेक्स पार्टियां करती थी मां, बेटे ने अपने ही स्कूल के छात्रों को उतारा मौत के घाट

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अपने ही स्कूल के छात्रों की हत्या करने के आरोपी एक लड़के की मां पर भी केस चल रहा है। मामला अमेरिका का है। यहां साल 2021 में एक लड़के ने अपने हाई स्कूल के चार छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर कोर्ट में सुनवाई चल रही है। हत्या के आरोपी लड़के की मां पर भी गैर-इरादतन हत्या का आरोप है और उसके खिलाफ सुनवाई चल रही है। अब आरोपी लड़के की मां को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। महिला का कई लोगों के साथ संबंध था और वह खुद सेक्स पार्टियां ऑर्गनाइज करती थी। 45 वर्षीय जेनिफर क्रम्बली और उसके 47 वर्षीय पति जेम्स क्रम्बली पर इंसानी हत्या के चार आरोप लगाए गए हैं। अमेरिका में आए दिन स्कूलों में गोलीबारी और हत्याओं के मामले सामने आते रहे हैं। हालांकि यह अपनी तरह का पहला ऐसा मामला माना जा रहा है जहां माता-पिता को अपने बच्चे की हरकतों के लिए का मुकदमें का सामना करना पड़ा है। उनका 17 वर्षीय बेटा एथन क्रम्बली नवंबर 2021 में मिशिगन के ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में हुई गोलीबारी के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इस गोलीबारी में 14 से 17 वर्ष की आयु के चार छात्रों की मौत हो गई थी।

# जापान का स्मार्ट लैंडर फॉर इंवेस्टिगेटिंग मून निष्क्रिय हो गया, भेजी आखिरी तस्वीर

**टोक्यो, एजेंसी।**
भारत के चंद्रयान-3 ने पिछले साल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करके इतिहास रच दिया था। इसके बाद इस साल जापान के चंद्रयान ने भी चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली। अब जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) ने जानकारी दी है कि उसका स्मार्ट लैंडर फॉर इंवेस्टिगेटिंग मून निष्क्रिय हो गया है यानी कि अब जापान का चंद्रयान चांद पर सो गया है। दरअसल, जापान का यान जिस क्रेटर पर उतरा, वहां अब रात हो गई है। सोने से पहले चंद्रयान ने कमाल करते हुए चांद की फोटो भेजी है, जोकि उसकी आखिरी मानी जा रही।

एसएलआईएम अंतरिक्ष यान, जो चंद्रमा की जांच के लिए स्मार्ट लैंडर का शॉर्ट नाम है, ने एक फरवरी को ऑनबोर्ड कैमरे से यह तस्वीर खींची है। इस तस्वीर में शिओली क्रेटर की ढलान पर छाया दिखाई दे रही है। एसएलआईएम के एक्स अकाउंट ने स्पेक्ट्रोस्कोपिक इमेजिंग के लक्ष्यों की लेबल वाली तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिनमें विभिन्न चट्टानों और रेगोलिथ को दिखाया गया है जिनके बारे में अधिक



रिसर्च की जा रही है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने एसएलआईएम के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने के तीन दिन बाद यह तस्वीर जारी की। टीम ने पावर को बचाने के लिए 20 जनवरी को रोबोटिक अंतरिक्ष यान को बंद कर दिया था, जोकि गलती से लैंडिंग के वक्त उलटा उतर गया था। चूंकि उस समय यान के सौर पैनल सही दिशा में नहीं थे, इसलिए लैंडर बिजली उत्पन्न करने में असमर्थ था।

शुरुआती समय में थोड़ी निराशा मिलने के बाद जापान के वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि कुछ दिनों के बाद सूर्य का एंगल बदल जाएगा, जिससे उसके यान का लैंडर फिर से चार्ज होकर जग सकता है। नौ दिनों के बाद ऐसा ही हुआ और एसएलआईएम जग गया। वहीं, बीते सोमवार से अंतरिक्ष यान ने मल्टी-बैंड स्पेक्ट्रल कैमरे के साथ क्रेटर के चारों ओर चट्टानों का विश्लेषण किया है। जेएएक्सए ने लैंडिंग स्थान इसलिए चुना क्योंकि यह वैज्ञानिकों को चंद्रमा के निर्माण के बारे में बता सकता है। एसएलआईएम के एक्स खाते ने एमबीसी के स्पेक्ट्रोस्कोपिक इमेजिंग के लक्ष्यों की लेबल वाली छवियां भी पोस्ट कीं, जिनमें विभिन्न चट्टानों और रेगोलिथ को दिखाया गया है जिनका अध्ययन किया जा रहा है। जापानी चंद्रयान को अब फिर से पुनर्जीवित करने से पहले स्पेस एजेंसी जेएएक्सए को लगभग 14.5-पृथ्वी-दिवस लंबी चंद्रमा की रात का इंतजार करना पड़ेगा, जिसकी शुरुआत 15 फरवरी के आसपास होगी। इतना ही नहीं, एजेंसी को अनुकूल प्रकाश और तापमान की स्थिति का भी इंतजार करना होगा। फिर से एक्टिव करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स को लगभग शून्य से 130 डिग्री सेल्सियस नीचे के चांद के तापमान का सामना करना होगा। हालांकि, जिस लक्ष्य के लिए जापान के यान को चांद पर भेजा गया था, उसने उतना समय और लक्ष्य हासिल कर लिया है।

# अधिकारियों ने कार्रवाई में विदेशी पत्रकारों को भी हिरासत में लिया

**मॉस्को, एजेंसी।**
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ रूस में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ है। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव मुख्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया है।

प्रदर्शन को रोकने के लिए अधिकारियों ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई में मॉस्को में विदेशी प्रेस संगठनों के कई पत्रकारों को भी हिरासत में लिया गया। पुतिन के चुनाव मुख्यालय पर भारी विरोध प्रदर्शन में कई महिलाएं शामिल हैं। ये महिलाएं यूक्रेन में लड़ाई के लिए भेजे गए अपने पतियों और बेटों की घर वापसी की मांग कर रहीं है।

सीएनएन द्वारा देखे गए एक वीडियो में रूसी अधिकारियों को प्रतिष्ठित रेड स्क्वायर के पास प्रेस जैकेट पहने कई लोगों को हिरासत में लेते हुए दिखाया गया है।

## 27 आम लोगों को हिरासत में लिया गया

रूसी सरकार की इस कार्रवाई पर नजर रखने वाले समूह ओवीडी-इन्फो के अनुसार, कम से कम 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें एक प्रदर्शनकारी को जबरदस्ती पुलिस वैन में डालकर पुलिस स्टेशन के जाया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ओवीडी-इन्फो ने कहा कि उन्होंने बंदियों से मिलने के लिए एक वकील को भेजा, लेकिन उन्हें मिलने से मना कर दिया गया।

स्वतंत्र रूसी मीडिया समूह मीडियाजोना ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए लोगों में कोमर्सेंट, फ्रांस प्रेस और स्पीगल के लिए काम करने वाले पत्रकार और साथ ही मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

ओवीडी-इन्फो ने कहा कि रैली को कवर करने वाले अन्य सात पत्रकारों को बासमनी पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इनमें जापानी टेलीविजन कंपनी फूजी के प्रतिनिधि आंद्रेई जिको भी शामिल हैं।

# अवैध प्रवास के खिलाफ ब्रिटेन सरकार सख्त, इंग्लिश चैनल से घुसपैठ पर पूर्ण लगाम की तैयारी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की सरकार इंग्लिश चैनल के जरिए अवैध घुसपैठ को लेकर अब सख्त रवैया अपना रही है। अब यहां कोई भी आसानी से चोरी-छिपे घुसपैठ नहीं कर सकेगा। इस कड़ी में स्मॉल बोट्स ऑपरेशनल कमांड (एसबीओसी) के अंतर्राष्ट्रीय संचालन के उप निदेशक कैरोल हेगिनबॉटम ने मीडिया बातचीत की है। उन्होंने बताया है कि यूके निगरानी और तकनीकी क्षमता के माध्यम से इंग्लिश चैनल के माध्यम से अवैध प्रवासी क्रॉसिंग को कम करने में सक्षम है। हेगिनबॉटम ने आगे बताया कि ब्रिटेन इंग्लिश चैनल के माध्यम से यूके में अवैध रूप से दाखिल होना सबसे खतरनाक तरीका है और इसे वह खत्म करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि कैसे लोग आपराधिक गिरोहों के चंगुल में फंसकर धोखे से इस देश में प्रवेश कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। कैरोल हेगिनबॉटम ने कहा, पिछले साल हम संख्या में कटौती करने में कामयाब रहे। हमारे पास 26,000 लोग आए थे, जो पिछले साल की तुलना में एक अच्छी संख्या रही, लेकिन कोई भी संख्या अच्छी संख्या नहीं होती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि अवैध घुसपैठियों के आंकड़े बिल्कुल शून्य पर आ जाएं और इसी तरकी से हम पिछले तीन सालों में चैनल के पार छोटी नावों के आने की त्रासदी पर भी काबू पा सकेंगे। बता दें कि कैरोल की यह टिप्पणी तब आई जब यूके होम ऑफिस ने दो फरवरी को एसबीओसी की टीम के साथ डोवर में एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया यात्रा का आयोजन किया था। इस यात्रा के माध्यम से, मीडिया को इंग्लिश चैनल पार करने वाले अवैध अप्रवासियों को ले जाने वाले जहाजों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का मौका भी मिला।

# लोगों से डरते हैं नवाज शरीफ, इसलिए धांधली की कोशिश कर रहे, बिलावल भुट्टो का पूर्व पीएम पर बड़ा हमला

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले बिलावल भुट्टो ने नवाज शरीफ पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वह लोगों से डरते हैं और इसलिए चुनाव में धांधली की कोशिश कर रहे हैं। शनिवार को मीरपुर खास में एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के रूप में चौथे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे नवाज शरीफ उनके साथ बहस करने से डरते हैं।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, बिलावल ने पूर्व प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएमएल-एन ने सिंध में एक भी रैली का आयोजन नहीं किया जो यह बताता कि उन्होंने वहां के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने नवाज का जिक्र करते हुए टिप्पणी की कि वह रायविंग में बैठकर मीरपुरखास के नतीजे तय करना चाहते



हैं। बिलावल ने कहा कि वह मीरपुरखास का वोट कैसे हड़पा जाए, इसकी साजिश रच रहे हैं।

बिलावल ने कहा कि पीएमएल-एन का इरादा पीपीपी उम्मीदवारों को हराना है और उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से कहा कि क्या वे हमारा साथ देंगे। इसके अलावा, उन्होंने राजनीतिक दलों पर राजनीति में शामिल होने के बजाय व्यक्तिगत बदला लेने का भी आरोप लगाया। रैली के दौरान उन्होंने कहा कि अन्य पार्टियां देश की मदद करने के बजाय नफरत और विभाजन की राजनीति कर रही हैं।

पिछले हफ्ते रावलपिंडी में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने बिलावल का नाम लिए बिना कहा था कि एक राजनीतिक नेता और मेरे दोस्त ने कहा कि वह नवाज शरीफ के साथ बहस करना चाहते हैं।

# अफगानिस्तान में महिलाओं का जीवन बना नर्क, तालिबान की कैद में मिल रही यातनाएं

**काबुल , एजेंसी।**
अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के काबिज होने के बाद वहां के हालात लगातार बिगड़ते ही जा रहा हैं। अफगानिस्तान में महिलाओं के ताजा हालातों को लेकर संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में महिलाओं, लड़कियों को मनमाने ढंग से हिरासत में रखने पर चिंता व्यक्त की है।

खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने दावा किया है कि तालिबान शासन की जेलों में कैद महिलाओं के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हम तालिबान से आग्रह करते हैं कि वह महिलाओं के पहनावे पर लगाए गए प्रतिबंधों को तत्काल हटाए और इस बहाने लड़कियों को हिरासत में रखने पर रोक लगाए।

खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इन विशेषज्ञों ने अफगानिस्तान में तालिबान प्रशासन से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों को लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ सभी तरह के भेदभाव को खत्म करने का आग्रह किया है। क्योंकि अफगानिस्तान ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ड्रेस कोड के



उल्लंघन के लिए लड़कियों को जनवरी की शुरुआत में मनमाने ढंग से हिरासत में लेना शुरू किया गया था। सबसे ज्यादा पश्चिमी काबुल क्षेत्र में इन लड़कियों को हिरासत में लिया गया था। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि बामियान, दाइकुंडी, पंजशीर, बल्ख और कुंदुज प्रांतों में महिलाओं को हिरासत में लिया गया था। विशेषज्ञों ने बताया कि हिरासत में ली गई महिलाओं और लड़कियों को पुलिस थानों में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उन्हें एक दिन में केवल सिर्फ एक ही बार खाना दिया गया।

# ब्लूचिस्तान पर नियंत्रण की लड़ाई, लोगों की आवाज दबाने की कोशिश कर रहा ईरान और पाकिस्तान

**लंदन , एजेंसी।**
बलूच नेता और फ्री बलूचिस्तान मूवमेंट के प्रमुख हिरबेयर मैरी ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि पाकिस्तान और ईरान दोनों मिलकर कब्जे वाले बलूचिस्तान में बलूच राष्ट्र के खिलाफ युद्ध अपराध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 16 जनवरी और 18 को ईरान और पाकिस्तान दोनों ने पूर्व नियोजित युद्ध आक्रमण में निहत्थे बलूच नागरिकों के मिट्टी के घरों पर मिसाइलों और ड्रोन हमलों से बमबारी की, जिसमें 12 बलूच शहीद हो गए। साथ ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई अन्य घायल हो गए। बलूच नेता ने कहा कि हम अपनी मर्जी से कभी भी ईरान और पाकिस्तान में शामिल नहीं हुए। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान और उसके बाद सैन्य आक्रमण द्वारा बलूचिस्तान पर कब्जा कर लिया। मैरी ने



आगे कहा कि एक गलत धारणा के तहत, ईरानी और पाकिस्तानी दोनों शासक सोचते हैं कि बलूच लोग एक छोटा सा असंगठित राष्ट्र हैं। वे आक्रामक नियंत्रण नीति के तहत उन्हें आसानी से दबा सकते हैं और अपने अधीन कर सकते हैं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह भ्रम समाप्त होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, हम 40 मिलियन से अधिक लोग हैं जो हजारों वर्षों से अपनी धरती पर रह रहे हैं और 1666 से एक राष्ट्र राज्य के रूप में रह रहे हैं। लेकिन हमारे दुश्मनों की समस्या यह है कि वे धार्मिक कट्टरपंथी हैं, वे वास्तविकता का सामना नहीं कर सकते। बलूच नेता ने संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे 40 मिलियन से अधिक बलूच लोगों के खिलाफ पाकिस्तानी और ईरानी युद्ध अपराधों को नजरअंदाज न करें और उन अपराधों की जांच के लिए एक तथ्य-खोज मिशन बनाएं जो ईरान और पाकिस्तान दोनों दशकों से बलूच राष्ट्र के खिलाफ लगातार कर रहे हैं।

# यूके ने अपने नागरिकों को दी सलाह, न करें अफगानिस्तान की यात्रा, आतंकी हमले की जताई संभावना



**लंदन, एजेंसी।** यूके के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने ब्रिटिश नागरिकों को अफगानिस्तान की यात्रा न करने की सलाह दी है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट ने जानकारी दी है। एफसीडीओ के एक बयान के अनुसार, रमजान के महीने के दौरान अफगानिस्तान में ब्रिटिश नागरिकों को हिरासत में लिए जाने का काफी जोखिम है और आतंकवादियों द्वारा हमले करने की कोशिश करने की बहुत संभावना है। बयान में कहा गया है, आपको अफगानिस्तान की यात्रा नहीं करनी चाहिए। आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान में हमले करने की कोशिश करने की बहुत संभावना है। यह आतंकवादी हमलें धार्मिक स्थलों पर या उसके आसपास और रमज़ान के महीने जैसे धार्मिक आयोजनों और समारोहों के दौरान हो सकती है। बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति अस्थिर है। हवाईअड्डों सहित पूरे अफगानिस्तान में आतंकवादी हमलों का खतरा बना हुआ है। ब्रिटिश नागरिकों को हिरासत में लिए जाने का बड़ा खतरा है। हालांकि, टोलो न्यूज के अनुसार, तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा कि देश में सुरक्षा सुनिश्चित की गई है और विदेशी


THE PHOTON NEWS





# राजनीति में आये अभिनेता विजय बनेंगे नायक या खलनायक

तमिलनाडु की सियायत में सितारों की इंट्री का लंबा इतिहास रहा है। अब तमिल अभिनेता विजय ने भी अपनी पार्टी बनाकर राजनीति में आने का फैसला कर लिया है। सुपरस्टार की छवि रखने वाले विजय को नई पारी में जीत मिलेगी, वे नायक बनकर उभरेंगे या फिर मौजूदा दलों के लिए बाधा बनकर उभरेंगे, यह तो समय ही तय करेगा। यहां बतलाते चलें कि सुपरस्टार विजय ने राजनीतिक पार्टी तो बना ली है, लेकिन वो साल 2024 के आम चुनावों में हिस्सा नहीं लेंगे। वैसे आम चुनाव से पहले विजय ने पार्टी का ऐलान करके राज्य की राजनीति को ताजा हवा का झोंका तो दे ही दिया है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि उन्होंने साफ किया है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं बल्कि 2026 में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। तमिलनाडु की राजनीति में सितारों की बात करें तो एमजीआर, के करुणानिधि और जयललिता ने लगभग 50 वर्षों तक राज्य की राजनीति पर हुक्म चलाया। अभी भी करुणानिधि द्वारा बनाई गई डीएमके सत्ता में है। एम के स्टालिन राज्य के सीएम हैं। उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उनके उत्तराधिकारी के तौर पर भी देखा जा रहा है। बता दें कि एक्टर विजय ने ऐसे वक्त पर पार्टी बनाई है राज्य में डीएमके सत्ता में है और एआईएडीएमके खेमों में बंटी हुई है। अभिनय से राजनीति में आए विजयकांत का निधन हो चुका है। रजनीकांत स्वास्थ्य कारणों से अब राजनीति में सक्रिय नहीं है, तो वहीं केंद्र की सत्ता का काबिज बीजेपी राज्य में पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को मोर्चे पर लगाकर राज्य में अपनी पैठ बनाने में जुटी है। हालांकि अभिनेता विजय की पार्टी को लेकर चर्चा यह भी हो रही है कि 2026 को चुनावों में लड़ाई युवा और नए चेहरों के बीच ही होगी। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषक यही कह रहे हैं कि विजय राजनीति में किसके लिए नायक और किसके लिए खलनायक बनते हैं यह देखने वाली बात होगी।



# शाहिद कपूर और कृति सेनन चर्चाओं में

आजकल अपनी आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री कृति सेनन चर्चाओं में हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में शाहिद की जोड़ी कृति के साथ पहली बार बनी है। इस बीच फिल्म का तीसरा गाना रिलीज हो गया। इसका टाइटल 'तुम से' है। गाने में शाहिद और कृति एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। इसे सचिन-जिगर, राघव चैतन्य और वरुण जैन ने मिलकर गाया है। गाने के बोल इंद्रनील ने लिखे हैं। गाने को टी-सीरीज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इससे पहले फिल्म के दो गाने 'लाल पीली अखियां और अखियां गुलाब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। फिल्म का डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना साह ने मिलकर किया है। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें शाहिद रोबोट बनीं कृति के प्यार में डूबे नजर आए। फिल्म में गुजरे जमाने के दो दिग्गज स्टार धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया भी हैं।





# घटती कमाई के बावजूद फाइटर ने 150 करोड़ का आंकड़ा किया पार

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर इन दिनों चर्चा में है। हालांकि, जिस तरह से फिल्म को लेकर हो-हल्ला मचा हुआ था, इसने बॉक्स ऑफिस पर उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया। फिल्म कहानी और किरदारों से कहीं ज्यादा अपने एरियल एक्शन को लेकर चर्चा में है। फिल्म ने 22 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। आइए जानते हैं अब तक यह फिल्म कितने करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है। फाइटर ने अपनी रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को जहां 6 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई में और गिरावट दर्ज की गई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फाइटर ने 5.35 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़े और इसी के साथ भारत में फिल्म ने 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसकी कमाई लगभग 151.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। करीब 250 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म 9 दिनों में अब कहीं जाकर अपनी लागत वसूल पाई है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक कुल 253 करोड़ रुपये कमाए हैं। बॉक्स ऑफिस पर लगातार घट रही फिल्म की कमाई देख यह तो साफ है कि बॉक्स ऑफिस पर फाइटर का प्लेन बुरी तरह लडखड़ा गया है और 200 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने के लिए इसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय, संजीदा शेख और आशुतोष राणा जैसे सितारे भी फाइटर का हिस्सा हैं। उधर ऋषभ साहनी फिल्म के विलेन हैं। फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिन्होंने पिछली बार शाहरुख खान संग पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी। ऋतिक की फिल्म वॉर और बैंग बैंग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। फाइटर के जरिए ऋतिक-सिद्धार्थ तीसरी बार साथ आए हैं। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। ऋतिक को जल्द ही फिल्म वॉर 2 में देखा जाएगा, जिसके निर्देशन की कमान इस बार निर्देशक अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। फिल्म में साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे। फिल्म में उन्हें ऋतिक के साथ दो-दो हाथ करते देखा जाएगा। उधर दीपिका की फिल्म सिंघम अगेन कतार में हैं। इसके अलावा प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ पैन इंडिया फिल्म कल्कि 2898 एडी भी उनकी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।

# अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग!

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त की अनाउंसमेंट की थी। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म 'डॉन 3' को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म 'डॉन 3' का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। 'डॉन 3' फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं 'डॉन 3' का शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनो फिल्मों में शाहरूख खान ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

# कैलिफोर्निया हवेली से बाहर हो गए प्रियंका-निक


हालीवुड गायक निक जोनस और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी भव्य कैलिफोर्निया हवेली से बाहर चले गए हैं। दोनों के सपनों के घर में पानी के कारण फफूंद लग गई। इस वाकये के बाद कानूनी लड़ाई शुरू हो गई, जो अभी भी चल रही है। हालांकि, मई 2023 में दायर एक मुकदमे की एक प्रति के अनुसार पूल और स्पा ने अप्रैल 2020 के आसपास परेशानी पैदा करनी शुरू की दी, जिसमें वॉटरप्रूफिंग भी शामिल थी, जो मोल्ड संदूषण और संबंधित मुद्दों को बढ़ावा देती थी। लगभग उसी समय, डेक पर बारबेक्यू क्षेत्र में पानी का रिसाव दिखा। शिकायत में कहा गया है, इस रिसाव से डेक के ठीक नीचे आंतरिक रहने वाले क्षेत्र का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार घर की समस्याओं ने कथित तौर पर परिसर को रहने के लिए लगभग अनुपयुक्त और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से खतरनाक बना दिया है। इसके परिणामस्वरूप विचार की विफलता के साथ-साथ पर्याप्त और महत्वपूर्ण क्षति हुई है, जिसके लिए आवश्यक है कि खरीद और बिक्री को रद्द कर दिया जाए, मुकदमे में आगे यह भी कहा गया है कि जोनास और चोपड़ा अपने ट्रस्टी के माध्यम से क्षति की मांग कर रहे हैं। उनके वकील आगे तर्क देते हैं, विकल्प में वादी को मरम्मत की सभी लागतों की प्रतिपूर्ति की जानी चाहिए, साथ ही प्रतिवादियों के आचरण के कारण उपयोग के नुकसान और अन्य क्षति के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए।

सटीक लागत अभी तक निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन शिकायत के अनुसार, वॉटरप्रूफिंग मुद्दे 1.5 मिलियन डॉलर से अधिक होंगे और सामान्य क्षति लगभग 2.5 मिलियन डॉलर होने का अनुमान है। बता दें कि इस जोड़े ने सितंबर 2019 में 20 मिलियन डॉलर में लग्जरी संपत्ति खरीदी, जिसमें सात बेडरूम, नौ बाथरूम, एक शेफ की रसोई, तापमान नियंत्रित वाइन रूम, एक इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट, इंटीरियर बॉलिंग एली, एक होम थिएटर, एक मनोरंजन लाउंज, स्टीम शॉवर के साथ स्पा, जिम और बिलियर्ड्स रूम है।





# चंदू चैंपियन की फाइनल शूटिंग पूरी



ब्लॉकबस्टर चंदू चैंपियन की आख़िरकार फाइनल शूटिंग पूरी हो चुकी है! साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा प्रस्तुत कार्तिक आर्यन अभिनीत इस फिल्म में कार्तिक आर्यन का चौंकाने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन फिल्म का आकर्षक हिस्सा है! चंदू चैंपियन फिल्म में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के तीन बड़े नाम हैं – साजिद नाडियाडवाला, कबीर खान, और कार्तिक आर्यन साथ आएं हैं, इनका साथ आना दर्शकों के उत्साह को एक अलग लेवल पर लेकर जा रहा है. ये कहना गलत नहीं होगा कि ये साल की सबसे बेसबरी से इंतज़ार की जाने वाली फिल्म है, और अब उसने अपनी शूटिंग को ख़त्म कर लिया है।

इसके अलावा, फिल्म कार्तिक आर्यन को सिल्वर स्क्रीन पर पहले कभी न देखे गए अवतार को पेश करेगी और उनका चौंकाने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन दर्शकों को हैरान करने की गारंटी देता है। तो है न यह फिल्म में दर्शकों के लिए देखने लायक एक जबर्दस्त आकर्षण। कार्तिक और कबीर के पहले कोलैबोरेशन को दर्ज करते हुए, ये फिल्म साजिद नाडियाडवाला के साथ सत्यप्रेम की कथा की ब्लॉकबस्टर के बाद एक्टर की दूसरी फिल्म है। तीनो एक दिलचस्प सच्चाई पर आधारित कहानी के साथ जुड़ रहे हैं, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया था।





# पूनम पांडे पर बहुत ज्यादा भड़की राखी सावंत?

क्या सच में पूनम पांडे की मौत सर्वाइकल कैंसर से हुई या नहीं, ये सारा सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। महिला ने एक वीडियो बनाया है जहां उसने पुष्टि की है कि वह वास्तव में जीवित है, लेकिन पूरी पहल इस बीमारी के बारे में चर्चा शुरू करने के लिए थी जिसके बारे में भारतीय समाज में शायद ही बात की जाती है। उन्होंने कहा कि वह समाज और मीडिया के सभी वर्गों से प्यार और भावनाओं का प्रवाह देखकर अभिभूत हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि लोगों को समझना चाहिए कि उन्होंने ऐसा अभियान शुरू करने का फैसला क्यों किया। मॉडल पूनम पांडे जिंदा हैं। उनकी मौत की खबरों ने सभी को सदमें में डाल दिया था। 2 फरवरी को पूनम पांडे की मौत की खबरों ने पूरा दिन सुर्खियां बटौरा। सर्वाइक कैंसर को पूनम की टीम ने उनकी मौत की वजह बताया। राखी सावंत ने सहित कई सितारों ने पूनम पांडे की मौत पर दुखद संदेश पोस्ट किया। अब जब उन्होंने अपने जीवित होने की घोषणा की तब सभी ने उनकी ऐसी हरकत के लिए उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। राखी सावंत ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर मौत का झांसा देने के लिए पूनम पांडे की आलोचना की। कई सेलेब्स ने उनकी आलोचना करते हुए कहा है कि यह उन लोगों का पूरी तरह से मजाक है जो वास्तव में पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक/प्रचारित होने की सनक ने पीआर प्रबंधकों को अपने ग्राहकों को बढ़ावा देने के लिए नई ऊंचाइयों को छूने पर मजबूर कर दिया है। ऐसा लगता है कि पूनम पांडे को इसके लिए कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कई नेटीजन चाहते हैं कि कानून निर्माता सोशल मीडिया पर ऐसी फर्जी खबरों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। इस रिपोर्ट के कई लोगों पर चौंकाने वाले परिणाम हुए।

# ओटीटी पर भी हीरामंडी डेब्यू के लिए तैयार

'हीरामंडी' कलाकारों और निर्माताओं ने फिल्म के पहले लुक की झलक दिखाई। भंसाली अब ओटीटी पर भी मोस्ट अवेटेड वेबसीरीज हीरामंडी से डेब्यू करने वाले हैं। इसमें कई एक्ट्रेस एकसाथ नजर आएंगी। मेकर्स ने इसका फर्स्ट लुक रिवील कर दिया।

'हीरामंडी' के साथ भंसाली ने आजादी से पहले भारत में वेश्याओं के जीवन में प्यार और धोखे की कहानियों को बयां किया है। झलक से पता चलता है कि कभी तवायफ भी रानी की तरह रहा करती थीं। वीडियो की शुरुआत में मनीषा कोइराला अजीब सी मुस्कान के साथ दिखती हैं। इसके बाद अदिति राव रॉयल लुक में दिखती हैं। सोनाक्षी सिन्हा चेहरे पर गुस्से के साथ नजर आती हैं। ये सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक जिले 'हीरामंडी' की सांस्कृतिक वास्तविकता को दिखाती है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने एक्स (ट्विटर) पर फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 卐एक चकाचौंध भरी दुनिया में कदम रखिए, जहां प्यार और मुक्ति का टकराव होता है। महान रचनाकार भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी - द डायमंड बाजार की पहली झलक देखें।卐 नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर भी झलक दिखाई है। सीरीज में ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी मुख्य भूमिका में हैं। अभी इसकी ऑफिशियल स्ट्रीमिंग डेट अनाउंस नहीं की गई है। बता दें कि संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर हैं। भंसाली अब तक फैंस को 'हम दिल दे चुके सनम', 'देवदास', 'बाजीराव मस्तानी' जैसी शानदार फिल्मों की सौगात दे चुके हैं।

